समाचार
हॉक्सर
सत्यमेव जयते पाक्षिक

तमसो माँ ज्योतिर्गमय
Jh. E-news
ज.ह. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल (म.प्र.)

स्वीप प्लान 2018

चुनाव पत्रिका
विधानसभा निर्वाचन 2018

निर्वाचन साक्षरता क्लब

वर्ष-7 अंक-22 बैतूल, गुरुवार, 15 नवंबर 2018 पृष्ठ- 00

# लोकतंत्र की दीवार बनी

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल**




मप्र निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेशानुसार व जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप प्लान के अंतर्गत जेएच कॉलेज में लोकतंत्र की दीवार का निर्माण किया गया। जिसमें मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन, सचित्र, कविता, पेंटिंग, पोस्टर व बैनर आयोजन के संयोजक प्रो.मुकुंद चंदेल, पहसंयोजक डॉ.प्रगति डोंगरे द्वारा रासेयो के स्वयंसेवकों के सहयोग से लगाए गए। साथ ही जेएच कॉलेज के जय नारायण बालक छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक एलपी साहू ने छात्रों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलवाई और संकल्प पत्र भरवाते हुए आव्हान किया कि युवा अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। इस मौके पर जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे, युवा स्वीप समन्वयक प्रो.बीआर खातरकर, डॉ.पुष्पारानी आर्य, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.रमाकांत जोशी, एलपी साहू, डॉ.जीपी साहू, प्रो.महेन्द्र नावंगे, प्रो.शीतल गुजरे, प्रो.भावना झोड़,रिंकु पाटिल, नीरज ठाकुर, श्रेष्ठकांत गौर, विवेक पानकर, संतुलाल झरबड़े, कैम्पस एम्बेसेडर ललित तायवाड़े, कैलाश सनेसर, गिरधारी मालवी, अनंत श्रीवास्तव, नितेश सोनपुरे, विजय राठौर, गुलाबराव कनाठे सहित महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद था।

# युवा महोत्सव मतदाता जागरूकता की थीम पर हुआ संपन्न






बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में दो दिवसीय युवा महोत्सव मतदाता जागरूकता की थीम पर आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी एवं जिला सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. बी.आर. खातरकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला समन्वयक स्वीप प्लान डॉ. सुखदेव डोंगरे, कॉलेज प्रभारी डॉ. गोपाल साहू, महिला प्रभारी श्रीमती पुष्पारानी आर्य, डॉ. के.आर. मगरदे, डॉ. रमाकांत जोशी के अलावा महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं अतिथि विद्वान, कर्मचारी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ युवा महोत्सव में भाग लिया। सफल नेतृत्व के कारण महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की विधाओ में विशेष रूचि लाने में एवं उनकी प्रतिभाओ को राष्ट्रीय स्तर तक पहुचाने में अभूतपूर्व योगदान रहा है। इन्होने अत्यंत उत्साहित होकर महाविद्यालय स्तर पर ही नही बल्कि जिले के समस्त छात्र-छात्राओ में छिपी प्रतिभाओ को उच्च स्तर तक पहुचाने का कार्य किया है। युवा उत्सव मे ही नही बल्कि अन्य कार्यक्रमों मे भी इनका विशेष योगदान रहा है। जैसे वर्तमान मे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमो के माध्यम से इनके मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओ द्वारा विशेष नाटक की प्रस्तुति कर लोगो को मतदान के लिए प्रेरित किया गया है।

# थर्ड जेंडर्स पर बनी शार्ट फिल्म

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल**

मप्र निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन विभाग के आदेशानुसार जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी, जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में और प्रो.निहारिका भावसार के निर्देशन में थर्ड जेंडर्स पर 5 मिनट की शार्ट फिल्म बनाई गई है। इस फिल्म दिखाया गया है कि थर्ड जेंडर्स भी मतदान को उत्सुक हैं और वे भी मतदान के प्रति जागरूक हैं और थर्ड जेंडर्स भी कटिबद्ध है कि वे अपने स्तर पर मतदान के लिए जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहें हैं जिसमें वे घर-घर जाकर लोगों से संकल्प पत्र भरवा रहें हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि थर्ड जेंडर विशेष रूप से महिलाओं से मिलकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित कर रहें हैं। फिल्म में अमरदीप भालेकर, कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, अमित अहिरवार, सोनू कुशाह, कुंज सरले, मनोज बामने, अमोल नागले, भूपेन्द्र मालवीय, सलोनी बरवे, कल्पना झा, जयश्री झा आदि छात्रों ने काम किया है।



# मतदाता जागरूकता अभियान

भारतीय प्रजातंत्र स्वतंत्रता के 70 वर्षों में विश्व के अन्य देशों की अपेक्षा काफी मजबूत एवं परिपक्व हो चुका है। किंतु मतदाता का प्रतिशत कम होने से सभी मतदातओं का उसमें योगादन परिलक्षित नहीं हो पा रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुरूप म.प्र. में एवं बैतूल जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप प्लान प्रभारी श्री क्षितिज सिंघल के प्रभारी क्रियान्वयन से जिले में स्वीप प्लान एक अभियान की तरह गति पकड़ चुका है। इससे बैतूल जिले के मतदान प्रतिशत में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। जे.एच. कॉलेज बैतूल में भी स्वीप प्लान के प्रचार-प्रसार के प्रभावी भूमिका निभाई है। इसके तहत चित्रकला, रंगोली, नुक्कड़ नाटक, लोकतंत्र की दीवार बनाना, शर्ट फिल्म का निर्माण, महिला प्रोफेसरों द्वारा वार्ड में जाकर जागरूकता अभियान थर्ड जेन्डर को मतदाता के लिए प्रेरित करना आदि कार्यक्रमों से स्वीप प्लान का प्रचार-प्रसार गति पकड़ चुका है। ईवीएम मशीन के प्रदर्शन से भी 2 से 3 हजार विद्यार्थी लाभ ले चुके हैं। महिला प्राध्यपकों द्वारा वार्डों में जाकर मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. सुखदेव डोंगरे युवा अधिकारी प्रो. बलीराम खातरकर के प्रयासों से अभियान ने गति पकड़ ली है। इससे मतदान प्रतिशत में निश्चित ही वृद्धि होगी। यह हमारे प्रजातंत्र के लिए अत्यंत शुभ होगा।

**संपादकीय**
**डॉ. रमाकांत जोशी**

# जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न




बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में जिला निर्वाचन अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के आदेशानुसार स्वीपप्लान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी व जिला पंचायत सीईओ क्षितिज सिंघल एवं जिला सांस्कृतिक प्रभारी डॉ.महेश गुंजेले की उपस्थिति में आयोजित की गई है। महाविद्यालयीन जिला नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में बैतूल जिले के सभी विकासखंड के स्कूल, महाविद्यालयों और ओपन रूप से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता समन्वयक डॉ.पुष्पारानी आर्य व जेएच ईन्यूज के प्रधान संपादक डॉ.रमाकांत जोशी ने बताया कि कॉलेज स्तर पर 8, शाला स्तर पर 14 और ओपन स्तर पर 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक की भूमिका में हरिहर डोमने,सुधीर जोशी, श्रेणिक जैन, मौजूद रहे। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साह से भाग लेते हुए मतदान के लिए प्रेरित करने वाले आकर्षक चित्र बनाए। प्रतियोगिता में विजेताओं की घोषणा 1 नवम्बर को की जाएगी। प्रभारी प्रो.अर्चना सोनारे ने बताया कि इस तारतम्य में पुलिस ग्राउंड के सामने जिला स्तरीय रांगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिता में प्रथम शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही के रूपचंद मर्सकोले , द्वितीय शासकीय उगातर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर के अजय लिखितकर, तृतीय शासकीय कन्या उगातर माध्यमिक विद्यालय आमला की अल्फिया खान रहे। स्पर्धा में कुल 36 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# मतदाता जागरूकता विषय पर प्रश्नोत्तरी संपन्न

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल**

स्वीप प्लान मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जेएच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता की संयोजक डॉ.मीनाक्षी चौबे व डॉ.एसडी डोंगरे ने बताया कि इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में जेएच कॉलेज में जेएच कॉलेज बैतूल की टीम ने प्रथम स्थान, शासकीय कॉलेज भैंसदेही व आमला ने द्वितीय स्थान और शासकीय कॉलेज मुलताई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में शासकीय कॉलेज शाहपुर व शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल की टीम ने भी सहभागिता की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रो.अर्चना मेहता, प्रो.राजेश शेषकर, प्रो.नीरज गुप्ता, प्रो.श्रद्धा पटेल, प्रो.भारती संवेतिया, प्रो.सिद्धार्थ पंडोले, प्रो.मीना डोनीवाल, प्रो.अल्का पांडे, प्रो.अनिता सोनी की सराहनीय भूमिका रही।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.पुष्पारानी आर्य एवं संचालन डॉ.मीनाक्षी चौबे ने किया। कार्यक्रम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# थर्ड जेंडर्स से मिलकर किया जागरूक

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल**

जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी, जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में एवं प्रो.निहारिका भावसार के नेतृत्व में बायोटेक्निकल विभाग के छात्र-छात्राओं ने थर्ड जेंडर (किन्नर) के घर पहुंचे और उन्हें मतदान का महत्व बताया। श्री मौके पर प्रो.भावसार ने उन्हें मतदान की शपथ भी दिलवाते हुए संकल्प पत्र भरवाया। इस अवसर पर एक्स जेंडर्स ने कहा कि हम वोट अवश्य डालेंगे।

इस मौके पर अमरदीप भालेकर, ललित तायवाड़े, अमित अहिरवार, सोनू कुश्वाह, प्रकाश झरबड़े, कुंज सरले, अमोल नागले, भूपेन्द्र मालवीय आदि छात्र मौजूद थे।



# दिव्यांगों को दिलवाई मतदान की शपथ



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, डॉ.जीपी साहू, जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे जिला की उपस्थिति में दिव्यांगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति मतदान नहीं करेगा तब तक लोकतंत्र मजबूत नहीं होगा। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि दिव्यांगों की मतदान में सहभागिता, शासन द्वारा उनके लिए सर्वसुविधायुक्त मतदान केन्द्र बनाए जाएंगें। उन्होंने बताया कि अभी तक कॉलेज में कैम्पस ऐंम्बेसडर द्वारा 325 नवीन मतदाता परिचय पत्र बनाने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय बैतूल में जमा करवाएं हैं। कार्यक्रम में रासेयो दलनायक ललित तायवाड़े, प्रवीण परिहार, दिपाली पांडे, अमरदीप भालेकर, प्रकाश झरबड़े, मनोज बामने, गायत्री धुर्वे, रूपेश तायवाड़े, राजू बट्टी, विश्वनाथ धुर्वे, राजेश कपरिया आदि मौजूद थे।

# जेएच कॉलेज की महिला अधिकारी चला रहीं अभियान, शतप्रतिशत हो मतदान



**बैतूल।** जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने बताया कि महिलाओं में मतदान के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत जेएच कॉलेज बैतूल में समस्त महिला अधिकारी की भागीदारी सुनिनिश्चत की गई है। महिला प्रभारी प्राध्यापक डॉ. पुष्पारानी आर्य ने बताया कि अभियान का उद्देश्य महिला मतदाताओं को अधिकतम मतदान के लिए जागरूक करना, सभी महिलाओं को मतदान करने प्रेरित करने की जवाबदेही से अवगत कराना, चुनाव में मतदान का महत्व, मतदान की प्रक्रिया की जानकारी देना, मतदाता कार्ड संबंधी जानकारी, मतदान में दिव्यांगों, बुजुर्ग, महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं को प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी, चुनाव प्रक्रियाओं के सामान्य उगंघनों संबंधी जानकारी देना है।

# वोट हमारा हक ही नहीं दायित्व भी है, इसका उपयोग अवश्य करें

**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व समझाया।

इस अवसर पर वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष हेमंत बर्मा ने छात्र-छात्राओं से निष्पक्ष, निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। डॉ.एसडी डोंगरे ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वयंसेवक



मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करें। उन्होंन कहा कि वोट हमार अधिकार ही नहीं हमारा दायित्व भी है। इस अवसर पर डॉ.जीपी साहू, अमरदीप भालेकर, दलनायक ललित तायवाड़े, ज्योति चरपे, प्रकाश झरबड़े, अनुराधा यादव, आरती डोंगरे, वंदना गीते, लविका सोनी, मनोज बामने, विनोद धुर्वे, सतीश सलामे आदि मौजूद थे।

# रेल्वे स्टेशन पर स्वच्छता एवं मतदान के लिए संपर्क किया



**बैतूल।** जेएच कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बैतूल रेल्वे स्टेशन पर स्वच्छता एवं मतदान के लिए यात्रियों से संपर्क किया। रेल्वे प्रशासन के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में भी पूछा। वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार ने बताया कि स्वयंसेवकों ने मुसाफिरों से पीने के पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय, कूड़ेदान, रेल्वे कैंटिन की व्यवस्था, टिकिट बुकिंग, व्हील चेयर आदि सवालों को पूछकर फर्म भरे। इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक वीके पालीवाल, सीजीएस श्याम धुर्वे, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने स्वच्छता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर प्रो.राजेश शेषकर, ललित तायवाड़े, प्रकाश झरबड़े, अमरदीप भालेकर, मनोज बामने, गायत्री धुर्वे, रूपेश तायवाड़े, आकाश कुमार, संजय उइके, ज्योति चरपे, अनुराधा यादव, दिक्षा साबले, दिपाली पांडे, सलोनी सोनी, पगवी यदुवंशी आदि मौजूद थे।

# चुनावी पाठशाला आयोजित की गई



**बैतूल।** जेएच कॉलेज में डॉ.राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में रासेयो जिला संगठक डॉ.एसडी डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, डॉ.प्रगति डोंगरे की उपस्थिति में चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मतदान व चुनाव संबंधी जानकारी दी गई। डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। डॉ.डोंगरे ने कहा कि चुनावी पाठशाला में बताया मतदान कौन कर सकता है, वीपेट क्या होता है ?कैसे मतदान किया जाता है ? उन्होने मतदान संबंधी ज्ञिसाओं का जवाब दिया। इस अवसर पर दलनायक ललित तायवाड़े, प्रकाश झरबड़े, अमरदीप भालेकर, सतीश सलामे, निलेश बचले, गायत्री धुर्वे, अनुराधा यादव, अश्विनी आर्य, दीक्षा साबले, मनोज बामने, आकाश, सलोनी बरखे, भारती बिसोने, रिया घिड़ोढे, सीमा बारंगे, योगेश्वर पहाड़े, अंशुल पंवार, अंबिका राजुरकर आदि स्वंयसेवक मौजूद थे।

# संकल्प कोचिंग क्लास में किया संपर्क



**बैतूल।** जेएच प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी व डॉ.सुखदेव डोंगरे ने संकल्प कोचिंग क्लास में जाकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रो.निहारिका भावसार ने दुकान-दुकान जाकर दुकानदारों को मतदान के लिए उनके विज्ञापनों में मतदान करने हेतु स्लोगन का प्रदर्शन करने का निवेदन किया। डॉ.तिवारी ने बताया कि मतदान के लिए प्रेरित किया व संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर डॉ.तिवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों में अच्छा खासा उत्साह दिखा। इस अवसर पर रासेयो के स्वयंसेवक अमरदीप भालेकर, ललित तायवाड़े, निलेश नागले, दीपाली पांडे, गायत्री धुर्वे, सोनू कुशाह, अमित अहिरवार आदि मौजूद थे।

# मतदान केंद्र पर ईवीएम मशीन का किया प्रदर्शन



**बैतूल।** मराझिरी, गौठाना, सोनाहिल, टिकारी के मतदान केन्द्रों पर सेक्टर अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे और उनकी टीम द्वारा इवीएम मशीन और वीवीपेट का प्रदर्शन किया गया साथ ही स्थानीय लोगों को आमंत्रित कर मतदान प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर बीएलओ, शिक्षको, सचिव, ग्रामीणजनों डिमोस्ट्रेशन को वीवीपेट की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान करने में तकनीक को देखकर घबराएं नहीं और उत्साह के साथ मतदान करें। इस अवसर पर डॉ.रमाकांत जोशी, इंजीनियर दीपक सोनकर, बीएलओ समा खातरकर, इंदु धुर्वे, अर्चना तिवारी आदि मौजूद थे।

# डॉ.तिवारी ने युवाओं को ईवीएम, वीवीपेट तकनीक से कराया परिचित

**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं के समक्ष ईवीएम व वीवीपेट एवं दिखावटी मतदान का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर डॉ.तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाते हुए स्वयं मतदान करते हुए लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही। मंगलवार जेएच कॉलेज के दो हजार छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व और ईवीएम मशीन और वीवीपेट के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वीप प्लान जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे, युवा स्वीप समन्वयक प्रो.बलीराम खातरकर, डॉ.पुष्पारानी आर्य, डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ.खेमराज मगरदे, डॉ.अल्का पांडे, डॉ.जीपी साहू,



प्रो.सलील दुबे, डॉ.मीना डोनीवाल, मुख्य लिपिक अनवर कुरैशी, छात्रावास अधिक्षक एलपी साहू, डॉ.शेख सुलेमान, अमित आर्य,कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, निलेश नागले, अनुराधा यादव, निकिता उइके आदि मौजूद थे। महिला मतदाता जागरूकता के विषय पर कन्या छात्रावास अधिक्षिका शोभा शर्मा, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.प्रगति डोंगरे, स्वीप प्लान जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे, निहारिका भावसार, प्रिति नावंगे एवं 50 छात्राओं की उपस्थिति में रांगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं लेखन प्रतियोगिता संपन्न की गई। रांगोली प्रतियोगित में छाया नरवरे, स्वाति भूमरकर, आरती सेठिया, प्राची सूर्यवंशी, भाषण प्रतियोगिता में वर्षा काले, पूजा बनकर, अनिता पंडोले, मोनिका पाल, नारा लेखन प्रतियोगिता में अम्बिका पाटिल, रिंकी गोहे, रोशनी बारसे ने हिस्सा।

# बायोटेक्नोलॉजी ने किया महिला मतदाता जागरूकता



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा महिला मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कृष्णावी इंड्स्ट्री भिलवाटेक में जनसंपर्क किया।

इस इंड्स्ट्री में लगभग दो सौ से अधिक महिला टेलरिंग का प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्हें प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी एवं जिला संगठक डॉ.एसडी डोंगरे के मार्गदर्शन में एवं प्रो.निहारिका भावसार द्वारा महिला प्रशिक्षणार्थयों को मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई गई तथा उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें पिंक बूथ महिलाओं के अधिकार बताए, महिला रोजगार आदि के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के दिन अवकाश रहेगा और गर्भवती महिलाओं बुजुर्ग महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# प्रोफेसरों ने वार्डों में पहुंचकर महिलाओं को दिलाई शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ



**बैतूल।** जेएच कॉलेज की महिला प्रोफेसरों ने शहर के हमलापुर, सुभाष वार्ड एवं दुर्गावार्ड में महिला मतदाताओं को जागरूक करने अभियान चलाया। महिला प्रोफेसर डॉ. अल्का पांडे, डॉ. मीना डोलीवाल एवं प्रो. अर्चना सोनारे ने वार्डों में पहुंचकर महिलाओं को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रो. मीना डोलीवाल ने बताया वार्डों में जाकर महिलाओं को मतदान की प्रक्रिया के साथ ही मतदान केंद्रों पर गर्भवती, बुजुर्ग एवं दिव्यांग महिलाओं को मिलने वाले सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने वीवीपेट मशीन, मतदान के समय की जानकारी दी।

इसके साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लिए महिलाओं को शपथ दिलाई। उसमें शपथ पत्र भरवाए। महिलाओं ने भी आश्वासन दिया कि वे अपने मत का उपयोग करेंगी।

# नुक्कड़ नाटक जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जेएच कालेज प्रथम

**बैतूल।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का दो स्तरों पर आयोजन किया गया। जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी महेश गुंजेले ने बताया कि जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर शंशाक मिश्र के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी स्वीप क्षितिज सिंघल के द्वारा जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी बीएस बिसोरिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि दो स्तरो पर आयोजित हुई प्रतियोगिता जो सुबह 11 बजे दलों द्वारा सदर बाजार में रैली निकालकर मतदाता जागरूकता के नारे एवं गीतों के माध्यम से प्रचार किया। इस दौरान मतदाता जागरूकता के तहत महाजन हास्पीटल के पास शा.उत्कृष्ट विद्यालय चिचोली, जेएच कालेज बैतूल, शा.हाईस्कूल माथनी, उत्कृष्ट विद्यालय प्रभातपट्टन, उत्कृष्ट विद्यालय भीमपुर, शा उत्कृष्ट विद्यालय घोड़ाडोंगरी के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। बड़ी



संख्या में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगो ने नाटकों को देखा और मतदान प्रणाली को समझा। इसके बाद द्वितीय सत्र में शाम 3 बजे लल्ली चौक चौराहे पर शा.बालक उ मा. विद्यालय शाहपुर, उत्कृष्ट विद्यालय आठनेर, शा.कन्या.उ.मा विद्यालय आमला, शा महाविद्यालय भैंसदेही, शा.कन्या.उ.मा विद्यालय आठनेर के दलों ने नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुती दी। विकासखंड नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में 32 दलों एवं जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में 12 दलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक दल द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए, जिन्हें संकलित कर मतदाता जागरूकता के प्रचार-प्रसार में उपयोग किए जाएगें। प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार 5 हजार रूपए जेएच, कालेज बैतूल, द्वितीय पुरूस्कार 3 हजार रूपए शा.हाई स्कूल माथनी तथा तृतीय पुरूस्कार 1 हजार रूपए उत्कृष्ट विद्यालय चिचोली को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार प्रत्येक विकासखण्ड पर प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार 3 हजार रूपए, द्वितीय पुरूस्कार 2 हजार रूपए तथा तृतीय पुरूस्कार 1 हजार रूपए वितरित हुए। प्रतियोगिता में जिला योजना अधिकारी शिक्षा विभाग सुबोध शर्मा, जेएच कालेज प्राध्यापक एसडी डोंगरे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एनएल आठोले, जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी महेश गुंजेले, प्राचार्य शा हाईस्कूल भरकावाड़ी उषा पालीवाल, प्राचार्य शा.हाई स्कूल कन्या सदर चंदा दीक्षित का सहयोग सराहनीय रहा।

## मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली स्पर्धा हुई आयोजित



बैतूल। रंगोली के माध्यम से वोटरों से मतदान करने की अपील की गई।

बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मतदाता जागरूकता (स्वीप प्लान) के तहत प्रतियोगिता संयोजक प्रो. अर्चना सोनारे के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान रितिका भूषण, द्वितीय शीतल उइके, तृतीय सिमरन जैन ने प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली के माध्यम से मतदान की अपील की। निर्णायक के रूप में हरिहर सोमने, सुधीर जोशी, सुधीर मालवीय मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला संयोजक डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो. वी.आर. खातारकर, डॉ. रमाकांत जोशी, प्रो. मुकुंद चंदेल, डॉ. मीना डोनीवाल, [illegible] ललित लाखाडे, [illegible] प्रकाश इवनाते, [illegible] गायत्री धुर्वे, अभिषेक आर्य, मनोज चामने, सतीश मलावे, दिपाली पांडे मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता पर स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

बैतूल। दिनांक 2 सितंबर 2018 को जे.एच. कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। स्वयं सेवकों की रैली जेएच कॉलेज से निकली जो मतदाताओं के बीच पहुंची और जागरूकता की अलख जगाई।







बैतूल। जेएच कॉलेज की कन्या छात्रावास में अधीक्षिका शोभा, प्रमति डोंगरे, अनिता सोनी, जिला समन्वयक स्वीप प्लान डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा छात्राओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

## मतदाता जागरूता में नया प्रयोग



बैतूल। जे.एच. कॉलेज के होनहार छात्र ने भैंस को भी मतदाता जागरूकता का जरिया बना दिया। ग्रामीण मतदाताओं के लिए यह संदेश काफी रोचक साबित हुआ। भैंस चराने जाने से पहले मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि सबसे पहले मतदान करने जाना..फिर तुम अपनी भैंस चराना...। यह काफी रोचक रहा।



बैतूल। जेएच कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा कोठीबाजार स्थित दुकानों में जाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की जानकारी दी एवं मतदाताओं से शपथ पत्र भी भरवाए गए।

# जे.एच. कॉलेज में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन





बैतूल। शासकीय जेएच कॉलेज से पुरुष वर्ग में रवि गंजाम विजेता रहे । जबकि महिला वर्ग में लक्ष्मी मर्सकोले, कल्पना उईके विजेता रहे। जिले से शासकीय महाविद्यालय मुलताई, शासकीय महाविद्यालय शाहपुर, शासकीय महाविद्यालय सारनी। प्रतियोगिता में क्रीड़ा अधिकारी निलीमा पीटर, अशोक यादव, नीलप्रभा खांडवे, श्री विजय पहाड़े आदि उपस्थित थे।

# कॅरियर मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया





**बैतूल।** ज.हॉ.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन एवं स्थानन प्रकोष्ठ अपने नाम के अनुरूप विद्यार्थियों के कॅरियर के लिए सजग एवं निरंतर क्रियाशील है। इस वर्ष विधानसभा एवं लोकसभा चुनावो को दृष्टिगत रखते हुए मतदान नामावली में नाम जुडवाने एवं मतदाता जागरूकता के लिए प्रकोष्ठ द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे है प्रकोष्ठ में 05 समाचार पत्रों के अलावा साप्ताहिक रोजगार निर्माण और रोजगार समाचार पत्रो से विद्यार्थी समसामयिक घटनाओं के साथ नौकरी के अवसरो की जानकारी प्राप्त करते है। साथ ही उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से चुनावी प्रक्रियाओं एवं चुनाव आयोग द्वारा प्रदत्र विभिन्न सुविधाओं की जानकारी मिल रही है।

कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ.ज्योति शर्मा एवं सदस्य डॉ.मीना डोनीवाल, डॉ.मीनाक्षी चौबे एवं प्रो.सलिल दुबे के सहयोग से प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन देने के साथ ही विद्यार्थियों को प्रजातंत्र में वोट की महत्रा बताते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी प्रकोष्ठ की गतिविधियों के प्रति सजग एवं जागरूक है प्रकोष्ठ द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षणों के संबंध में उनका आग्रह है कि समय की मांग एवं रोजगार परक प्रशिक्षणो का आयोजन किया जाये। प्राचार्य महोदय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, महिला जागरूकता एवं शत् प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। सत्र 2018-19 में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा भोपाल के शैक्षणिक कैलेण्डर अनुसार प्रतिमाह कॅरियर विषयक व्याख्यान आयोजित किए गए इसके अन्तर्गत । 18 जुलाई 2018 को डॉ.पुष्पारानी आर्य ने शून्य कक्षाओं मे कॅरियर नियोजन का महत्व बताया एवं नवमतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुडवाने की प्रक्रिया समझाई 17 अगस्त 2018 कों हरिहर डोमने ने चित्रकला एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण में मतदान, मतदान केन्द्र, जागरूकता रैली विषयो रा प्रशिक्षण दिया। इसी प्रकार 11 सितम्बर 2018 को श्री कृष्ण कुमार पारधे द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं मे अंग्रेजी भाषा ज्ञान एवं 22 अक्टूबर 2018 को पुरुषोत्तम मासोदकर द्वारा अग्निशमन एवं सुरक्षा । आदि विषयो पर महत्वपूर्ण व्याख्यान देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। प्रकोष्ठ द्वारा मतदाता जागरूकता मतदान में महिलाओं का प्रतिशत बढ़ाने एवं नये मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है इस हेतु सितम्बर माह में चित्रकला, पोस्टर एवं कोलॉज के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया गया। प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ.मीना डोनीवाल द्वारा महिला जागरूकता अभियान के अन्तर्गत हमलापुर के सुभाष वार्ड एवं दुर्गा वार्ड में जाकर महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ निरंतर छात्र हित एवं मार्गदर्शन के लिए संकल्पित है।

समाचार हॉक्सर पाक्षिक
सत्यमेव जयते
तमसो माँ ज्योतिर्गमय
Jh.E-news
चुनाव पत्रिका
स्वीप प्लान 2018 | विधानसभा निर्वाचन 2018 | निर्वाचन साक्षरता क्लब
वर्ष-7 | अंक-23 | बैतूल, सोमवार, 26 नवंबर 2018 | पृष्ठ- 06

# जे.एच. कॉलेज में चुनाव पत्रिका का हुआ विमोचन

**जे.एच. ई न्यूज़, बैतूल**



जेएच कॉलेज बैतूल में निर्वाचन साक्षरता क्लब की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत क्षितिक्ष सिंघल के आतिथ्य में और जेएच कॉलेज बैतूल प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, प्राचार्य शाहपुर डॉ.महेन्द्र गिरी, प्राचार्य आमला डॉ.पीके मिश्रा, प्राचार्य मुलताई डॉ.वर्षा खुराना, प्राचार्य भैंसदेही डॉ.जितेन्द्र दवंडे, प्राचार्य पोलेटेक्निक श्री भदोरिया, आईटीआई कन्या प्राचार्य श्री टांडेकर, आईटीआई प्राचार्य श्री चंदेलकर, जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे, की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के दौरान चुनाव पत्रिका का विमोचन किया गया।

इस पत्रिका का संपादन डॉ.रमाकांत जोशी एवं डॉ.सुखदेव डोंगरे द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री सिंघल ने कहा कि यह चुनाव पत्रिका मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका अदा करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय तथा आईटीआई में संकल्प पत्र और भरवाए जाए व 21 नवम्बर तक कॉलेज आईटीआई सुविधानुसार मतदाता जागरूकता की थीम पर खेलकूद प्रतियोगिता जैसे कबड्डी, वालीबाल, क्रिकेट, 100-200 मीटर की दौड़, भाला, गोला, चकती, फैंक तथा लड़कियां की कुर्सीदौड़ प्रतियोगिता संपन्न करायें। उन्होंने कहा कि आज शनिवार 10:45 बजे आकाशवाणी से कलेक्टर द्वारा एक साथ शपथ दिलाई जाएगी इसलिए सभी संस्था के अधिकारी व कर्मचारी संस्था में उपस्थित रहेंगे एक साथ शपथ ग्रहण करेंगे संस्था प्रमुख रेडियो अवश्य उपलब्ध कराएंगे। बैठक में बीवीएम के प्राचार्य डॉ.कृष्णा खासदेव, सहित शासकीय, अशासकीय कॉलेज के प्राचार्य, युथ स्वीप समन्वयक बीआर खातरकर, जेएच कॉलेज के कैम्पस एम्बेसेडर आदि मौजूद थे।

# पापा वोट जरूर देना, पोस्ट कार्ड लिखकर दिया संदेश



**जे.एच. ई न्यूज़, बैतूल**

जेएच कॉलेज बैतूल में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल के आदेशानुसार प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी एवं जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संयोजक डॉ.अनिता सोनी, डॉ.रमाकांत जोशी, प्रो.मुकुंद चंदेल, डॉ.प्रगति डोंगरे, प्रो.निहारिका भावसार, कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, अमरदीप भालेकर, दीपाली पांडे द्वारा छात्र-छात्राओं ने पोस्ट कार्ड लिखवाए।

इस मौके पर डॉ.डोंगरे ने बताया कि विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय, कला संकाय के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने परिजनों से अनिवार्य रूप से मतदान करने का निवेदन किया। जिसमें संदेश देते हुए वोट का महत्व बताया गया और लोकतंत्र की मजबूती के लिए इसे जरूरी बताया गया।

डॉ.अनिता सोनी ने बताया कि आज शनिवार को नौ सौ छात्र-छात्राओं ने अपने परिजनों को पोस्ट कार्ड लिखे। पोस्ट कार्ड लेखन में मनोज बामने, मनीष कोशे, मोहन परमार, सलोनी सोनी, निकिता उइके,सलोनी बरवे आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# मतदाता जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन



**जे.एच. ई न्यूज़, बैतूल**

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग बैतूल द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2018 में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किए जाने के उद्देश्य से शनिवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

सुबह 8 बजे स्थानीय पुलिस ग्राउंड बैतूल से मैराथन दौड़ को कलेक्टर शशांक मिश्र द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। दौड़ मैकेनिक चौक, शनि मंदिर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने से मुख्य डाकघर से होकर पुनः पुलिस ग्राउंड पर पहुंची। इस दौड़ में जिले के समस्त विभाग प्रमुख अधिकारी, कर्मचारी, महाविद्यालय, विद्यालयों के छात्र, खिलाड़ी आदि शामिल हुए। मैराथन दौड़ में पुलिस अधीक्षक डी.आर. तैनीवार, जिला शिक्षा अधिकारी बी.एस. बिसोरिया, जे.एच. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. कमलेश अहिरवार, क्रीड़ा अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, डॉ. खुशाल देवधरे, युवा स्वीप समन्वयक डॉ. बी.आर. खातरकर, कैंपस एम्बेसेडर ललित तायवाड़े सहित महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी के बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए।

# मतदाता जागरूकता अभियान

बैतूल जिले में मतदाता जागरूकता अभियान कलेक्टर शशांक मिश्र के मार्गदर्शन एवं स्वीप प्लान प्रभारी अधिकारी क्षितिज सिंघल के निर्देशों के अनुसार बहुत ही प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित किया गया है। जिसके सुखद परिणाम मतदान के बाद बढ़े हुए प्रतिशत के रूप में निश्चित ही सामने आयेंगे। जे.एच. कॉलेज में भी प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी एवं जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, यूथ स्वीप प्रभारी बी.आर. खातरकर, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू द्वारा कलेक्टर महोदय के निर्देशों का पालन कर इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू कर विभिन्न प्रतियोगिताओं, स्पोर्ट्स कैरियर काउंसिलिंग, व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ, महिला जागरूकता, लोकतंत्र की दीवार, पोस्टकार्ड लिखना, संकल्प पत्र भरवाना, मैराथन दौड़ का आयोजन, लोक गायन प्रतियोगिता, चुनावी पाठशाला, कार्तिक पूर्णिमा मेलों में जागरूकता, विवाह एवं सगाई कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता, दिव्यांगों में मतदाता जागरूकता, पालक सम्मेलन द्वारा मतदाता जागरूकता, चौपाल, नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदाता जागरूकता, कैंटीन में चाय की टेबिल पर मतदाता जागरूकता की चर्चा, चित्रकला रांगोली, दीवार पेंटिंग के माध्यम से मतदाता के मन पर एक अनोखा प्रभाव छोड़कर उसे जाग्रत करने एवं उसके मनोस्थिति बदलने का प्रभावी प्रयास किया गया है। जिसके परिणाम निश्चित ही हमें सकारात्म एवं बहुत अच्छे मिलेंगे।

**संपादकीय**
**डॉ. रमाकांत जोशी**

# मैं कलेक्टर बैतूल बोल रहा हूं, जिले को मतदान में शीर्ष पर ले जाना है

## रेडियो पर दिया संदेश, दिलाई शपथ



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** शनिवार को सुबह10:55 बजे कलेक्टर बैतूल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल शशांक मिश्र द्वारा आकाशवाणी बैतूल द्वारा सभी से मतदान की अपील और शपथ ग्रहण करवाई। इसी परिपालन में जेएच कॉलेज बैतूल कॉलेज प्रबंधन द्वारा शपथ ग्रहण की गई। रेडियो संदेश में श्री मिश्र ने कहा कि मैं बैतूल कलेक्टर बोल रहा हूं, हम बैतूल जिले के मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करेंगे और जिले को मप्र में सर्वोच्च मतदान के लिए शीर्ष स्थान पर ले जाएंगे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि इस संदेश ने प्रेरणा का काम किया है। कॉलेज में अनिवार्य मतदान के लिए संकल्प पत्र भरवाए गए। जेएच कॉलेज बैतूल में डॉ.अनिता सोनी और डॉ.मीना डोनीवाल ने स्वरचित मतदाता जागरूकता पर आधारित काव्यपाठ किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ.एसडी डोंगरे, डॉ.पुष्पारानी आर्य, डॉ.रमाकांत जोशी, युवा समन्वयक प्रो.बीआर खातरकर, डॉ.अल्का पांडे, डॉ.अर्चना सोनारे, रुपाली साहू, शोभा शर्मा, प्रो.सलील दुबे, डॉ.जीपी साहू, अनंत श्रीवास्तव, पंकज बारस्कर, मो.अनवर कुरैशी, कॉलेज प्रबंधन सहित दो हजार से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# पालक सम्मेलन में बताया मतदान हमारा राष्ट्रीय दायित्व



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज में मतदाता जागरूकता को लेकर पालक सम्मेलन दीप से दीप जले थीम को लेकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दीपावली के दीपों के एक बार फिर से जलाकर समृद्धि करना व देश के प्रजातंत्र को वोट देकर और मजबूत करने की बात कही। सभी पालकों के हाथों में मोमबत्ती देकर उन्हें प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर एक सैकड़ा से ज्यादा पालक मौजूद थे। प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि मतदान हम सबकी जिम्मेदारी है आप मतदान करें, परिजनों और आस-पास के लोगों से भी करवाएं। मतदान हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। कार्यक्रम में पालकों को ईवीएम वीवी पेट मशीन का प्रदर्शन कर दिखाया और समझाया गया। इस अवसर पर स्वीप प्लान सहसंयोजक डॉ. एसडी डोंगरे, कार्यक्रम संयोजक डॉ.अल्का पांडे, सदस्य डॉ.मीना डोनीवाल, प्रो.अर्चना सोनारे, डॉ.विजेता चौबे, डॉ. पुष्पारानी आर्य, डॉ.धमेन्द्र, डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ.अर्चना मेहता, डॉ.निलाक्षी चौबे, प्रो.मुकुंद चंदेल, डॉ.जीपी साहू, कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रोशनी कनाठे ने किया।

# कन्या छात्रावास में भरवाए संकल्प पत्र

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कॉलेज के कन्या छात्रावास में स्वीप प्लान जिला समन्वयक डॉ.एसडी डोंगरे के मार्गदर्शन में छात्राओं से संकल्प पत्र भरवाए गए। इस अवसर पर डॉ.अनिता सोनी, डॉ.प्रगति डोंगरे,डॉ.रमाकांत जोशी, प्रो.निहारिका भावसार, प्रो.प्रीति नावंगे हॉस्टल की छात्राएं छात्रावास अधीक्षिका शोभा शर्मा, अनीता पंडोले, रोशनी बारसे, आरती सेठिया, अंबिका पाटिल, स्वाती भूमरकर, वर्षा काले, देवकी वागद्रे, अमिसा घोरे, वैशाली चढ़ोकार, सोनाली चढ़ोकार, दयाराम नरवरे, लक्ष्मी वरकड़े, मोनिका पाल, निशा भलावी मौजूद थी। इस मौके पर छात्राओं ने कहा कि वे 28 नवम्बर को अपने गांव पहुंचकर मतदान अवश्य करेंगे और अपने माता-पिता सहित आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।



# जे.एच. कॉलेज ने जिलेभर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चलाया मतदाता जागरूकता अभियान....

## मतदाता जागरूकता पत्रिका का विमोचन




**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जे.एच. कॉलेज में शाहपुर महाविद्यालय की चुनाव पत्रिका का जिला पंचायत सीईओ क्षितिज सिंघल, प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, प्राचार्य डॉ. महेंद्र गिरी की उपस्थित में विमोचन किया गया।

## दुल्हा-दुल्हन से भराए संकल्प पत्र



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, बालाजी महाविद्यालय चिचोली के प्राचार्य डॉ. निगम के मार्गदर्शन में महिला प्रोफेसर ने दुल्हा-दुल्हन से मतदान के लिए संकल्प पत्र भरवाए।

## शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** मतदाता जागरूकता थीम पर जे.एच. कॉलेज में क्रिकेट प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्राचार्य राकेश कुमार तिवारी द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

## कार्तिक मेले में मतदाता जागरूकता



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जे.एच. कॉलेज के रासेयो के स्वयं सेवकों के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेला मुलताई में ताप्ती जी के तट पर श्रद्धालुओं को किया मतदान के लिए जागरूक।

## दिव्यांगों के लिए लगाई चुनावी पाठशाला



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** प्राचार्य राकेश कुमार तिवारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. अल्का पांडे के संयोजन में दिव्यांगों के लिए चुनावी पाठशाला में ईवीएम तथा वीवीपेट तकनीक से परिचित करवाया।

## चौपाल पर चुनावी पाठशाला का आयोजन




**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** महिला प्राध्यापक डॉ. पुष्पा रानी आर्य, डॉ. अल्का पांडे, डॉ. मीना डोनीवाल, प्रो. अर्चना सोनारे ने हमलापुर चौपाल पर लगाई चुनावी पाठशाला।

## दिव्यांगों को बताया मतदान का महत्व



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू एवं कैंपस एंबेसेडर ललित तायवाड़े द्वारा दिव्यांग ग्रामीणजनों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

## गांवों से घरों तक जागरूकता के लिए दी दस्तक



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगर के मार्गदर्शन में कैंपस एंबेसेडर ललित तायवाड़े एवं अन्य छात्रों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर वृद्धजन को किया मतदान के लिए प्रेरित।

# पिंक पोलिंग बूथ पर मतदान के लिए किया जागरूक



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जिला मुख्यालय पर कारगिल चौक के पास अम्बेडकर भवन में तैयार किए गए पिंक बूथ पर शनिवार को नव मतदाताओं जिनमें मुख्यत: छात्र-छात्राएं शामिल थे, को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान कलेक्टर शशांक मिश्र भी मौजूद थे। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री क्षितिज सिंहल ने इस दौरान छात्र-छात्राओं को मतदान करने की प्रक्रिया विस्तार में समझाई। इस दौरान उन्होंने बताया कि उक्त पिंक बूथ प्रतिदिन खुला रहेगा, जहां आकर मतदाता मतदान देने की प्रक्रिया को समझ सकते हैं। इस अवसर पर ईवीएम और वीवीपेट के बारे में भी बताया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वी.एस. बिसोरिया, महाविद्यालय के जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. रमाकांत जोशी भी मौजूद थे।

# स्वनिर्मित आमंत्रण पत्र से दिया मतदान का न्यौता




**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जे.एच. कॉलेज बैतूल के माइक्रोबायोलॉजी की छात्राओं द्वारा 300 सुंदर और आकर्षक स्व निर्मित आमंत्रण पत्र बनाकर बैतूल जिले के बाहर पढ़ रहे विद्यार्थियों को एवं पालकों को 28 नवंबर 2018 विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए न्यौता दिया। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम संयोजक डॉ. अल्का पांडे के निर्देशन में आमंत्रण पत्र का संयोजन किया गया।

# जेएच कॉलेज में कुल 5327 लोगों ने भरा संकल्प पत्र



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मंगलवार को जिले के सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय में प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक साथ सामूहिक रूप से छात्र-छात्राओं से 28 नवम्बर को अनिवार्य मतदान को लेकर संकल्प पत्र भरवाए गए। जेएच कॉलेज संकल्प पत्र प्रभारी डॉ.रमाकांत जोशी ने बताया कि महाविद्यालय में कुल 6285 छात्रों में से 2784 छात्रों से, पालकों व अन्य से 1238, 20 नवंबर के पूर्व भरवाए गए। इस तरह कुल 5327 संकल्प पत्र भरवाए गए। स्वीप प्लान जिला समन्वयक डॉ.एसडी डोंगरे ने सबसे अधिक संकल्प भरवाने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय छात्रों को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ.अनिता सोनी, डॉ.मीना डोलीवाल, डॉ.अल्का पांडे, प्रो.मुकुंद चंदेल, डॉ.प्रगति डोंगरे, डॉ.भारती सेवतीया, प्रो.निहारिका भावसार, अनंत श्रीवास्तव, गिरधारी मालवीय, अमित अहिरवार, अमरदीप भालेकर, अनुराधा यादव, अनमोल नागले, निकिता मिश्रा, ज्योति चरपे, करुणा यादव, छात्र-छात्राएं, कॉलेज प्रबंधन सहित बड़ी संख्या में पालकगण मौजूद थे।

## निर्वाचन साक्षरता क्लब के सामने मतदान के लिए प्रेरित करते हुए प्राध्यापक

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जे.एच. कॉलेज में एनएसएस , एनसीसी, स्पोर्ट्स छात्रावास, कैंपस एंबेसेडर, विधानसभा निर्वाचन 2018 स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब के सामने मतदान के लिए मतदाताओं को प्राध्यापकों ने प्रेरित किया। जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, एनसीसी प्रभारी डॉ. कमलेश अहिरवार, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू, क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर, छात्रावास अधीक्षिका शोभा शर्मा, कैंपस एंबेसेडर ललित तायवाड़े, अमरदीप भालेकर, प्रो. निहारिका भावसार, अमित अहिरवार, अमोल नागले, सोनू कुशवाहा, कुंज सरले, सुमित अहिरवार, लक्की इंगले, पियूष लोनारे, निकिता मिश्रा, अनुराधा यादव, दीक्षा साबले ने सक्रियता से काम किया।



# संविधान सभा में मतदाता जागरूकता की चर्चा

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जे.एच. कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, यूथ स्वीप समन्वयक डॉ. बी.आर. खातरकर, प्रो. डॉ. के.आर. मगरदे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. रमाकांत जोशी, डॉ. मीना डोनीवार, प्रो. सलील दुबे, प्रो. अशोक कदवाने, डॉ. हेमंत वर्मा, प्रो. मुकुंद चंदेल, प्रो. अर्चना सोनारे, डॉ. प्रगति डोंगरे, प्रो. राजेश शेषकर, डॉ. गोपाल



प्रसाद साहू, डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. एकनाथ निरापुरे, प्रो. अशोक दभाड़े, प्रो. महादेव वानखेड़े के अलावा महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संविधान सभा में प्राचार्य द्वारा संविधान को मानने एवं सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई। राजनीति शास्त्र के डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्वारा संविधान में लोकतंत्र के महत्व को बताया गया।

## मतदान एक अधिकार पर बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में जिला समन्वयक डॉ.




सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में डाक्यूमेंट्री फिल्म मतदान एक अधिकार का निर्माण किया गया। जिसमें प्रो. निहारिका भावसार एवं छात्र अमित अहिरवार, अमोल नागले, सोनू कुशवाहा, कुंज सरले, सुमित अहिरवार, लक्की इंगेले, पियूष लोनारे, निकिता मिश्रा, अनुराधा यादव, दीक्षा साबले द्वारा सक्रिय योगदान के कारण मतदान एक अधिकार डाक्यूमेंट्रि फिल्म का निर्माण हो सका है।

## लोकतंत्र की दीवार पर बनी लघु फिल्म

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक मिश्र, मुख्य



कार्यपालन अधिकारी क्षितिज सिंघल के आदेश पर प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे के निर्देशन में लोकतंत्र की दीवार लघु फिल्म का निर्माण जे.एच. कॉलेज के द्वारा किया। जिसमें प्रो. निहारिका भावसार एवं छात्र अमित अहिरवार, अमोल नागले, सोनू कुशवाहा, कुंज सरले, सुमित अहिरवार, लक्की इंगेले, पियूष लोनारे, निकिता मिश्रा, अनुराधा यादव, दीक्षा साबले, ललित तायवाड़े, अमरदीप भालेकर, दीपाली पांडे ने लघु फिल्म निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रजातंत्र पर बनी लघु फिल्म

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक मिश्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षितिज सिंघल के आदेश पर प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे के निर्देशन में प्रजातंत्र पर लघु फिल्म का निर्माण जे.एच. कॉलेज के द्वारा किया गया। प्रजातंत्र पर बनी लघु फिल्म में यूथ स्वीप समन्वयक प्रो. बी.आर.



खातरकर, प्रो. निहारिका भावसार एवं छात्र अमित अहिरवार, अमोल नागले, सोनू कुशवाहा, कुंज सरले, सुमित अहिरवार, लक्की इंगेले, पियूष लोनारे, निकिता मिश्रा, अनुराधा यादव, दीक्षा साबले, ललित तायवाड़े, अमरदीप भालेकर, दीपाली पांडे ने फिल्म निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पालक सम्मेलन पर बनी लघु फिल्म

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक मिश्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षितिज सिंघल के आदेश पर प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे के निर्देशन में पालक सम्मेलन पर लघु फिल्म



का निर्माण जे.एच. कॉलेज के द्वारा किया गया। प्रजातंत्र पर बनी लघु फिल्म में यूथ स्वीप समन्वयक प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अल्का पांडे ने फिल्म निर्माण कराया।।

### गोला फेंक प्रतियोगिता



**जे.एच. ई न्यूज बैतूल।** जे.एच. कॉलेज में क्रीड़ा अधिकारी सुश्री निलिमा पीटर के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान की थीम पर एथलेटिक्स संपन्न कराए।

### क्रिकेट मैच



**जे.एच. ई न्यूज बैतूल।** जे.एच. कॉलेज में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी एवं क्रीड़ा अधिकारी सुश्री निलिमा पीटर के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान की थीम पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# जेएच कॉलेज की लघु फिल्म फर्ज को मिला प्रथम स्थान

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल**

प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में नेतराम रावत के निर्देशन में बनी लघु फिल्म फर्ज को प्रथम स्थान मिला है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक मिश्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षितिज सिंघल के द्वारा जिला पंचायत में लघु फिल्म काम्पीटिशन में फिल्म का अवलोकन कर उपरोक्त फिल्म को प्रथम स्थान दिया गया है। जिसमें छात्र कलाकार अमित अहिरवार, अमोल नागले, सोनू कुशवाहा, कुंज सरले, सुमित अहिरवार, लक्की इंगले, पियूष लोनारे, निकिता मिश्रा, अनुराधा यादव, दीक्षा साबले, अमरदीप भालेकर ने लघु फिल्म निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ द्वारा चलाया हस्ताक्षर अभियान



जे.एच. ई न्यूज, बैतूल। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. अल्का पांडे, डॉ. मीना डोनीवाल, डॉ. अर्चना सोनारे, डॉ. अनिता सोनी के निर्देशन में छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप प्लान के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन 2018 के लिए छात्र-छात्राओं ने सक्रियता के साथ में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

## कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



जे.एच. ई न्यूज, बैतूल। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. मीना डोनीवाल, प्रो. सतीश दुबे, डॉ. मीनाक्षी चौबे के निर्देशन में मतदाता जागरूकता की थीम पर पोस्टर मेकिंग, चित्रकला, केश सज्जा पर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## निर्वाचन साक्षरता क्लब कार्यालय का प्राचार्य ने किया उद्घाटन




जे.एच. ई न्यूज, बैतूल। कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक मिश्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षितिज सिंघल के आदेशानुसार जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं यूथ स्वीप समन्वयक डॉ. डी.आर. खातरकर के निर्देशन में कैंपस एंबेसेडर ललित तायवाड़े, दीपाली पांडे, अमित अहिरवार, अमोल नागले, सोनू कुशवाहा, कुंज सरले, सुमित अहिरवार, लक्की इंगेले, पियुष लोनारे, निकिता मिश्रा, अनुराधा यादव, दीक्षा साबले, अमरदीप भालेकर द्वारा कार्यालय निर्वाचन साक्षरता क्लब बनाया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पुष्पारानी आर्य, डॉ. रमाकांत जोशी, डॉ. खेमराज मगरदे, डॉ. विजेता चौबे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. गोपाल साहू, डॉ. मुकुंद चंदेल, डॉ. प्रगति डोंगरे, डॉ. कमलेश अहिरवार, क्रीड़ा अधिकारी निलिमा पीटर की उपस्थिति में किया गया।

## बालक छात्रावास में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न




जे.एच. ई न्यूज, बैतूल। जे.एच. कालेज में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जय नारायण बालक छात्रावास में जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं छात्रावास अधीक्षक एल.पी. साहू के द्वारा छात्रावास के विद्यार्थियों को मतदान के लिए शपथ दिलाई, संकल्प पत्र भरवाए तथा छात्रों को मतदान के दिन छात्रावास छोड़कर अपने गांव में जाकर मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा स्वयं बच्चों ने भी यह कहा कि हम अपने गांव जाकर हमारे माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, चाचा-चाची, मामा-मामी, भाई-बहन और ग्रामीणजनों को 28 नंबवर 2018 को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे और दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं, वृद्धजन, बीमार लोगों को मतदान करने में सहायता करेंगे।

# व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के माध्यम से मतदाता जागरूकता



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ, उच्चशिक्षा विभाग म.प्र.द्वारा सत्र 2018-19 हेतु जारी शैक्षणिक केलेण्डर के अनुसार ज.ह. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभाओं को निखारकर उनके व्यक्तित्व को विकसित करने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी जिससे उनका जीवन सफल होने के साथ साथ सार्थक भी हो सके। डॉ. अल्का पांडे ने बताया कि व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में मतदाता जागरूकता का प्रभावी प्रयास किया गया। 27 जुलाई 2018 को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवे नमः कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिष्य के प्रति गुरू का दायित्व विषय पर शिक्षाविद् डॉ. कांतु दीक्षित द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर छात्रसंघ एवं कक्षा प्रतिनिधियों ने अपने गुरूओं की विशिष्टताओं एवं गुणों को दृष्टिगत रख काव्यात्मक पंक्तियों के माध्यम से उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की तथा शिक्षकों को तिलक लगाकर श्रीफल भेंट किया। माह अगस्त में ''जरा याद करो कुर्बानी'' विषय के अन्तर्गत, राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गीतों की प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें 12 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान विशाखा कास्दे एम.एस.सी. तृतीय सेम बाटनी, द्वितीय स्थान कु. दिव्या धोटे एम.एस.सी. प्रथम सेम माइक्रोबायो व तृतीय स्थान कु. माया सूर्यवंशी एम.एस.सी. तृतीय सेम बाटनी ने प्राप्त किया। माह अगस्त 24 तारीख को ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' विषय पर सेवा निवृत्त प्रबंधक एस.बी.आई श्री एस.बी.निर्गुणकर का व्याख्यान भी आयोजित किया गया। सितम्बर माह में 25 तारीख को डॉ. अरूण भदौरिया, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय बैतूल द्वारा ''नैतिक मूल्य एवं शिक्षा'' विषय पर व्याख्यान देते हुये संदेश दिया कि जीवन को संपूर्णता देनी है तो स्वयं का मार्ग खुद बनाये। इसी माह की 27 तारीख को ज.ह. शासकीय महाविद्यालय बैतूल के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. खेमराज मगरदे ने ''संकल्प से सिद्धि'' विषय पर व्याख्यान दिया व प्रेरक वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि लक्ष्य के निर्धारण एवं तद्नुरूप कार्य करने से सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। अक्टूबर माह में 09 तारीख को पर्यावरणीय चेतना- ''पेड़ पहाड़ पानी और हम'' विषय पर प्रो. रवि उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पिपरिया का व्याख्यान आयोजित किया गया, पर्यावरणीय चेतना विकसित करने के लिये आपने पर्यावरण से प्रेम करने पर बल दिया क्योंकि जिससे प्रेम करेंगे उसे हम जानेंगे अवश्य। आपने पर्यावरण से रोजगार की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला और कहा कि पर्यावरणीय चेतना हमें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आपने हर्बल डाई बनाने की विधि भी बताई। अक्टूबर माह में ही 29 तारीख को ''प्रजातंत्र का आधार-मतदान'' विषय पर ज.ह.शासकीय महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित किया गया। आपने प्रजातंत्र को समझाते हुये विद्यार्थियों को जागरूक किया कि आपका एक मत प्रजातंत्र को मजबूत बनाने हेतु कितना महत्वपूर्ण है। इसी अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने स्वीप प्लान के अन्तर्गत युवाओं को बैतूल में शत प्रतिशत निष्पक्ष मतदान के लिये प्रेरित किया। महाविद्यालय का व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ मतदाता जागरूकता हेतु विशेष सक्रिय है। प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित समस्त व्याख्यानों के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अलका पांडे व सदस्य डॉ. मीना डोंगिवाल, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. ममता राजपूत व कल्पना बारस्कर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

# अधिक मतदान और भी कुछ कहता है

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** रिकार्ड तोड़ मतदान को लेकर राजनैतिक पंडितों के गुणा-भाग का श्री गणेश भी हो गया है। अधिक मतदान को सभी शासन की योजनाओं के जमीन पर क्रियान्वयन होना मान रहे हैं। अधिक मतदान इसके अलावा भी बहुत कुछ कहता है! कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक मिश्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षितिज सिंघल, डॉ. राकेश कुमार तिवारी प्राचार्य जे.एच. कॉलेज बैतूल, जिला समन्वयक स्वीप प्लान डॉ. सुखदेव डोंगरे जे.एच. कॉलेज बैतूल द्वारा मतदान के लिए जागरूकता के लिए भागीरथी प्रयास किए उससे भी मतदान का ग्राफ बढ़ा है। सोशल मीडिया इस तथ्य को नजरअंदाज कर रहें हैं। गौरतलब है कि जिले में मतदान जारूकता को लेकर ढेरों रैलियां, मैराथन, संगोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता, साईकिल रेस, वाद-विवाद प्रतियोगिता, संकल्प पत्र भरवाए गए, शार्ट फिल्म, गीत-संगीत आदि कई उपक्रमों से मतदाताओं को लगातार जागरूक किया जाता रहा। इसका श्रेय जिला प्रशासन को भी देना लाजमी भी है और दायित्व भी। युवाओं में भी स्व प्रेरणा से मतदान के प्रति एक क्रेज भी देखा गया। युवा मतदान के बाद स्याही लगी उंगली के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करते रहे उस पर लाईक और कमेंट भी आए। इस ट्रेंड से भी दूसरे युवा मतदान के लिए प्रेरित होते हैं। परंतु मीडिया सिर्फ पक्ष-विपक्ष के एंगल से बड़े मतदान प्रतिशत पर रिसर्च कर रही है। प्रशासन की इस उपलब्धि को देख नहीं पा रही है।



सपन दुबे
(स्वतंत्रत पत्रकार)
लेखक एवं चिंतक

# बैतूल जिला मतदाता जागरूकता में चौथे नंबर पर आया

## महाविद्यालय और विद्यालयों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जिले के 10 शासकीय महाविद्यालय, 24 अशासकीय महाविद्यालय, 8 बी.एड. महाविद्यालय, 10 रोसेयो युक्त विद्यालय कुल 52 संस्था ने वोटर आवेयर्नेस फोरम एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब की सक्रियता एवं विधानसभा निर्वाचन 2018 में मतादाता जागरूकता पर अनेकों कार्यक्रम किए। जिसमें नोडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, यूथ स्वीप समन्वयक डॉ. बी.आर. खातरकर, रोसेयो कार्यक्रम अधिकारी गोपाल साहू, बैतूल विधानसभा प्रभारी डॉ. विद्या चौधरी, घोड़ाडोंगरी विधानसभा प्रभारी डॉ. महेंद्र गिरी, आमला विधानसभा प्रभारी डॉ. पी.के. मिश्रा, भैंसदेही विधानसभा प्रभारी डॉ. जितेंद्र दवंडे, मुलताई विधानसभा प्रभारी डॉ. वर्षा खुराना, सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षकों, अतिथि विद्वानों, कर्मचारियों तथा विशेष रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों, कैंपस एंबेसेडर तथा महाविद्यालय के साथ विद्यालयों, आईटीआई के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजित



गतिविधियों में लोकतंत्र की दीवार, चुनाव पत्रिका जिसका संपादन डॉ. रमाकांत जोशी एवं डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा किया गया।

इसके अलावा निर्वाचन साक्षरता कार्यालय जे.एच. कॉलेज, रांगोली, चित्रकला, लोकगीत गायन, दीवार पेंटिंग, मेहंदी, प्रश्नमंच, नुक्कड़ नाटक, डाक्यूमेंट्री फिल्म, शार्ट फिल्म, पोस्टर मेकिंग, वक्तव्य कला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, साइकिल रैली, मोटरसाइकिल रैली, एनएसएस, रासेयो छात्रों की रैली, चाय टेबल पर चर्चा, संविधान सभा में चर्चा, प्रेरक संवाद, कार्तिक मेलों में मतदाता जागरूकता, सगाई एवं विवाह में जागरूकता कार्यक्रम, पालक सम्मेलन, संकल्प पत्र भरवाना, पोस्टकार्ड, हस्ताक्षर अभियान, स्पोर्ट्स के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज, बेडमिंटन, टेबल टेनिस, बॉस्केट बॉल, फुटबॉल, कुर्सी दौड़, रस्सा खींच, भाला फेंक, चकती फेंक, गोला फेंक, खो-खो, गोंडी, मराठी, कोरकू, पंजाबी एवं उर्दू भाषा में गीत कविता, चौपाल चर्चा, सोशल मीडिया, वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ई-मेल के माध्यम से मतदाता जागरूकता एवं शार्ट वीडियो जैसे अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जिसके कारण बैतूल जिला अधिक मतदान में चौथे नंबर पर आ सका।

# पिंक पोलिंग बूथ पर बढ़ा मतदान का प्रतिशत

**जे.एच. ई न्यूज बैतूल।** शहर के सुभाष स्कूल में महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने जिला मुख्यालय पर पांच पिंक पोलिंग बूथ बनाए थे और अन्य विधानसभा के शहरी क्षेत्र में पांच-पांच पिंक पोलिंग बूथ बनाए गए। जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी महिलाओं को ही नियुक्त किया गया। जे.एच. कॉलेज बैतूल की महिला प्राध्यापकों एवं छात्राओं के द्वारा पूरे बैतूल जिले भर में महिलाओं के मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक, चुनावी पाठशाला, मतदाता जागरूकता से संबंधित लघु फिल्म, चुनाव पत्रिका, शपथ ग्रहण, संकल्प पत्र, पोस्ट कार्ड पर सक्रिय रूप से कार्य किया।



बैतूल के सुभाष स्कूल गांधी वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 58 में 86.24 फीसदी मतदान हुआ। पिंक पोलिंग बूथ में शहर के 88 पोलिंग बूथ में सबसे अधिक मतदान हुआ। इस बूथ में कुल 785 मतदाता हैं। जिनमें 327 पुरुष तथा 350 महिला मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया, जो पुरुषों से 7 प्रतिशत अधिक है। शहर के सर्वाधिक वोटिंग पोलिंग बूथ में यह बूथ शामिल है। यहां पर पूरा मतदान दल महिलाओं का था। इस दल में सेक्टर अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान दल, सुरक्षा दल एवं मतदाता सहायता दल के सभी सदस्य महिलाएं ही थीं। केंद्र की पीठासीन अधिकारी रिया ठाकुर ने बताया उनकी पहली चुनावी ड्यूटी थी। पूरी महिलाओं की टीम के साथ चुनाव कराना थोड़ा चुनौतीपूर्ण तो था पर सेक्टर अधिकारी के मार्गदर्शन में पूरे मतदान दल ने निर्भीक होकर एक टीम के रूप में कार्य संपादित किया। उद्यान विभाग की उपसंचालक डॉ. आशा उपवंशी वासेवार ने बताया यह उनकी पहली चुनावी ड्यूटी होने तथा शहरी मतदान केंद्र होने के कारण कार्य थोड़ा चुनौती पूर्ण था।

# चाय की टेबल पर मतदाता जागरूकता




**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जे.एच. कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी एवं जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, यूथ स्वीप समन्वयक प्रो. बीआर खातरकर के मार्गदर्शन में डॉ. रमाकांत जोशी द्वारा कैंटीन में चाय की टेबल पर चर्चा के दौरान मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रो. मुकुंद चंदेल ने छात्र-छात्राओं को विधानसभा निर्वाचन 2018 में मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा छात्र-छात्राओं को यह भी सलाह दी कि अपने घर परिवार, मोहल्ले के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में प्रो. निहारिका भावसार, प्रो. शीतल गुजरे, प्रो. विनय राठौर, प्रो. दुर्गा मीना, खुशहाल मोही, नितेश सूर्यवंशी, अमित अहिरवार, ज्योति चरपे, कीर्ति भिकोंडे, संगीता उईके, योगिता सरेयाम, चंदा पंडोले, आरती गोड़ाहे, करिश्मा सोलंकी, सुमित अहिरवार, अमोल नागले, कुंज सरले, अमरदीप भालेकर, पियूष लोनारे, निकिता मिश्रा, भूपेंद्र मालवीय, राहुल मालवीय आदि शामिल थे।

# एनसीसी सीनियर महिला विंग में मतदाता जागरूकता

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जे.एच. कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं सहायक एनसीसी अधिकारी डॉ. कमलेश अहिरवार के द्वारा एनसीसी सीनियर महिला विंग की छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए आव्हान किया। छात्राओं से संकल्प पत्र भरवाए साथ ही मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें कार्यक्रम में डॉ. रमाकांत जोशी, प्रो. मुकुंद चंदेल, प्रो. निहारिका भावसार, प्रो. दुर्गा मीना, प्रो. शीतल गुजरे, प्रो. भावना झोड़, प्रो. विनय राठौर, अमित अहिरवार, सुमित नागले, खुशहाल मोही, सोनू कुशवाह, नितेश सूर्यवंशी, सीनियर अंडर ऑफिसर आयुषी अतुलकर, एनसीसी के अंडर ऑफिसर अंशु देशमुख, लक्ष्मण चौहान, छाया बारपेटे, ज्योति चरपे, कीर्ति भिकोंडे, संगीता उईके, योगिता सरेयाम, चंदा पंडोले, किरण पटैया, आरती गोड़ाहे, करिश्मा सोलंकी सहित 150 एनसीसी कैडेट्स शामिल थे।




# लाइब्रेरी में चलाया मतदाता जागरूता अभियान

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जे.एच. कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी एवं जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, यूथ स्वीप समन्वयक प्रो. बी.आर. खातरकर, चुनाव पत्रिका जे.एच. ई न्यूज के संपादक डॉ. रमाकांत जोशी, प्रो. मुकुंद चंदेल के मार्गदर्शन में जिले की सबसे बड़ी लाइब्रेरी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में ग्रंथपाल विशाल महाते, सारनी महाविद्यालय के ग्रंथपाल बी.पी. रोतिहाश, सहायक एनसीसी अधिकारी डॉ. कमलेश अहिरवार, प्रो. निहारिका भावसार, प्रो. प्रीति नावंगे, प्रो. दुर्गा मीना, प्रो. विनय राठौर, प्रो. शीतल गुजरे, प्रो. भावना झोड़, प्रो. महेंद्र नावंगे, लक्ष्मण यादव, खुशहाल मोही, नितेश सूर्यवंशी, रामाधार



यादव, नारायण करोले, संगीताबाई शामिल थे। छात्र-छात्राओं ने लाइब्रेरी से पुस्तक प्राप्त करते हुए मतदाता अभियान में भाग लिया। सभी छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लेकर मतदान करने का संकल्प भी लिया एवं अपने इष्ट मित्रों, परिवारजनों, परिचितों द्वारा भी मतदान करवाने के लिए वचनबद्धता दोहराई। छात्र-छात्राओं में अमित अहिरवार, आयुषी अतुलकर, अंशु देशमुख, छाया बारपेटे, लक्ष्मण चौहान, ज्योति चरपे, कीर्ति लोखंडे, संगीता उईके समेत लाइब्रेरी से पुस्तक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं हम शतप्रतिशत मतदान का प्रयास करेंगे। जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए शपथ दिलाई। संकल्प पत्र के संयोजक डॉ. रमाकांत जोशी द्वारा छात्र-छात्राओं से संकल्प पत्र भरवाए गए।

प्राचार्य - डॉ. राकेश तिवारी - संपादक - डॉ. रमाकांत जोशी - 9407596777, सह संपादक - डॉ. सुखदेव डोंगरे - 9425685371



समाचार हॉक्सर पाक्षिक
सत्यमेव जयते

तमसो माँ ज्योतिर्गमय
Jh.E-news
ज.हा. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल (म.प्र.)

स्वीप प्लान 2019

चुनाव पत्रिका
लोकसभा निर्वाचन 2019

निर्वाचन साक्षरता क्लब

वर्ष-8 | अंक-24 | बैतूल, सोमवार, 18 मार्च 2019 | पृष्ठ- 06


# अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन नियमों का शत-प्रतिशत् पालन करें: कलेक्टर

**जे.एच.ई न्यूज, बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण कुमार पिथोड़े ने सोमवार को लोकसभा निर्वाचन कार्य से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उनको सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा की। साथ ही कहा कि वे आदर्श आचरण संहिता एवं निर्वाचन संबंधी निर्देशों का शत्-प्रतिशत् पालन करें।

अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए दायित्वों का समय पर पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेयन के., सीईओ जिला पंचायत श्री एमएल त्यागी एवं अपर कलेक्टर श्री जगदीश गोमे भी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को आदर्श आचरण संहिता के पालन के अलावा सोशल मीडिया के मामले में भी सजग रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचें



अधिकारी-कर्मचारी सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर ऐसी कोई टिप्पणी अथवा पोस्ट करने से बचें, जो निर्वाचन नियमों के प्रतिकूल हों।

इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य में कर्मचारियों की नियुक्ति, प्रशिक्षण, डाक मतपत्र, वाहन व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, मतगणना इत्यादि के संबंध में अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं महिला मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शिक्षण संस्थाओं को भी जिम्मेदारी दी

समस्त शासकीय और अशासकीय महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय, नर्सिंग महाविद्यालय और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था को भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि स्वीप प्लान के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2019 में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को प्रेरित करें।

# राष्ट्रीय युवा संसद दिल्ली से हिस्सा लेकर लौटी करूणा, प्राचार्य ने किया सम्मानित






दिल्ली में स्पीच देते हुए करूणा मसतकर

**जे.एच.ई न्यूज, बैतूल।** युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और नए भारत की कल्पना को वास्तविकता में बदलने के उद्देश्य से भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के विज्ञान भवन नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन किया गया। इस युवा संसद में जेएच कॉलेज बैतूल के एमएससी भौतिक की छात्रा करूणा मसतकर ने मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए सहभागिता की। उनके लौटने पर जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ. खेमराज मगरदे ने उन्हें प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एनएसएस के जिला संगठक डॉ.एसडी डोंगरे ने बताया कि युवा संसद में जातिवाद और आतंकवाद जैसे गंभीर विषय पर अपने विचार व्यक्त कर करूणा ने सराहना अर्जित की। प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे ने इसे जिले के लिए गर्व की बात बताया। करूणा की इस उपलब्धि पर डॉ.पुष्पारानी आर्य, डॉ.अशोक कदवाने, प्रो.सलील दुबे, डॉ.सुभाष खातरकर, डॉ.अर्चना मेहता, डॉ.जीपी साहू, एलपी साहू, अनंत श्रीवास्तव, नीरज ठाकुर, रक्षा आठनेरे, ज्योति मसतकर, धीरज आठनेरे, राहुल साहू, सुशील पंडोले, अमरदीप भालेकर आदि ने बधाई दी है। राष्ट्रीय युवा संसद में स्पीच देकर बैतूल लौटी करूणा मसतकर को जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ. खेमराज मगरदे ने जेएच कॉलेज में सम्मानित किया।

# स्वीप प्लान के अंतर्गत विकासखंड नोडल अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए एम.एल. त्यागी



**जे.एच.ई न्यूज बैतूल।** मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के आदेशानुसार जिला पंचायत सभागृह में लोकसभा निर्वाचन 2019 में मतदाता जागरूकता अंतर्गत एवं स्वीप प्लान 2019 के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.एल. त्यागी जिला पंचायत बैतूल, जिला नोडल अधिकारी स्वीप जिला पंचायत बैतूल उपस्थिति में 7 मार्च 2019 को बैठक आयोजित की गई जिसमें ज.हा. शासकीय कॉलेज के प्राचार्य, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य, सहायक नोडल अधिकारी, समस्त आईटीआई के प्राचार्य, समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालय, समस्त शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्कूल एवं महाविद्यालय के नोडल अधिकारी मौजूद थे।

जिसमें इलेक्ट्रो लिट्रेसि क्लब, कॉलेजों ग्रुप, बूथ सैनिक एवं मतदाता जागरूकता अभियान में अन्य नवाचार को शामिल कर लोकसभा निर्वाचन में 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में सहायक नोडल अधिकारी विवेक तिवारी द्वारा पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# लोकसभा निर्वाचन मतदाता जागरूता 2019

चुनाव आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2019 के कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च 2019 को कर दी है बेतूल जिले में लोकसभा निर्वाचन 2019 के स्वीप प्लान का कार्य जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तरुण कुमार पिथोड़े एवं जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी एम.एल. त्यागी के कुशल निर्देशानुसार ज.हा. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. खेमराज मगरदे के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान लोकसभा निर्वाचन 2019 का जिले के समस्त महाविद्यालयों में शासकीय, अशासकीय एवं बी.एड. कॉलेजों में बहुत ही व्यवस्थित ढंग से प्रचार आरंभ कर दिया गया है। अब हमारा लक्ष्य है कि बैतूल जिले 80 प्रतिशत मतदान हो जिसमें महाविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। एवं हमें विश्वास है कि निर्वाचन आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तरूण कुमार पिथोड़े एवं स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी एम.एल. त्यागी के आदेशानुसार बैतूल लोकसभा के निर्वाचन में 6 मई 2019 को यह लक्ष्य हम अवश्य पा लेंगे।

**संपादकीय**
**डॉ. रमाकांत जोशी**

बैतूल जिले के महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा जिले के समस्त महाविद्यालयों में स्वीप प्लान की गतिविधियों का प्रभावी नेटवर्क तैयार कर दिया है एवं वे इसका संचालन कर रहे हैं हमें विश्वास है कि हमारे लक्ष्य में हमें निश्चित ही सफलता मिलेगी।

# जेएच कॉलेज में महाविद्यालय स्तर प्रतियोगिता संपन्न



**जे.एच.ई-न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज के प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल के आदेशानुसार स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जगरूकता विषय को लेकर जेएच कॉलेज बैतूल मे लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत स्लोगन एवं कविता प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना के 32 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। जिसमें महाविद्यालय स्तर पर स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम सलोनी बरवे, द्वितीय दिव्या नादुंरकर, तृतीय दिप्ती नादुंलकर, कविता प्रतियोगिता में प्रथम दिप्ती नांदुलकर, द्वितीय दिव्या नांदुलकर, तृतीय प्रियंका सराटे रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले ये प्रतिभागी आज शनिवार को जेएच कॉलेज में 11 बजे से होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस संबंध में जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि हमारा लोकसभा में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य है। जेएच ईन्यूज के प्रधान संपादक डॉ.रमाकांत जोशी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रीत किया गया है। इस मौके पर डॉ.कमलेश अहिरवार, प्रो.महेंद्र पाटिल, प्रो.महेंद्र नावगे, प्रो.सलिल दुबे, वरिष्ठ स्वयंसेवक सोमचद साहू, कैम्पस एंबेसेडर ललित तायवाड़े अमरदीप भालेकर, अनुराधा यादव दीपाली पांडे आदि मौजूद थे।

# जेएच कॉलेज की प्रतिभाएं हुई सम्मानित



**जे.एच.ई-न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में गणतंत्र दिवस कॉलेज प्रबंधन और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि भारत की रीढ़ हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.खेमराज मगरदे ने व आभार एनएसएस जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान इस सत्र में विभिन्न विद्याओं में उगेखनीय योगदान के लिए छात्र, छात्राओं, प्राध्यापकों और एनएसएस के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। जिसमें एड्स जागरूकता निबंध प्रतियोगिता में प्रथम नेहा लोखंडे, द्वितीय प्रियंका सराठे, तृतीय अखलेश पंवार, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम लविका सोनी, निलेश भुसूमकर, संजय उईके, जेएच के प्राध्यापकों जिन्होंने मतदाता जागरूता स्वीप प्लान में उत्कृष्ट योगदान दिया प्रो.बीआर खातरकर, डॉ.पुष्पारानी आर्य, डॉ.अल्का पांडे, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.एकनाथ निरापुरे, प्रो.अर्चना सोनारे, डॉ.प्रगति डोंगरे, डॉ.मीना डोनीवाल, डॉ.निहारिका भावसार, राजेश शेषकर, डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ.निलिमा पीटर, डॉ.जीपी साहू, नुक्कड नाटक में अमित अहिरवार एवं साथी, शार्ट फिल्म के लिए सोनू कुशवाह एवं साथी, मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के लिए निबंध प्रतियोगिता प्रथम दिपाली पांडे, द्वितीय अखलेश पंवार, तृतीय योगेश्वर पहाड़े व रक्षा आठनेरे, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम दिप्ती नादुलकर, %योति चरपे, लविका सोनी व दुर्गा उबनारे, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम अभिषेक छेरकी, सलोनी बरवे, मनोज बामने, वाद-विवाद पक्ष में प्रथम संकल्प सिंह चौहान, विपक्ष में प्रथम करूणा मसतकर, दीवार चित्रकला में दिप्ती नांदुरकर, ज्योति चरपे, मोहन परमार, दिव्या नांदुरकर, %योति मसतकर, मनोज बामने, सलोनी बर्वे, एनएसएस दल को नेतृत्व प्रदान कर मतदाता जगरूकता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए ललित तायवाड़े, एनएसएस की पूर्ण गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य हेतु अनुराधा यादव, मनोज बामने, अश्विन आर्य, निलेश बचले, निलेश नागले, एनएसएस राष्ट्रीय स्तर कैम्प में सहभागिता के लिए सतीश सलामे, मतदाता जागरूकता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्ण गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए ललित तायवाड़े को, मतदाता जागरूकता व राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्ण गतिविधियों में दल नायक ज्योति चरपे को, वाद विवाद में विश्वविद्यालय स्तर पर करूणा मसतकर, कैम्पस एम्बेस्डर ललित तायवाड़े को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# भोपाल में बैतूल के युवाओं ने बताया कि क्यों जरूरी है एक निर्वाचन व्यवस्था

**बैतूल।** युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान के उद्देश्य से भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की संगठन व्यवस्था में राज्य युवा महोत्सव संत हिरदाराम महाविद्यालय भोपाल में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के 36 जिलों से जिला स्तर पर चयनित 105 युवाओं ने हिस्सा लिया। इस युवा संसद में बैतूल जिले से अमरदीप भालेकर, अमित बोबड़े, आयुषी पंवार ने हिस्सा लिया। इस युवा संसद को संबोधित करते हुए अमरदीप भालेकर ने एक भारत एक निर्वाचन सुशासन के लिए अनिवार्य विषय पर अपने विचार रखे। जिसमें उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होते हैं तो पूरा भारत लोकतंत्र रूपी माला में एकता के सूत्र में बंध जाएगा और भ्रष्टाचार व फिजूल खर्ची आदि पर रोक लग सकेगी। राज्य युवा संसद में बैतूल जिले के इस युवा सांसद में अपने विचारों से सबको प्रभावित किया। इनके लौटने पर जेएच कॉलेज के जिला संगठक एनएसएस डॉ.एसडी डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, प्रो.निहारिका भावसार, प्रवीण परिहार, ललित तायवाड़े, दिपाली पांडे, मनोज बामने आदि ने बधाई दी है।

# स्वीप प्लान में उत्कृष्ट कार्य पर डॉ. तिवारी और डॉ. डोंगरे हुए सम्मानित

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** विधानसभा निर्वाचन नवम्बर 2018 में स्वीप प्लान के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए जेएच कॉलेज बैतूल के प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी एवं स्वीप प्लान के कॉलेजों के जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण पिथोड़े ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उक्त कार्य इन्होने जिला नोडल अधिकारी क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में संपन्न किया। इनको सम्मानित किए जाने पर डॉ. खेमराज मगरदे, डॉ.धमेन्द्र, प्रो.अशोक दबाड़े, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.रमाकांत जोशी, प्रो बलिराम खातरकर, प्रो. गुलाबराव राने, डॉ.जीपी साहू, डॉ.प्रगति डोंगरे, प्रो.अर्चना सोनारे, डॉ.एकनाथ निरापुरे, प्रो.राजेश शेषकर, कॉलेज प्रबंधन, छात्र-छात्राओं सहित एनएसएस स्वयंसेवकों ने बधाई दी है।



## उत्कृष्ट कार्य पर ललित तायवाड़े हुए सम्मानित

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** मतदाता स्वीप प्लान के अंतर्गत जेएच कॉलेज के कैम्पस एम्बेसडर और राष्ट्रीय सेवा योजना के दल नायक ललित तायवाड़े को नवोदित छात्र-छात्राओं को मतदाता परिचय पत्र बनवाने के लिए प्रत्साहित करने, मतदाता परिचय पत्र बनवाने में सहयोग करने और प्रारूप 6 समय सीमा से पूर्व भरकर जमा करवाने पर बैतूल कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। श्री तायवाड़े को प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी, रासेयो जिला संगठक डॉ.एसडी डोंगरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, रासेयो स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, अमरदीप भालेकर, दिपाली पांडे, करूणा मसतकर आदि ने बधाई दी है।



## दिप्ती ने प्रथम, रवीना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

### जिला स्तरीय स्लोगन, कविता प्रतियोगिता संपन्न




**जे.एच. ई-न्यूज बैतूल।** मप्र निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण पिथोड़े एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल त्यागी के आदेश के परिपालन में सभी महाविद्यालय में महाविद्यालयीन स्तर पर प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसके बाद जिला स्तर पर स्लोगन एवं कविता प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे, नोडल अधिकारी विवेक तिवारी, जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और महाविद्यालय संयोजक डॉ.जीपी साहू, डॉ. कमलेश अहिरवार, प्रो.महेन्द्र पाटिल, प्रो.महेन्द्र नावंगे, कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, अनुराधा यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई।

विवेक तिवारी ने कहा कि युवा मतदान को लेकर उत्साहित हैं और हमारा प्रयास हैं कि वे अपने साथ लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि इस बार मतदाता जागरूकता में नवाचार के अंतर्गत बूथ सेना का गठन किया जाएगा और प्रत्येक बूथ सैनिक कम से कम 10 घरों में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। जिला स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम विक्की करारिया, गणेश महाविद्यालय मांडवी, द्वितीय दिव्या नांदूरकर जेएच कॉलेज, तृतीय सलोनी बरवे जेएच कॉलेज बैतूल ने एवं कविता प्रतियोगिता में प्रथम दिप्ती नांदूरकर, द्वितीय रवीना यादव शासकीय आईटीआई बैतूल, तृतीय स्थान दिव्या प्रकाश शासकीय पॉलीटेकनिक बैतूल को दिया गया। प्रतियोगिता में जेएच कॉलेज, कन्या महाविद्यालय बैतूल, शासकीय महाविद्यालय आमला, शासकीय पॉलीटेक्निक बैतूल, शासकीय महिला आईटीआई, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज आमला, नंदकिशोर पटेल आमला सहित जिले के अन्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में रूपेश पंवार, किशोर पंवार, डॉ.अजय चौबे, ललिता पंवार, अनुराधा यादव, सलोनी सोनी, संजय उइके, अभिषेक छेरकी, अखलेश पंवार ने सराहनीय योगदान दिया।

## मतदाता जागरूकता पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हुई

### दिपाली, अमरदीप, करूणा, अभिषेक रहे प्रथम




**जे.एच. ई-न्यूज बैतूल।** मप्र मुख्य निर्वाचन आयोग एवं जिला कलेक्टर निर्वाचन अधिकारी के आदेश के परिपालन में जेएच कॉलेज बैतूल प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता को लेकर जेएच कॉलेज में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध में प्रथम दिपाली पांडे जेएच कॉलेज बैतूल, द्वितीय अमरदीप भालेकर लॉ कॉलेज बैतूल, तृतीय दिपीका धुर्वे कन्या महाविद्यालय बैतूल, वाद-विवाद पक्ष में प्रथम अमरदीप भालेकर लॉ कॉलेज बैतूल, द्वितीय संकल्प सिंह चौहान जेएच कॉलेज बैतूल, तृतीय करिश्मा ठाकरे नंद किशोर पटेल कॉलेज आमला, विपक्ष में प्रथम करूणा मसतकर जेएच कॉलेज बैतूल, द्वितीय निलेश कुंभारे शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही, तृतीय रत्ना कापसे नंद किशोर पटेल कॉलेज आमला, स्लोगन में प्रथम अभिषेक छेरकी जेएच कॉलेज बैतूल, द्वितीय अमरदीप भालेकर लॉ कॉलेज बैतूल, तृतीय विनीत घोटेकर शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही, चित्रकला में प्रथम दिप्ती नांदुकर जेएच कॉलेज बैतूल, द्वितीय सुखचंद मर्सकोले शासकीय कॉलेज भैंसदेही, तृतीय रोशनी परते शासकीय कॉलेज आठनेर रहे। समन्वयक डॉ.एसडी डोंगरे ने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को पुरूस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण परिहार और संतोष पंवार ने व आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने व्यक्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक हरिहर ढोमने, सुधीर जोशी रहे। प्रतियोगिता संपन्न कराने में डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ.अल्का पांडे, प्रो. राकेश पंवार, प्रो. नीरज गुप्ता, डॉ.कमलेश अहिरवार, प्रो.मुकुंद चंदेल, प्रो.निहारिका भावसार, शेषराव गायकवाड़, राजेश हनौते, मनोज बामने, रूपेश तायवाड़े का सराहनीय योगदान रहा।

# जेएच कॉलेज कॅरियर मेले में 618 विद्यार्थियों का चयन

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में दो दिवसीय वृहद कॅरियर मेला का समापन शनिवार को हुआ। डॉ.राकेश तिवारी ने बताया कि मेले में 618 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया। मेले में सरिता नागले, लक्ष्मी सिनोटिया और कमल पठारे द्वारा साबुन और वाशिंग पॉउडर बनाने का भी प्रशिक्षण दिया गया।

एलआईसी ने ग्रामीण और नगरीय अभिकर्ताओं के कार्यों की जानकारी दी। स्वयंसिद्धा के प्रशिक्षक श्री सोनी द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। खेमराम मगरदे, डॉ.धमेन्द्र, समन्वयक डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ.अल्का पांडे, डॉ. पुष्पारानी आर्य, मेला सचिव डॉ.मीना डोनीवाल, डॉ.मीनाक्षी चौबे, प्रो.सलील दुबे, डॉ.धमेन्द्र प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**आज मेले में आई ये कंपनिया:**



डॉ.रमाकांत जोशी ने बताया कि मेले में एफडीडीआई छिंदवाड़ा, क्वांटम यूनिवर्सिटी रूड़की,डिवाईन इन्फोटेक प्राईवेट लिमिटेड, बोनाज इन्वेस्टमेंट इंदौर, अंबुजा सिमेंट छिंदवाड़ा, एफडीडीआई छिंदवाड़ा, एलआईसी, दीन दयाल कौशल विकास, जेके बायो ऐग्रीटेक भोपाल, प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट पूणे, स्वसिद्धा आपदा प्रबंधन, माईक्रोबॉयलॉजी बैतूल, स्थानीय रोजगार प्रदाता डागा फाउंडेशन, आशा जॉब सेल्युशन, दीपक फ्लेक्स, बालाजी कॉलेज चिचोली, बालाजी इंजीनियरिंग, श्याम फैशन मॉल, अनफोल्ड मैनेजमेंट कंसल्ट, मां शारदा समिति बैतूल, जिला व्यापार संगठन, निर्मल एकेडमी, भारत भारती जामठी, गायत्री मिरिकल, जिला रोजगार कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत बैतूल, राघव इंजीनियरिंग वर्क्स, डीडीयूजीकेवाय प्रशिक्षण कार्यक्रम, अनफोल्ड, मिरेकल इंग्लिश एकेडमी, एमएनसी, प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आदि ने अपने स्टॉल लगाकर रोजगार के अवसर की जानकारी दी। कुछ कंपनिया छात्र-छात्रओं को प्रशिक्षण के बाद और कुछ कंपनियां साक्षात्कार के बाद रोजगार देंगी।

# भीमपुर कॉलेज के विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता के लिए प्रेरित किया



**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय भीमपुर के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने जेएच कॉलेज बैतूल में विभिन्न विज्ञान विषय प्रायोगिक कार्य डॉ.सुखदेव डोंगरे द्वारा ज्युलॉजी रसायन शास्त्र का डॉ.जीपी साहू तथा वनस्पति शस्त्र का प्रेक्टिकल कार्य डॉ.हेमंत वर्मा द्वारा पाठ्यक्रम के अनुसार और प्रेक्टिकल कार्य किया गया। ज्ञात हो कि नवीन महाविद्यालय भीमपुर प्रयोगशाला की सुविधा नहीं होने के कारण से अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के निर्देशन में आदिवासी विद्यार्थियों के हित में कार्य किया। जिसमें भीमपुर के छात्रों द्वारा लाभ लिया। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन किया गया।

# राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण में स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया पूर्ण

**जे.एच. ई न्यूज, बैतूल।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की संगठन व्यवस्था में 25 फरवरी से 3 मार्च तक ग्राम भीलाखेड़ी, जिला रतलाम में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बैतूल जिले से 8 स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे।



निकिता वाडिवा शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल, जेएच कॉलेज बैतूल से सलोनी सोनी, ललित तायवाड़े, संजय उइके, शासकीय कॉलेज आमला की शिखा झाड़े, शासकीय महाविद्यालय आठनेर से रविश उइके, शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही से विनीत धोटेकर, शासकीय महाविद्यालय शाहपुर से संदीप धुर्वे का चयन किया गया है और प्रतिक्षा सूची में जेएच कॉलेज बैतूल से प्रियंका सराठे, मनोज बामने, प्रदीप यादव आमला, लीला धुर्वे शासकीय महाविद्यालय शाहपुर को रखा गया है। जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में चयन समिति में मौजूद डॉ.जीपी साहू, डॉ.प्रगति डोंगरे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग बैतूल रामनारायण शुक्ला, प्रो.संतोष पंवार, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, निलेश चढ़ोकार, सोमचंद साहू, सतीश सलामें ने स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया के दौरान उनसे रासेयों की गतिविधियों, रीति-नीति, गीत, संगीत, खेलकूद, वाद-विवाद, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं रासेयो की विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित प्रश्नों के आधार पर चयन किया।

# स्वीप प्लान 2019 की बैठक सीईओ की उपस्थिति में संपन्न



**जे.एच.ई न्यूज बैतूल।** मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के आदेशानुसार जिला पंचायत सभाग्रह में लोकसभा निर्वाचन 2019 में मतदाता जागरूकता अंतर्गत एवं स्वीप प्लान 2019 के अंतर्गत मुख्य कार्यपाल अधिकारी एम.एल. त्यागी जिला पंचायत बैतूल, जिला नोडल अधिकारी स्वीप जिला पंचायत बैतूल उपस्थिति में 18 मार्च 2019 को बैठक आयोजित की गई जिसमें आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त, ज.हां. शासकीय कॉलेज के प्राचार्य, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य, सहायक नोडल अधिकारी, समस्त आईटीआई के प्राचार्य, समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालय, समस्त शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्कूल एवं महाविद्यालय के नोडल अधिकारी मौजूद थे। जिसमें इलेट्रो लिट्रिसि क्लब, बीएजी ग्रुप, वृद्ध सैनिक एवं मतदाता जागरूकता अभियान में अन्य नवाचार को शामिल कर लोकसभा निर्वाचन में 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

समाचार
डॉक्सर पाक्षिक jh.e-news

जगे समाज की क्या पहचान। शत-प्रतिशत हो मतदान।।

चुनाव पत्रिका- लोकसभा निर्वाचन- 2019 स्वीप प्लान

सोमवार 18 मार्च



# जल संरक्षण पर कार्यशाला और भाषण प्रतियोगिता संपन्न

## कार्यशाला में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई




**जेएच.ई-न्यूज, घोड़ाडोंगरी।** सरकारी कॉलेज घोड़ाडोंगरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जल संरक्षण और जल संवर्धन विषय पर कार्यशाला जेएच कॉलेज के प्रो.एवं रासेयो जिला समन्वयक डॉ.सुखदेव डोंगरे, प्रो.राजेश शेषकर, डॉ.अजय कुमार चौबे, डॉ.वीरेन्द्र सिंह चौहान, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप पंद्राम और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस मौके पर डॉ.एसडी डोंगरे ने कहा कि बैतूल जिले में विगत दो वर्षों से कम बारिश होने के कारण हमें जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। हमें बारिश का पानी तथा घरेलू उपयोग के बाद निकलने वाले पानी को सोख्ता गड्ढा बनाकर पानी का संरक्षण करना चाहिए। डॉ.वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि शहरों में कांक्रीट की सड़क व नाली बनने के कारण पानी शहर से बह रहा है इसलिए नालों आदि स्थानों पर बोरी बंधान आवश्यक है। डॉ.अजय कुमार चौबे ने कहा कि जल को व्यर्थ न बहाते हुए जरूरी कार्य के उपयोग के लिए करें। प्रदीप पंद्राम ने कहा कि खेतों में ड्रीप पद्धति जैसी तकनीक का प्रयोग करना चाहिए, इससे पानी का कम व्यय होता है। कार्यशाला के दौरान जल संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें प्रथम स्थान पिंकी धुर्वे, द्वितीय स्थान मोना चौरे, तृतीय स्थान शिवम सिसोदिया ने प्राप्त किया। संतोषी ठकारे ने जल संरक्षण एवं मतदाता जागरूक करने की शपथ दिलवाई गई। मंच संचालन प्रदीप पंद्राम ने व आभार डॉ.वीरेन्द्र सिंह चौहान ने व्यक्त किया। कार्यशाला को सफल बनाने में जगदीश पटैय्या, नरेन्द्र नागले, अनिता नागले, प्रियंका साहू, रामभगत यादव, पीयुष राठौर का सराहनीय योगदान रहा।

# महिलाओं को अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी होगी: अनिता सोनी

## जेएच कॉलेज में महिला दिवस पर मतदान करने की शपथ ग्रहण कराई



**जेएच.ई-न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों ने महान दानदात्री मॉं जयवन्ती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं महिलाओं के लिए उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर डॉ.अनिता सोनी ने कहा कि 8 मार्च को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्पूर्ण विश्व की महिलाएं देश, जात-पात, भाषा, राजनीतिक, सांस्कृतिक भेदभाव से परे एकजुट होकर इस दिन को मनाती हैं। साथ ही पुरुष वर्ग भी इस दिन को महिलाओं के सम्मान में समर्पित करता है। डॉ. अनिता सोनी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बन अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। डॉ.मीना डोनीवाल ने कहा कि इतिहास के अनुसार समानाधिकार की यह लड़ाई आम महिलाओं द्वारा शुरू की गई थी। प्राचीन ग्रीस में लीसिसट्राटा नाम की एक महिला ने फ्रेंच क्रांति के दौरान युद्ध समाप्ति की मांग रखते हुए इस आंदोलन की शुरूआत की, फारसी महिलाओं के एक समूह ने वरसेल्स में इस दिन एक मोर्चा निकाला, इस मोर्चे का उद्देश्य युद्ध की वजह से महिलाओं पर बढ़ते हुए अत्याचार को रोकना था। डॉ.मिनाक्षी चौबे ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने महिलाओं के समानाधिकार को बढ़ावा और सुरक्षा देने के लिए विश्वभर में कुछ नीतियां, कार्यक्रम और मापदण्ड निर्धारित किए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार किसी भी समाज में उपजी सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक समस्याओं का निराकरण महिलाओं की साझेदारी के बिना नहीं पाया जा सकता। डॉ.विजेता चौबे ने अपनी अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महिला दिवस अब लगभग सभी विकसित, विकासशील देशों में मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं को उनकी क्षमता, सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक तरक्की दिलाने व उन महिलाओं को याद करने का दिन है, जिन्होंने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए अथक प्रयास किए। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में स्वयं मतदान करने और लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ.अल्का पांडे, डॉ.प्रगति डोंगरे, डॉ.कमलेश अहिरवार, भारतीय सेवतिया, रश्मि अग्रवाल, कल्पना बारस्कर, प्रो.ममता राजपूत, डॉ.अर्चना मेहता, प्रो.श्वाती लोखंडे, नीलिमा पीटर,प्रो. दुर्गा मीना, शीतल गुजरे, भावना झोड़, अनुराधा यादव, प्रो.प्रीति नावंगे, प्रो.निहारिका भावसार, करूणा मासोदकर, प्रो.सरवरी नूर आदि मौजूद थे।

# एनएसएस से परहित की भावना उत्पन्न होती है: डॉ.डोंगरे

## श्री बालाजी महाविद्यालय में अभिमुखिकरण कार्यक्रम



**जे.एच. ई-न्यूज, बैतूल।** श्री बालाजी महाविद्यालय चिचोली में राष्ट्रीय सेवा योजना का अभिमुखिकरण कार्यक्रम रासेयो के जिला संगठक डॉ. एसडी डोंगरे, प्राचार्य नेहरू हायर सेकेंड्री स्कूल खेड़ी सावलीगढ, प्रो.संतोष पंवार की उपस्थिति में और प्राचार्य डॉ.राजेन्द्र निगम की अध्यक्षता में की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर बीआर पंवार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के गीत और खेल गतिविधियों से अवगत कराया। डॉ.एसडी डोंगरे ने कहा कि एनएसएस से स्वयंसेवको स्वीप प्लान के अधिक से अधिक मतदान स्वयं करें एवं सभी को प्रेरित करें। एनएसएस से व्यक्तित्व विकास होता है और परहित की भावना उत्पन्न होती ह, राजेन्द्र निगम ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक आगे चलकर अच्छे नागरिक साबित होते हैं। प्रो.संतोष पंवार ने ए,बी,और सी प्रमाण पत्र की उपयोगिता की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो.ज्योति नरवरे व आभार कार्यक्रम अधिकारी ओम गायकवाड़ ने व्यक्त किया। इस मौके पर प्रो. मनोज यादव, प्रो.महेश यादव, प्रो.प्रदीप सेमकर, प्रो.प्रेमलता झपाटे, निधि परिहार, अजय आर्य सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

समाचार हॉक्सर पाक्षिक
सत्यमेव जयते
तमसो माँ ज्योतिर्गमय
Jh. E-news

चुनाव पत्रिका-04

स्वीप प्लान 2019 | लोकसभा निर्वाचन 2019 | निर्वाचन साक्षरता क्लब

वर्ष-8 | अंक-26 | बैतूल, शनिवार, 4 मई 2019 | पृष्ठ- 07

# कलेक्टर तरूण कुमार पिथोड़े ने साइकिल चलाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

## अधिकारी-कर्मचारी, समस्त शासकीय-अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं ने लिया साइकलिंग फॉर वोट में हिस्सा

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत बुधवार को समूचे जिले में साइकलिंग फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शासकीय कार्यालयों के विभाग प्रमुख, अधिकारी-कर्मचारी, समस्त शासकीय-अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य, स्टाफ एवं जागरूक मतदाताओं ने रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस जागरूकता अभियान में जेएच कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड से प्रारंभ हुई साइकलिंग फॉर वोट रैली को स्वीप के ब्रांड एम्बेसेडर्स ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर श्री तरूण कुमार पिथोड़े एवं सीईओ जिला पंचायत श्री एमएल त्यागी सहित विभिन्न अधिकारियों के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता का संदेश लिए यह साइकिल रैली पुलिस ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर अम्बेडकर चौक, पेट्रोल पंप, बस स्टेण्ड, लल्ली चौक, गांधी स्मारक, थाना चौक, कमानी गेट, सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुर्गी चौक, कॉलेज चौक, सीईओ बंगला, एसपी ऑफिस चौक, पोस्ट ऑफिस से होकर पुलिस ग्राउण्ड के मेन गेट पर समाप्त हुई। रैली कलेक्टर श्री पिथोड़े एवं सीईओ जिला पंचायत श्री त्यागी ने साइकिल चलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके पूर्व पुलिस परेड ग्राउण्ड पर उपस्थित जन समुदाय को कलेक्टर श्री पिथोड़े द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। रैली में संयुक्त कलेक्टर श्री काशीराम बड़ोदे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार शानू देवड़िया, एसडीएम श्री राजीव रंजन पांडे सहित आम नागरिक, धार्मिक संगठन, गैरराजनीतिक संगठन, खेल संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

# चुनाव पत्रिका का किया विमोचन

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मप्र निर्वाचन आयोग भोपाल, जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर बैतूल तरूण पिथौड़े के आदेशानसार जिला पंचायत कार्यपालन



अधिकारी एमएल त्यागी द्वारा जेएच कॉलेज चुनाव पत्रिका का विमोचन किया। इस मौके पर एमएल त्यागी ने कहा कि स्वीप प्लान के महत्वपूर्ण समाचारों का संकलन है। जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे ने बताया कि इस पत्रिका का संपादन डॉ.रमाकांत जोशी ने किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कॉलेज नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. दलजीत सिंह सलुजा, कैम्पस एंबेसडर ललित तायवाड़े, मनोज बामने मौजूद थे। इस चुनाव पत्रिका में जिला प्रशासन द्वारा एवं विभिन्न महाविद्यालय द्वारा स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए चलाई गई विभिन्न गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। जिले के दूसरे बीएड, नर्सिंग, शासकीय, अशासकीय तकनीकी महाविद्यालय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को विशेष रूप से शामिल किया गया। चुनाव पत्रिका के संपादक डॉ. रमाकांत जोशी ने बताया है कि जेएच कॉलेज में जेएच ई न्यूज पत्रिका तीन माह में निकलती है जिसमें कॉलेज में होने वाली विभिन्न गतिविधि जो छात्र हित में उनको सम्मिलित किया जाता है, लेकिन लोकसभा निर्वाचन 2019 लोकतंत्र के पर्व के अवसर पर बैतूल में 6 मई को मतदान होना है इसलिए इस पत्रिका को चुनाव पत्रिका नाम दिया गया है। यह पत्रिका ऑनलाइन, ई-मेल तथा वाट्सएप द्वारा सभी ओर पहुंचा दी जाती है। रीडर अपने मोबाइल पर इसको पढ़ और देख सकता है।

# मतदाता जागरूकता काव्य संध्या 'निर्भय हो मतदान करेंगे' आयोजित



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अंतर्गत गुरूवार 02 मई को सायं 7 बजे से जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता काव्य संध्या 'निर्भय हो मतदान करेंगे' ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण कुमार पिथोड़े एवं सीईओ जिला पंचायत व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी ने विधिवत् दीप प्रज्वलित कर काव्य संध्या का शुभारंभ किया। काव्य संध्या के आरंभ में कलेक्टर श्री पिथोड़े ने उपस्थित जन समुदाय को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। काव्य संध्या में उप संचालक उद्यानिकी विभाग डॉ. आशा उपवंशी वासेवार, श्री मनोज शुक्ल हिन्दुस्तानी, श्री संतोष जैन, श्री राजकुमार कोरी राज, श्री वसन्त मिरासे वसन्त, श्री महेन्द्र गुदवारे, डॉ. प्रार्थना पंडित मालवीय, श्रीमती अरूणा पाटनकर एवं आरडी पब्लिक स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा कु. आद्या तोमर ने मतदाता जागरूकता पर काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में सीईओ जिला पंचायत श्री त्यागी द्वारा काव्य संध्या में भाग लेने वाले कवियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



# प्रजातंत्र की गरिमा का महापर्व आ गया

संपादकीय
डॉ. रमाकांत जोशी

भारतीय प्रजापतंत्र की गरिमा का महापर्व मतदान दिवस 6 मई 2019 को है। अब इसमें केवल दो दिन शेष हैं। बैतूल जिले में लोकसभा निर्वाचन की स्वीप प्लानन गतिविधियां चरम उत्कर्षपर पहुंच चुकी हैं। गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए मध्य प्रदेश चुनाव आयोग एवं बैतूल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े, स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी एम.एल. त्यागी के प्रयास सार्थक होते दिख रहे हैं। भीषण गर्मी के मौसम में प्रभावी साईकिल रैली। कलेक्टर स्वयं एवं जिला पंचायत के कार्यपालक अधिकारी स्वयं साईकिल चलाकर रैली में भाग लेना बहुत प्रभावी रहा जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों, प्राध्यापकों ने रैली में भाग लिया। कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी बहुत अच्छा दिया। स्वीप प्लान की गतिविधियों में नयी नयी गतिविधियों का आयोजन कर उसको रोचक एवं प्रभावी बना दिया गया है। छात्र-छात्राओं कर्मचारियों ने एवं जनता ने इसमें बहुत अच्छा सहयोग दिया है। अब इन सब गतिविधियों का प्रतिफल मतदान दिवस के दिन होगा मेरा विश्वास है कि परिश्रम मेहनत एवं लगन सार्थक होगी। परिणाम भी बहुत अच्छा आएगा। देश के प्रजातंत्र की गरिमा के महापर्व पर मतदान दिवस के दिन जनता मतदान कर इसकी सार्थकता सिद्ध करेगी।

# मतदाता जागरूकता के तहत लोकगीत स्पर्धा संपन्न, सतीश सलामे रहे विजेता



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर तरुण पिथोड़े, जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेशानुसार जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ. केआर मगरदे और महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ.अर्चना मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम सतीश सलामे, द्वितीय अंजल्या नागले, तृतीय अमोल नागले ने प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. मगरदे ने कहा कि लोकगीत बहुत सशक्त माध्यम है लोक गीत से हम मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दे रहें हैं। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी गांवों में जाकर अपना कर्तव्य निभाते हुए लोकगीत के माध्यम से लोकतंत्र के लिए मतदान हेतु जागरूक कर रहें हैं। डॉ.अर्चना मेहता ने छात्रों को मतदान के लिए स्वयं गीत बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. कमलेश अहिरवार, प्रो.पूजा आर्य, प्रो. श्रद्धा विश्वकर्मा, प्रो.शीतल गुजरे, अलकेश पंवार, दुर्गेश कुंभारे, कृष्णा कास्दे, सुभाष उइके, सोनाली नागले, योगेश्वरी, सलोनी सोनी, रामदास कास्दे, मयाराम कुभारे, विनोद परते, कृष्णा पंवार का सराहनीय योगदान रहा।

# लोकतंत्र को मंजिल तक पहुंचाना है तो मतदान करो, बताया मतदान का महत्व




**जेएचई न्यूज़, बैतूल।** जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे एवं महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में और कॉलेज प्रबंधन के डॉ.सुभाष खातरकर, नितेश सोनपुरे, मुकेश करोले, निलेश साहू, दिव्यांग कैम्पस एम्बेसडर अकलेश पंवार द्वारा बस स्टैंड कोठी बाजार में यात्रियों को मतदान की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर डॉ. सुभाष खातरकर ने यात्रियों से कहा कि आप बस में बैठ कर कुछ घंटो में अपनी मंजिल तक पहुंच जाओगे परन्तु लोकतंत्र को अपनी मंजिल तक पहुंचाना है तो मतदान अवश्य करें। अकलेश पंवार ने कहा कि आप बस के अंदर अन्य यात्रियों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

# छात्रावास के विद्यार्थियों ने मतदान लिया संकल्प




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे व महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में डॉ.रमाकांत जोशी, एलपी साहू, जयनारायण बालक छात्रावास में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि सभी छात्रावास के विद्यार्थी कम से कम दस परिवारों से संपर्क करें और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। डॉ. रमाकांत जोशी ने कहा प्रत्येक छात्र मतदान करें, अपने परिचितों, इष्टमित्रों से भी मतदान आवश्य कराएं। डॉ. प्रदीप सिंह राव ने कहा लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है। एलपी साहू ने कहा कि अपने एक वोट का महत्व समझे और मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर अश्विन आर्य, अंकेश मालवीय, करन साहू, लक्षेन्द्र धोटे, दिव्यांग एम्बेसडर अकलेश पंवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्रावास के सभी विद्यार्थियों से मतदान के लिए संकल्प पत्र भरवाए गए और शपथ दिलवाई गई।

# बुजुर्ग एवं धात्री महिलाओं को सम्मानित कर की मतदान की अपील

## रेल्वे कॉलोनी में वृद्ध महिलाओं को माला पहनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ. केआर मगरदे के मार्गदर्शन में व महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी गर्भवती, धात्री महिलाओं, बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं विशेषकर महिला मतदाताओं के लिए अभियान चलाया गया।

कॉलेज की छात्राओं के साथ मिलकर रेल्वे कॉलोनी में वृद्ध महिलाओं को माला पहनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। इस संबंध में डॉ. अल्का पांडे ने बताया कि गर्भवती, धात्री महिलाओं, बुजुर्ग और दिव्यांगों विश्वास दिलाया जा रहा है कि मतदान में कोई परेशानी न हो इसके लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। अभियान को सफल बनाने में रीता रैकवार, लक्ष्मी श्रीवास्तव, रूपाली लिम्से, गायत्री पालीवाल, भावन मिश्रा, जयश्री कवड़कर, सोनम पंवार, दिव्या मालवीय, वैशाली मालवीय का सराहनीय योगदान रहा।

# मतदान के लिए कलेक्टर के संदेश को प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने घर-घर तक पहुंचाया

## मतदान करें और लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** कलेक्टर बैतूल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण पिथौड़े ने मतदाता जागरूकता का संदेश रेडियो के माध्यम से दिया और शपथ दिलवाई। जिसे शासकीय महाविद्यालय घोड़डोंगरी में डॉ. उषा तिवारी, प्रदीप पंद्राम के संयोजन में उपस्थित लोगों ने मतदान की शपथ ली। अपने संदेश में श्री पिथौड़े ने कहा कि आप सभी मतदान करें और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें साथ ही प्रत्येक कर्मचारी मतदान करें। जिसके पश्चात स्वीप प्लान प्रभारी डॉ. अजय चौबे एवं वीरेन्द्र चौहान ने ग्राम चारगांव, मेहकार, कान्हावाड़ी, शालीढ़ाना, रातामाटी पहुंचकर वहां के लोगों को कलेक्टर बैतूल का संदेश पढ़कर सुनाया और मतदान की शपथ दिलवाई। इस मौके पर डॉ. अजय चौबे ने कहा कि अब मतदान की तारीख एकदम करीब आ गई है ऐसे में हमारे समर्पित बूथ सैनिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और हमें पूर्ण विश्वास है कि बूथ सैनिक अपने-अपने गांव के मतदाताओं को प्रेरित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहभागी होंगे। इस अवसर पर छात्र प्रभु उइके ने भी अपने गांवों में रेडियो की व्यवस्था कर उपस्थित लोगो कलेक्टर बैतूल का संदेश सुनाया। जिसमें पिंकी धुर्वे आदर्श राजपूत, संजू उइके, मेघा ठाकुर, वंदना धुर्वे, शान्तोषी उबनारे, मीना धुर्वे, सरस्वती धुर्वे, मुकेश उइके, मनीषा यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# रेडियो के माध्यम से कलेक्टर बैतूल ने दिलवाई शपथ



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण पिथौड़े ने मतदाता जागरूकता का संदेश रेडियो के माध्यम से दिया और शपथ दिलवाई। जिसे जेएच कॉलेज में जेएच कॉलेज बैतूल में नोडल अधिकारी महाविद्यालयीन डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. गोपाल साहू के संयोजन में उपस्थित लोगों ने मतदान की शपथ ली। अपने संदेश में श्री पिथौड़े ने कहा कि आप सभी मतदान करें और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें साथ ही प्रत्येक कर्मचारी मतदान करें। प्राचार्य डॉ. केआर मगरदे ने कॉलेज में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की जानकारी दी और बताया कि मतदाता जागरूकता के कई नए कार्यक्रम तरूण पिथौड़े के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. विजेता चौबे, डॉ. पुष्पारानी आर्य, डॉ. अर्चना मेहता, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. मीनाक्षी चौबे, प्रो. सलील दुबे, अशोक कटवाने, अशोक दभाड़े, डॉ. रमाकांत जोशी, प्रो. मुकुंद चंदेल, प्रो. एमआर वागद्रे, ओमप्रकाश खत्री, प्रा. बीआर खातरकर, डॉ. कमलेश अहिरवार, प्रो. अर्चना सोनारे, प्रो. अर्चना मेहता, प्रो. हेमंत वर्मा, विजय राठौर, डॉ. प्रगति डोंगरे, अमित ठाकुर, नीरज ठाकुर, खुशीलाल, विवेक पानकर, प्रकाश बंजारे आदि मौजूद थे।

# 400 बूथ सैनिकों को परिचय पत्र देकर किया शत प्रतिशत मतदान हेतु तैनात




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तरूण कुमार पिथोड़े एवं जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेशानुसार एवं जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ. केआर मगरदे के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं घोड़ाडोंगरी महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी डॉ. अजय कुमार चौबे ने बताया कि जेएच कॉलेज बैतूल के 300 एवं शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के 100 बूथ सैनिकों को बूथ सैनिक परिचय पत्र का वितरण किया गया ताकि बूथ सैनिक छात्र अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान में सक्रिय सहयोग देकर मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करा सकेंगे। बूथ सैनिक युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगों को मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। एनएसएस प्रभारी डॉ. उषा तिवारी एवं प्रदीप पंद्राम ने भी बूथ सैनिकों को परिचय पत्र देकर उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने की समझाइश दी।

# मतदान के लिए आकर्षक निमंत्रण कार्ड बनाकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

## जेएच कॉलेज में बनाई गई लोकतंत्र की दीवार जिले के हर महाविद्यालय में बनाकर दिया जाएगा मतदान जागरूकता का संदेश

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज द्वारा मप्र निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण पिथौड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेशानुसार जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे और महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में संयोजक डॉ.अल्का पांडे के संयोजन में वनस्पति विभाग की छात्राओं द्वारा आकर्षक निमंत्रण पत्र बनाकर लोगों को मतदान के लिए आमंत्रित



किया। यह निमंत्रण पत्र छात्रा गायत्री पालीवाल, भावना मिश्रा, अंजली कवड़कर, सोनम पंवार, दिव्या मालवीय, वैशाली मालवीय द्वारा तैयार किए गए। छात्राओं ने इस बड़े से मनमोहक निमंत्रण कार्ड पर पुलिस ग्राउंड बैतूल में लोगों से हस्ताक्षर करवाए और विशेषकर महिलाओं से आग्रह किया कि मतदान आपका अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। उपस्थित लोगों ने कार्ड की प्रशंसा की। इस दौरान काफी संख्या में मतदाता एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# जरूर करेंगे मतदान, व्यवसायिक क्षेत्र में दुकानदारों ने भरे संकल्प पत्र



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल गंज में भीड़ भरे व्यवसायिक क्षेत्र में जाकर जेएच कॉलेज बैतूल के प्राध्यपकों प्रो.महादेव वागद्रे, प्रो.हेमंत देशपांडे, प्रो.ओपी खत्री द्वारा पहुंचकर प्रोफेसरों ने दुकान-दुकान जाकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से मतदाता जागरूकता के संकल्प पत्र भरवाए। इस मौके पर प्रो.हेमंत देशपांडे ने प्रतिष्ठन के संचालकों से कहा कि आप अपने ग्राहकों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। प्रो.खत्री ने दुकानदारों से कहा कि आप लोगों के यहां पूरे जिले से हर तबके, हर वर्ग के लोग आते हैं उन्हें लोकतंत्र के हित में मतदान करने का निवेदन किजिए क्योंकि यह आपका कर्तव्य भी है। कार्यक्रम में केसी साहू, केएल मोही, शिवप्रकाश पंवार का सराहनीय योगदान रहा।

# चाय की चौपाल पर बताया वोट का महत्व

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के छात्रों एवं प्राध्यापकों ने चाय चौपाल कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को गंज क्षेत्र के चाय के ठेले और होटलों में लोगों से चर्चा कर मतदान के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. खेमराज मगरदे, डॉ. प्रदीप सिंह राव के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.रमाकांत जोशी, दिव्यांग एम्बेसडर अकलेश पंवार, कृष्णा पंवार ने भारतीय लोकतंत्र में हमारे वोट की भूमिका विषय को समझाया। डॉ. प्रदीप सिंह राव ने लोकतंत्र एवं वोट के महत्व को उपस्थित लोगों को समझाया।

डॉ. रमाकांत जोशी ने कहा कि हमारे देश का प्रजातंत्र विश्व का सबसे बड़ा प्रजातंत्र है और इसे और अधिक सुदृढ बनाने के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने होटल संचालकों और वहां चाय-नाश्ता करने आए लोगों को मतदान की शपथ दिलवाई।



# मुस्लिम भाईयों ने ली शपथ, लोकतंत्र की मजबूती के लिए करेंगे मतदान

## राष्ट्रीय सेवा योजना जेएच कॉलेज के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** राष्ट्रीय सेवा योजना जेएच कॉलेज के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अंतर्गत मस्जिद चौके गंज पर मुस्लिम भाईयों से मतदान करने का आग्रह किया।

इस मौके पर स्वयंसेवक और कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े ने बताया कि मुस्लिम भाईयों में मतदान के प्रति उत्साह दिखा और उन्होने संकल्प लिया है कि वे स्वयं मतदान करेंगे और




दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

राजा पटेल ने कहा कि रासेयो के स्वयंसेवक राष्ट्रहित में लोगों का मतदान के लिए जागरूक करने का यह बहुत ही नेक कार्य कर रहें हैं और यह राष्ट्रहित में है। इस अवसर पर मुख्य लिपिक अनवर कुरैशी, शेख सुलेमान, गणेश बट्टी, राजा पटेल, इरफान मेमन आदि मौजूद थे।

# पोस्ड कार्ड लिखकर किया जागरूक - मतदान जरूर करना



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रभारी डॉ.विजेता चौबे एवं डॉ.अनिता सोनी, प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे, महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में पोस्टकार्ड लिखकर उनके रिश्तेदारों, इष्टमित्रों परिचितों और गुरूजनों को भेजे गए। इस मौके पर डॉ.केआर मगरदे ने कहा कि पोस्ट कार्ड सदियों से समाचार पहुंचाने का सशक्त माध्यम है आप इसका प्रभावी उपयोग करें। डॉ. विजेता चौबे और डॉ. अनिता सोनी ने कहा कि इससे आम मतदाता जागरूकता के साथ लेखन क्षमता का भी विकास होगा। डॉ. रमाकांत जोशी ने कहा कि पोस्ट कार्ड भारतीय संस्कृति का संवाहक है इसके प्रयोग से मतदाता जागरूकता के संदेश बहुत प्रभावी होंगे। कार्यक्रम के संचालन में छात्र कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, अखिलेश पंवार, अमोल नागले, सोनू कुशवाह, अमित अहिरवार का सराहनीय योगदान रहा। गौरतलब है कि जेएच कॉलेज लोकसभा चुनाव में निर्वाचन के लिए स्वीप प्लान के तहत तमाम गतिविधियां चलाई जा रही हैं। शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर जो सुविधाएं प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जा रही है उसका भी प्रचार किया जा रहा है।

# बूथ सैनिकों को ट्रेनिंग देकर बताया किस तरह करें मतदाताओं को जागरूक

## शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





जेएच ई न्यूज, बैतूल। शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में प्राचार्य एमडी वाघमारे, नोडल अधिकारी महाविद्यालयीन डॉ.सुखदेव डोंगरे, संयोजक डॉ.नितेश पाल द्वारा मप्र निवार्चन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण पिथौड़े, जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेशानुसार बूथ सैनिकों को प्रशिक्षण दिया।

इस मौके पर प्राचार्य एमडी वाघमारे ने बूथ सैनिकों से कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी जो बूथ सैनिक है उसे अपने गांव, नगर में मतदान केन्द्र से संबंधित मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्ररित करना है।

डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान जरूरी है। प्रयास कभी असफल नहीं होते हम सब मिलकर प्रयास करेंगे तो मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। डॉ. नितेश पाल ने कहा प्रत्येक विद्यार्थी का कम से कम दस घरों में जाकर मतदान के महत्व को समझाना होगा। प्रो. किरण खातरकर ने सभी विद्यार्थियों से मतदान हेतु संकल्प पत्र भरवाए। प्राचार्य एमडी वाघमारे द्वारा सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. ज्योति वर्मा, प्रो. घनश्याम रघुवंशी, डॉ. रामअवतार अगनेरे, प्रो.शिक्षा गढ़ेकर, प्रो.मीनाक्षी ठाकुर, प्रो. साबिर खान का सराहनीय योगदान रहा। दिव्यांग कैम्पस एम्बेसडर अखलेश पंवार ने सभी बूथ सैनिकों को मतदान त्यौहार के बैच वितरित किए।

# वधु ने कहा-हल्दी के बिना विवाह और मतदान के बिना लोकतंत्र अधूरा है

## अनोखी अंदाज में मनाई गई हल्दी की रस्म




जेएच ई न्यूज, बैतूल। शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी की छात्रा मनीषा यादव के विवाह संस्कार के मंडप में हल्दी की रस्म बेहद अनोखे अंदाज में पूरी हुई।

इस संबंध में घोड़ाडोंगरी महाविद्यालय स्वीप प्रभारी डॉ. अजय चौबे और डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि मनीषा एक प्रतिभावान और जागरूक छात्रा है उसके संस्कार में आज हम शामिल होकर उपस्थित रिश्तेदारों को को शपथ का सकंल्प दिलवाया। मनीषा ने कहा कि हल्दी के बिना विवाह और मतदान के बिना लोकतंत्र अधूरा है। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो. राजेश शेषकर ने बताया कि 6 मई तक जन- जन को मतदान जागरूकता का संदेश पहुचाना हमारा अंतिम लक्ष्य। एनएसएस प्रभारी पुरूष इकाई प्रभारी प्रदीप पंद्राम व एनएसएस प्रभारी महिला इकाई डॉ. उषा.तिवारी ने मनीषा से कहा कि अपने ससुराल के लोंगो के साथ मतदान जरूर करवाना।

कॉलेज प्रबंधन के पियुष राठौर, बूथ सैनिक संतोषी उबनारे, रामभगत यादव ने मनीषा को शगुन के स्वरूप मतदान त्यौहार का बैच भेंट किया।

# नाटक से बताई मतदान की प्रक्रिया, छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ

जेएच ई न्यूज, बैतूल। श्री विनायकम स्कूल एवं कॉलेज टिकारी में 12वीं तथा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यशाला के अंतर्गत फर्स्ट वोटर के रूप में छात्रों को शपथ दिलाई। इसमें लोकतंत्र के महापर्व में स्वयं वोट देने तथा असहाय वोटर जो पोलिंग बूथ तक पहुंचने में सक्षम नहीं है। उनकी मदद कर मतदान कराने के लिए प्रेरित किया। संस्था की शिक्षिका दीपा लोखंडे ने कहा हमें गर्व है कि हमारे देश में अपना भविष्य चुनकर सपने साकार करने का अवसर प्रदान किया जाता है तथा निष्पक्षता के साथ मतदान करने का अवसर मिलता है। हमें इस महापर्व में अपने दायित्व का निर्वहन कर एक



जिम्मेदार नागरिक के रूप में मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य भोजराज चढ़ोकार ने छात्रों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। अंत में पोलिंग बूथ पर नियुक्त अधिकारियों की कार्यप्रणाली तथा मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया छात्र-छात्राओं को नाटक के माध्यम से समझाइश दी है।

## विद्यार्थियों ने यात्रियों को बताया मतदान का महत्व

बस स्टैंड पर यात्रियों को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. सुभाष खातरकर ने यात्रियों से कहा कि आप बस में बैठ कर कुछ घंटों में अपनी मंजिल तक पहुंच जाओगे, लेकिन लोकतंत्र को अपनी मंजिल तक पहुंचाना है तो मतदान अवश्य करें।

# मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों के लिए रहेगी विशेष सुविधा, डालें अधिक से अधिक वोट

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के स्वीप प्लान के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. के.आर.



मगरदे के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं दिव्यांग कैंपस एम्बेसेडर अकलेश पवार, दृष्टिहीनों की शाला एवं पुनर्वास केन्द्र पाढर में पहुंचे। पुनर्वास केंन्द्र के प्रभारी के.पी. एण्ड्रयूस की अनुमति लेकर दृष्टिहीनों एवं दिव्यांगों से मतदाता जागरूकता पर चर्चा की। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि दृष्टिहीन एवं दिव्यांगों से मिले तो असीम प्रेम का अनुभव मिला। एक दिव्यांग सुनील ताम्रकार डॉ. सुखदेव डोंगरे से बच्चों जैसे लिपट गया और पूरे समय साथ में रहा। के.पी. एण्ड्रयूस एवं छात्रावास अधीक्षक आकाश तीरदास, संजय सिंह, सुमित राव, राजेश यादव की उपस्थिति में सभी उपस्थित दिव्यांगों को मतदान के लिए शपथ दिलाई, संकल्प पत्र भरवाए और मतदान के लिए प्रेरित किया। श्री एण्ड्रयूस ने बताया ये दिव्यांग बच्चे अन्य बच्चों की तुलना में अधिक बुद्धिमान और संवेदनशील होते हैं। किसी भी परिस्थिति को जल्दी भांप लेते हैं और उसके अनुरूप अपना रिस्पांस देते हैं।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर ने दिलाई शपथ





# शादी के कार्ड पर वोट फॉर बेटर इंडिया छपवाकर कर रहे मतदान के प्रति जागरूक

जेएच ई न्यूज, बैतूल। लोकसभा चुनाव को लेकर जहाँ प्रशासन मतदाताओ को मतदान हेतु जागरूक कर रहा है, वही दूसरी ओर आम नागरिक भी मतदान को लेकर मतदाताओ को जागरूक करने में काफी दिलचस्पी दिखा रहे है। ठीक इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक नई पहल की गई, जिसके अंतर्गत एनएसएस प्रभारी प्रदीप पन्द्राम के विवाह के कार्ड में वोट फॉर बेटर इंडिया जैसे निर्वाचन आयोग के लोगों स्लोगन छपवा कर रिश्तेदारों और संबंधित लोगों में बांटे जा रहे हैं। श्री प्रदीप पंद्राम का कहना है कि मैं यह शुभ अवसर और वैवाहिक जीवन को यादगार बनाकर और देश सेवा ही उनके लिए सबसे बड़ी सेवा है। दरअसल शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के एनएसएस प्रभारी प्रदीप पन्द्राम की 27 मई



को शादी है, परंतु मतदाता ... रातामाटी,
लिए उन्हें डॉक्टर जगदीश ... झगड़िया,
प्रकार जागरूक करने की स... कई ग्रामो
ज्यादा से ज्यादा लोग म... से पहुँचा
जागरूक हो सकेंगे। अ... मार चौबे
घोड़ाडोंगरी, शोभापुर, ... को सबसे

प्रभावशाली कदम कहा है। प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी प्रोफेसर राजेश शेषकर ने कहा की इस पहल को देशव्यापी होना चाहिए। घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत सीईओ दानिश खान ने भी इस नवाचार की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह पहल काफी अच्छी है, क्योंकि प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिक भी जब मतदाताओ को ऐसी पहल करके मतदान के महत्व को बताकर मतदान के प्रति जागरूक करे तो आम नागरिक जल्द ही शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक होंगे। वही प्रदीप पन्द्राम का कहना है, की इस सामूहिक पहल में डॉ वीरेंद्र चौहान, डॉ. उषा तिवारी, नरेंद्र कुमार नागले, अनीता नागले, विनोद बारमासे, गुणवंत माकोड़े, प्रियंका साहू, अश्विनी कालभोर, पीयूष राठौर एवं रामभगत यादव का भी विशेष योगदान रहा है।

# एसडीएम और तहसीलदार को मतदान के लिए आमंत्रण पत्र दिया



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मप्र निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार, जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल तरूण पिथौड़े, जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेश के परिपालन में जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ. केआर मगरदे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप सिंह राव के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. रमाकांत जोशी, छात्रावास प्रबंधक एलपी साहू द्वारा तहसील कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

एसडीएम राजीव रंजन पांडे ने इस दौरान कहा कि स्वीप प्लान के तहत जेएच कॉलेज द्वारा मल्टी कलर आमंत्रण पत्र से मतदाताओं को जागरूक करना अभिनव पहल है जिससे निश्चित रूप से ही मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा।

जिसमें जेएच कॉलेज प्रबंधन की ओर से निमंत्रण पत्र देकर 6 मई को मतदान का आग्रह किया गया। इस मौके पर राजीव रंजन पांडे ने कार्यालय के सभी कर्मचारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलवाई। वैद्यराज वासनिक ने कहा कि यह आमंत्रण पत्र मतदान के लिए अवश्य ही प्रेरित करेगा। अभियान को सफल बनाने में डॉ. अल्का पांडे, डॉ.मीना डोनीवाल, अमित आर्य, दिव्यांग कैम्पस एम्बेसडर अकलेश पंवार, कृष्णा पंवार, अश्विन आर्य का सराहनीय योगदान रहा।

# मतदान केंद्र पर बनाए शिशु घर



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तरुण कुमार पिथोड़े एवं जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्र पर शिशु घर बनाए गए हैं। शिशु घर का उद्देश्य यह है कि छोटे बच्चों की माताएं जब मतदान करने आएं तो बच्चों को शिशु गृह में माताएं अपने छोटे बच्चों को छोड़कर वोट डालने जा सकती हैं। यह केंद्र केंद्रीय विद्यालय कोठीबाजार, न्यू बैतूल स्कूल, देशबंधु वार्ड टिकारी आदि जगहों पर शिशु घर बनाए गए हैं। सेक्टर ऑफिसर डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा इन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। न्यू बैतूल स्कूल में इस तरह के चार मतदान केंद्र हैं जहां पर बिजली, पानी और रैंप की भी व्यवस्था है। यहां आंकर मतदान करने वाले युवा, बुजुर्ग, माताओं को मतदान के समय बेहतर व्यवस्थाएं मिल सकें।

# आमंत्रण पत्र देकर मतदान के लिए दिया निमंत्रण




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तरुण कुमार पिथोड़े एवं जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेशानुसार जेएच कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं डॉ. रमाकांत जोशी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत केंद्रीय विद्यालय बैतूल के शिक्षकगणों को आमंत्रण पत्र देकर 6 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य के. मेनुअल, सुरेश पुरोहित, राम कृष्ण, मयूर राठी, भरत भाण्डे, श्रीमती हिमांशु, सीमा साहू, शशि चौहान, रचना सोनी, दिनेश पवार समेत केंद्रीय विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ मौजूद था। इस दौरान सभी ने शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली।

# एलआईसी कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मप्र निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार, जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल तरूण पिथौड़े, जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेश के परिपालन में जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.प्रदीप सिंह राव के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ. रमाकांत जोशी ने छात्र-छात्राओं और कॉलेज के कर्मचारियों को साथ लेकर लाईफ इंशोरेंस ऑफ इंडिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

इस मौके पर एलआईसी के सभी कर्मचारियों को निमंत्रण पत्र देकर 6 मई को मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। इस मौके पर जगत सिंह कुलेश,ने कहा कि जिस तरह हम अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए जीवन का बीमा करते हैं वैसे ही लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए मतदान जरूरी है। डॉ.रमाकांत जोशी ने कहा कि प्रत्येक मतदाता का जागरूक होना अत्यंत जरूरी है तभी वह अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझ सकेगा। मतदान हमारा संविधानिक प्रदत्त अधिकार है इसका उपयोग अवश्य करें। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक जगत सिंह कुलेश, प्रशासनिक अधिकारी अजय जैन, एलआईसी स्टॉफ के किशनलाल, राजेश कुमार, रूपेश मालवीय, कुंजीलाल वडके, सुखदेव महाले, अशोक कुमार बचले, दिप्ती शुक्ला, दीपक कुमार की उपस्थिति में मतदान की शपथ दिलवाई गई। अभियान को सफल बनाने में दिव्यांग कैम्पस एम्बेसडर अकलेश पंवार, कृष्णा पंवार, कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाडे, छात्रावास प्रबंधक एलपी साहू का सराहनीय योगदान रहा।

समाचार
हॉक्सर पाक्षिक
सत्यमेव जयते
तमसो माँ ज्योतिर्गमय
Jh. E-news
ज.ह. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल (म.प्र.)

चुनाव पत्रिका-05

स्वीप प्लान 2019

लोकसभा निर्वाचन 2019 विशेषांक

निर्वाचन साक्षरता क्लब

वर्ष-8 अंक-27 बैतूल, रविवार 5 से 10 मई 2019 पृष्ठ- 01

# जिला प्रशासन एवं कलेक्टर, सीईओ के प्रयासों से 80 प्रतिशत के पास पहुंचा बैतूल का मतदान

## स्वीप प्लान की सफलता

## जिले में चलाए गए स्वीप प्लान 2019 की मदद ने तोड़ दिए पिछले सारे रिकार्ड

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए स्वीप प्लान मतदाता जागरूकता अभियान को इस बार भारी सफलता मिली है। मतदान का आंकड़ा जहां 80 प्रतिशत को छू गया वहीं यह आंकड़ा पिछले लोकसभा चुनाव 2014 की अपेक्षा 12 प्रतिशत तक अधिक है। गौरतलब है कि लोकसभा क्षेत्र बैतूल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण कुमार पिथोड़े, जिला स्वीप प्लान नोडल अधिकारी एम.एल. त्यागी द्वारा स्वीप प्लान में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया था। जिसमें मतदाताओं की सुविधा के लिए कठिन परिश्रम किया गया।

मतदाता जागरूकता अभियान के जिला नोडल अधिकारी स्वीप प्लान सीईओ जिला पंचायत एम.एल. त्यागी ने बताया कि जिले में मतदाता जागरूकता के लिए पिंक बूथ बनाए गए, जिले से रोजगार के लिए बाहर गए मतदाताओं को बैतूल में मतदान कराया गया। इसके अलावा जागरूकता अभियान के तहत मैराथन दौड़, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदान के लिए शपथ कार्यक्रमों के अलावा दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के बूथों पर विशेष व्यवस्था की गई। साथ ही मतदान बूथों पर पानी एवं पर्याप्त छांव सहित सुरक्षा व्यवस्था के सभी इंतजाम किए गए। उन्होंने बताया कि लगातार चले जागरूकता अभियान ने अंत में भारी सफलता हासिल की जिसके चलते मतदान के प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जिले की सामाजिक संस्था, सरकारी विभाग, समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों ने बखूबी अपना योगदान देकर कड़ी मेहनत से मतदाता जागरूकता अभियान को सफलता की ओर अग्रसर किया है उन्होंने इस सफलता के लिए सभी को बधाई भी प्रेषित की है।





श्री तरूण कुमार पिथोड़े
कलेक्टर, बैतूल



श्री कार्तिकेयन के
एसपी बैतूल



श्री एम.एल. त्यागी
सीईओ, जिला पंचायत बैतूल

बैतूल-हरदा संसदीय सीट पर करीब 78 प्रतिशत वोट पड़े। 2014 से यह 12 प्रतिशत अधिक है जबकि 2009 से 28.6 प्रतिशत अधिक है।

**विस क्षेत्रवार ऐसा रहा वोटिंग प्रतिशत :** संसदीय क्षेत्र के आठ विसक्षेत्रों में वोटिंग हुई। बैतूल विसक्षेत्र में 75.81, मुलताई में 79, आमला में 78.27, घोड़ाडोंगरी में 83.34, भैंसदेही में 80.80, हरसूद में 74.04, हरदा में 71.62, तथा टिमरनी में 79.19 फीसदी मतदान हुआ। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बैतूल जिले में चलाए गए मतदाता जागरूकता स्वीप प्लान को भी मतदान का प्रतिशत बढ़ने का बेहतर जरिया बताया गया है। इधर समस्त शिक्षण संस्थाओं, छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए चलाए गए अभियान को सराहनीय पहल की दृष्टि से देखा जा रहा है।

# कलेक्टर ने कतार में लगकर किया मतदान मैरिज होम की तरह सजाया मतदान केंद्र

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बांसपानी के केंद्र पर मतदाताओं ने कुर्सी पर आराम से बैठकर अपनी बारी का इंतजार किया। यहां तक महिलाएं घरेलू कामकाज निपटाकर मतदान करने पहुंचीं। इस सुविधा से मतदाताओं को काफी राहत मिली। दूसरी जगह एक अधिकारी की पहल पर मतदान करने पहुंचने वाले लोगों की निशुल्क जांच हो सकी, तो कठिन परिस्थितियों में वोट को अपनी जिम्मेदारी समझकर मतदान करने पहुंचने न केवल पौधा भेंट मिला, बल्कि सम्मान मिला। यह पहला मौका था, जब मतदान को लेकर इस तरह का नवाचार शिक्षक व अधिकारी ने किया। अब इसकी सराहना हो रही है। कलेक्टर ने एमएलबी स्कूल में आम नागरिकों की तरह लाइन में लगकर मतदान किया। बांसपानी मतदान केंद्र टोकन सिस्टम से मतदाताओं को मतदान करने में सुविधा मिली। कागज टुकड़े पर नंबर लिखकर आने वाले मतदाताओं को वितरित किए। टोकन प्राप्त





करने वाले मतदाता अपने नंबर का इंतजार टेंट में लगी कुर्सियों पर आराम से बैठकर करते रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता धुर्वे व आशा कार्यकर्ता रानी रूपलता के लिए एक अलग टेबल लगाई। इस पर टोकन प्राप्त करने वाले मतदाता बिना लाइन में लगे केंद्रों पर लगे टेंट की कुर्सियों पर बैठे रहे। पहली बार वोट देने आई काजल धुर्वे ने बताया कि मुझे 71 नंबर का टोकन प्राप्त हुआ था। मेरा नंबर बाद में आने वाला था तो मैं घर जाकर अपना काम खत्म करके वोट देने आई। इससे लंबी कतारों में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। मतदान केंद्र पर लाइन नहीं होने से दिव्यांग गर्भवती, धात्री, महिला एवं बुजुर्गों को भी बहुत आसानी हुई। मतदान केंद्र पर नियुक्त सुरक्षाकर्मियों को भी राहत मिली। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी तनवीर खान ने बताया कि टोकन पद्धति से मतदान का दबाव महसूस नहीं हुआ। बिना लाइन में लगे 565 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर 87.73 मतदान हुआ। यहां बीएलओ अनिल दीक्षित दिव्यांगजनों को स्वयं व्हील चेयर पर मतदान कराने ले जाते रहे।

## आमला विधानसभा में मतदाताओं के स्वास्थ्य की कराई जांच

आमला विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी निशा बांगरे की पहल पर नगर पालिका आमला ने रचनात्मक पहल करते हुए केंद्र को मैरिज होम की तरह सजाया। इस आदर्श मतदान केंद्र में प्रथम 100 मतदाताओं के स्वास्थ्य की आमला-बोरदेही चिकित्सा टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य की जांच की। मतदाताओं को पौधे वितरित किए और गर्भवती महिलाओं का सम्मान किया। 2 दिन पूर्व डिलेवरी के बाद भी हौसले के साथ मतदान करने पर पर्यवेक्षक ने महिला का सम्मान किया। दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर पर लाकर और वाहन व्यवस्था से मतदान कराया व फूल माला पहनाकर 95 वर्ष के बुजुर्ग मतदाता को पौधा भी भेंट किया गया।

# भैंसदेही में रिकार्ड मतदान, वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं और दिव्यांगजनों को मिली सुविधा

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र में आमचुनाव में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के सभी 347 मतदान केंद्रों पर इस बार चुनाव आयोग के कड़े निर्देशों के चलते व्यवस्था बनाई गई। वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं सहित दिव्यांगजनों को मतदान के लिए समय और बारी का इंतजार नहीं करना पड़ा। इस बार आमचुनाव में युवाओं में अपने मतदान के प्रति खासा उत्साह दिखा। इतनी भीषण गर्मी के बावजूद 80 प्रतिशत मतदान हुआ। अब तक के इतिहास में भैंसदेही विधानसभा में रिकार्ड मतदान हुआ। इससे राजनीतिक विश्लेषक भी कोई सटीक भविष्यवाणी नहीं बता पा रहे कि ऊंट किस करवट बैठेगा। विधानसभा क्षेत्र के भैंसदेही के अंतर्गत आने वाले ग्राम नेवरालेन्डू में मतदाताओं ने पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था परंतु प्रशासन की समझाइश के बाद मतदान शुरू हो गया था। शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतदान क्रमांक 147 ग्राम बेलढाना में भी वीवीपेट मशीन में खराबी आने से मतदान रुका था सूचना पर अधिकारियों ने यहां पहुंचकर व्यवस्था सुचारू की और इंतजार में बैठे ग्रामीण मतदाताओं से मतदान कराया। जहा पर रात्रि 10 बजे तक



मतदान हुआ। मतदान के लिए आज भैंसदेही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी लंबी कतारें लगी रही चुनाव आयोग और प्रशासन द्वारा मतदान को लेकर चलाए गए अभियान का खासा प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दिया। जहां पर हर बार की अपेक्षा अधिक मतदान हुआ। ग्रामीणों के साथ-साथ इस बार युवा मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ मतदान किया पिंक मतदान केंद्रों पर ट्राई साइकिल, आंचल ग्रह, पेयजल व्यवस्था भी की गई थी।

## Awake, Awake, My Friends Awake

*Awake, Awake, My Friends Awake*
*And cast your votes anon.*
*For if you don't find the country of your dreams*
*Later you can blame none.*
*Here battles are won and battles losts*
*by merely a single vote.*
*So do realise the power of your vote*
*and make democracy strong.*
*Vote for progress, vote for peace*
*Never vote for war.*
*Vote for education, vote for the nation*
*Never vote for casts.*
*Vote for employment, vote for jobs*
*Never vote for coins.*
*Vote for nourishments, vote for health*
*Never vote for wine.*
*If you see any wrongsspreading around*
*Don't let your voice rest.*
*Come out of your homes with ibrant zeal*
*Enjoy this pious fest.*

**Dr. Meenakshi Choubey**
**Professor**
**J.H. vovt. PG College Betul (MP)**

## ढाई लाख से ज्यादा किए एसएमएस, हजारों पत्रिकाओं में छपी अपील

# पांच प्रयोगों का प्रयास रंग लाया: मतदान प्रतिशत बढ़ाने प्रशासन ने रोका 2600 परिवारों का पलायन

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा चुनाव में बैतूल जैसे आदिवासी जिले में हुई वोटिंग को लेकर पूरे प्रदेश में चर्चाओं के पीछे मूल वजह यह भी रही है कि देश के केंद्र में स्थित इस जिले की राजनीति से कहीं न कही प्रदेश और केंद्र की भी राजनीति प्रभावित होती रही है।

इस बार बम्पर वोटिंग की वजह से राजनीतिक चाणक्य भी कभी राजनीतिक बदलाव तो कभी अंडर करंट के पेंच में उलझे हुए हैं। बहरहाल स्थिति जो भी हो लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि मतदाताओं को जागरूक करने प्रशासन ने पूरी ईमानदारी से प्रयास किए हैं। बैतूल में मतदाता जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तरूण कुमार पिथोड़े के मार्गदर्शन में पांच प्रयोग हुए। इनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रयास हर वर्ष रोजगार के लिए पलायन करनेवाले मजदूर वर्गीय परिवारों को मतदान की तिथि तक रोकने के रहे। प्रशासन ने ऐसे सैकड़ों परिवारों के बीच पहुंचकर समझाईश दी और प्रयास कारगर भी साबित हुए। इसका उदाहरण बैतूल विधानसभा की तुलना में आदिवासी बाहुल्य एवं अंचलों की विधानसभाओं में हुए अधिक मतदान से स्पष्ट है। प्रशासन द्वारा जो पांच कदम मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए उठाए थे उनमें शादी,बर्थडे एवं अन्य आयोजनों के आमंत्रण कार्ड एवं पत्रिकाओं में मतदान की अपील, स्वीप प्लान के तहत जागरूकता अभियान और मोबाईल पर एसएमएस के जरिए लोगों को जागरूक करना भी शामिल था।



## पलायन करने वाले परिवारों को किया चिन्हित और उन्हें रोका

बैतूल जिले में आमतौर पर गेहूं की कटाई के लिए मार्च माह से ही पलायन का दौर शुरू हो जाता है। गांव के गांव खाली हो जाते हैं। खासतौर पर भैंसदेही, चिचोली, भीमपुर, आठनेर, घोड़ाडोंगरी जैसे आदिवासी बेल्ट के लोग गन्ना कटाई, घाने एवं गेहूं कटाई के लिए महाराष्ट्र के अलावा पड़ोसी जिलों में महीनों के लिए पलायन कर जाते हैं। इस चुनौती को भांपते हुए कलेक्टर तरूण कुमार पिथोड़े ने चुनावी बैठकों का दौर शुरूहोने के साथ ही अधीनस्थ महकमें को पलायनकरनेवाले परिवारों पर फोकस करने के निर्देश दे दिए थे। मैदानी अमले के साथ सामंजस्य बनाकर प्रशासनने पलायन करने वाले परिवारों को पहले चिन्हित किया। स्कूलों में मार्चमाह में जिन बच्चों की अनुपस्थिति मिली उनके घर जाकर सम्पर्क किया गया, ऐसे में एक के बाद एक परिवार चिन्हित होते चले गए। पूरे जिले में रोजगार के लिए पलायन कर जाने वाले 2600 परिवारों के बीच प्रशासनने दस्तक दी। इस पूरे अभियान में ग्राम पंचायतों के सचिवों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य मैदानी अमला पूरी तरह अलर्ट था।

## मतदान केंद्र का सेक्टर अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे ने किया निरीक्षण

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** गौठाना क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 137 व 138 का शनिवार सेक्टर ऑफिसर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला गौठाना की प्रधानपाठिका मोनिका वर्मा आंगनवाड़ी केंद्र की अन्य कार्यकर्ता एवं मतदान केंद्र 138 की बीएलओ गायत्री बारस्कर मतदान केंद्र क्रमांक 137 बीएलओ किरण चौधरी मतदान केंद्र पर उपस्थित मिली। डॉडोंगरे ने बीएलओ को मतदान के संबंध में समझाइश देते हुए रंगीन आमंत्रण पत्र दिए। आमंत्रण पत्र द्वारा 6 मई 2019 को मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. डोंगरे ने बताया कि गौठाना मतदान केंद्र में बिजली पानी शौचालय छाया की व्यवस्था अच्छी है। इस अवसर पर सहायिका मालती कुंभारे व गीतांजलि सहारे उपस्थित थीं।



## मतदान का प्रतिशत बढ़ाने कलेक्टर के विशेष प्रयास रंग लाए



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा आम निर्वाचन 2019 में बैतूल संसदीय क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक मतदान से भले ही सभी भौंचकके है। मतदान के आंकड़े सुनकर सभी कए ही सवाल करते नजर आ रहे हैं कि गर्मी एवं पलायन के बावजूद इतना बम्फर मतदान आखिर कैसे हो गया। बैतूल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण कुमार पिथौड़े द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के साथ ही मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये गये विशेष प्रयासों से बैतूल संसदीय क्षेत्र में 78 फीसदी एवं बैतूल जिले में 80 फीसदी मतदान हुआ है।

## दूल्हे ने अपनी दुल्हन से शादी के पहले कराया मतदान



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकतंत्र के इस महापर्व मे आहुति देने के लिए कोई भी मतदाता इस अवसर को गवाना नही चाहता है,जिसकी बानगी बैतूल से 12 किलोमीटर दूर लापाझिरी गाव मे देखने को मिली ,जहा बयेगाव से बारात तो समय पर आ गई लेकिन जब दूल्हे ने देखा की उसकी होने वाली दुल्हन से अब तक मतदान नही किया तो खुद मतदान कराने ले गया। ये है दोनों दूल्हा दुल्हन जिनकी शादी होने से पहले दूल्हे ने बारात ले जाने से पहले अपने गाँव बयेगाव मे मतदान को प्राथमिकता दे कर मतदान किया उसके बाद वह अपनी दुल्हन को लेने बारात के साथ दुल्हन के घर पहुचा तो देखा कि दुल्हन ने अब तक मतदान नही किया तो खुद ही वह दुल्हन को लेकर मतदान केंद्र पहुचकर पहले मतदान कराया और कहा कि आज के दिन पहले मतदान जरूरी है जिसके बाद शादी भी हो सकती है और दूल्हे ने ऐसा ही किया ,वही दुल्हन ने भी बताए कि उसके ससुराल से जो संदेश आया था उसमें कहा था कि पहले मतदान होगा फिर शादी।

## पहले किया मतदान फिर लिए सात फेरे



## विवेकानंद वार्ड के साहू परिवार ने की पहल, आज होगा पूजा का विवाह, कहीं वोटिंग के बाद कराए फेरे

# बैतूल की दुल्हन ने मतदान होने से बदली विवाह की तारीख, कहा- पहले डलेंगे वोट, फिर फेरे

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के लिए बैतूल की एक दुल्हन ने विवाह की तारीख 1 दिन बढ़ा दी। पहले विवाह की तिथि 6 मई निकली थी, लेकिन परिवार की सहमति से विवाह की तिथि आगे बढ़ाकर 7 मई कर दी। सोमवार को हल्दी रस्म के बाद दुल्हन ने पहले मतदान केंद्र पहुंचकर वोट दिया। विवेकानंद वार्ड की पूजा पिता गणेश साहू का विवाह मुलताई के बाड़ेगांव निवासी हनुमंता साहू के साथ तय हुआ। फरवरी में ही दोनों के विवाह की तिथि 6 मई निकली। इसके बाद लोस चुनाव की तिथि 6 मई को घोषित हो गई। दोनों परिवारों ने मतदान करने के लिए विवाह की तिथि को एक दिन आगे 7 मई कर दिया। विवेकानंद वार्ड के मतदान केंद्र में दुल्हन बनी पूजा मतदान करने पहुंची। पूजा ने पूरे परिवार के साथ उत्साह से मतदान किया।







पूजा ने बताया मतदान के दिन शादी होने से परिवार के लोग तथा मेहमान सहित बाराती वोट नहीं डाल पाते। इसलिए दोनों परिवारों की सहमति से विवाह की तिथि 1 दिन आगे बढ़ाई। उन्होंने बताया मेरे पति नेवी में हैं इस कारण देश हित में विवाह की तिथि बढ़ाने में सहमति दी। पूजा के भाई नीलेश ने कहा मतदान हमारा अधिकार है। इसलिए तिथि आगे बढ़ाई ताकि मतदान कर सके। चूंकि 6 व 7 मई को विवाह का मुहूर्त था। इसके कारण कोई परेशानी नहीं हुई।

### यह भी अनूठा:दिन में दिया वोट, शाम को लिए फेरे

आमला ब्लॉक की ग्राम पंचायत खापाखतेड़ा निवासी मनोज रहड़वे का विवाह कौशल्या पटवारी से 6 मई को शाम को हुआ। सोमवार को लोकसभा चुनाव में दूल्हा-दुल्हन ने पहले देश के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए मतदान केंद्र क्रमांक 189 में मतदान किया। इसके बाद शाम को सात जन्मों के बंधन में बंध गए।

### दूल्हा बनकर मतदान करने पहुंचे राजेश अलोने

बैतूलबाजार के विष्णु वार्ड निवासी राजेश अलोने दुल्हा बनकर समेकित स्कूल के मतदान केंद्र 179 में मतदान करने पहुंचे। राजेश अलोने ने बताया कि वोट डालना हमारा अधिकार होता है। इसलिए इस दायित्व का निर्वहन करने के बाद ही उन्होंने दुल्हन को लाने के लिए बारात निकाली।

# कलेक्टर ने युवाओं को बताया संविधान में दिया मतदान का अधिकार

## मतदान में प्रथम बार शामिल हो रहे मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत शुक्रवार 03 मई को जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बैतूल में फर्स्ट टाइम वोटर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के समस्त महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से वे विद्यार्थी शामिल हुए, जो 01 जनवरी 2019 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लोकसभा निर्वाचन 2019 में पहली बार अपने मताधिकार प्रयोग करने जा रहे हैं, उपस्थित हुए।



कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण कुमार पिथोड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी, जिला आईकॉन डॉ. एनआर पाढ़ी, डॉ. पूनम पाढ़ी, जिला दिव्यांग आईकॉन श्री रामबरन पाल, शिवम् ठाकुर, एवं शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बैतूल का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में रैप गीत गाकर मतदान में प्रथम बार शामिल हो रहे मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित गरबा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर श्री पिथोड़े द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित युवा मतदाताओं को संविधान द्वारा दिए गए मतदान के अधिकार को बताते हुए सभी से मतदान करने की अपील की गई। जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री त्यागी ने कहा कि पहली बार मतदान कर रहे युवा जिम्मेदारी पूर्वक मतदान करें तथा आसपास के समस्त मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। शनिवार 04 मई को प्रभातपट्टन एवं आमला विकासखंड में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती, धात्री महिलाओं को अग्रगमन पास वितरित किए गए। मुलताई विकासखंड में भी ग्राम मालेगांव एवं बड़गांव में अग्रगमन पास वितरित किए गए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घोड़ाडोंगरी विकासखण्ड में भी गर्भवती, धात्री महिलाओं को अग्रगमन पास वितरित किए गए। विकासखंड भीमपुर अंतर्गत ग्राम हिड़ली के मतदान केन्द्र क्रमांक 92, प्रभुढाना एवं चूनालोहमा में झूला घर, आंचल कक्ष का निरीक्षण परियोजना अधिकारी भीमपुर द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम कुंडारैयत में झूलाघर बनाकर उसे सजाया गया एवं गर्भवती, धात्री महिलाओं को अग्रगमन पास वितरित किए गए।

# 1568 मतदान केंद्रों पर लोकतंत्र के लिए एक साथ किया दीपदान, लोगों को दिलाई शपथ

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मतदाता जागरूकता अभियान में नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के 1568 मतदान केंद्रों पर एक साथ लोकतंत्र के लिए दीपदान किया गया। कारगिल चौक स्थित आंबेडकर भवन में मतदान केंद्र पर सीईओ जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एमएल त्यागी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग सुमन पिल्लई की उपस्थिति में दीपदान किया। आंबेडकर भवन में स्थित पिंक मतदान केन्द्र को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में बनाया गया है। आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 92 और शासकीय प्राथमिक शाला विनोबा नगर में भी महिला एवं बाल विकास विभाग ने दीप प्रज्वलित कर लोगों को शपथ दिलवाई




गई। चिचोली के नसीराबाद में मतदान केन्द्र 254 पर महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताओं द्वारा और शासकीय प्राथमिक शाला ऊंचागोहान एवं शासकीय माध्यमिक शाला अटारी में भी दीप प्रज्वलन कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। यहां हुआ काव्य पाठ गुरुवार रात को ओपन ऑडिटोरियम में काव्य संध्या निर्भय हो मतदान करेंगे का आयोजन किया। कलेक्टर तरुण कुमार पिथोड़े तथा सीईओ एमएल त्यागी ने दीप प्रज्जवलित कर काव्य संध्या शुरू की। काव्य संध्या में उप संचालक उद्यानिकी डॉ. आशा उपवंशी वासेवार, मनोज शुक्ल हिन्दुस्तानी, संतोष जैन, राजकुमार कौरी राज, वसंत मिरासे, महेन्द्र गुदवारे, डॉ. प्रार्थना पंडित मालवीय, अरूणा पाटनकर एवं कु. आद्या तोमर ने मतदाता जागरूकता पर काव्य पाठ किया।

## दीपयज्ञ कर ग्रामीणों को मतदान करने की दी प्रेरणा



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल लोकसभा चुनाव के तहत रानीपुर में मतदान की तिथि नजदीक आते ही मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन का अभियान तेज हो गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 100 फीसदी मतदान के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में दीपयज्ञ कर लोगों को मतदान करने की प्रेरणा दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी 100 फीसदी मतदान का संकल्प लिया।

## चाय चौपाल लगाकर बताया वोट का महत्व



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज के छात्रों एवं प्राध्यापकों ने शुक्रवार को चाय चौपाल कार्यक्रम व छात्रावास में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्रों एवं प्राध्यापकों ने गंज क्षेत्र के चाय के ठेले और होटलों में लोगों से चर्चा कर मतदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. प्रदीप राव के मार्गदर्शन में एवं कॉलेज नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. रमाकांत जोशी, दिव्यांग एम्बेसडर अकलेश पंवार, कृष्णा पंवार ने भारतीय लोकतंत्र में हमारे वोट की भूमिका विषय को समझाया।

## एलआईसी कर्मचारियों ने ली मतदान करने की शपथ

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मप्र निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार, जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल तरूण पिथौड़े, जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेश के परिपालन में जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप सिंह राव के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. रमाकांत जोशी ने छात्र-छात्राओं और कॉलेज के कर्मचारियों को साथ लेकर लाईफ इंशोरेंस ऑफ इंडिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर एलआईसी के सभी कर्मचारियों को निमंत्रण पत्र देकर 6 मई को मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। इस मौके पर



जगत सिंह कुलेश ने कहा कि जिस तरह हम अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए जीवन का बीमा करते हैं वैसे ही लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए मतदान जरूरी है। डॉ.रमाकांत जोशी ने कहा कि प्रत्येक मतदाता का जागरूक होना अत्यंत जरूरी है तभी वह अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझ सकेगा। मतदान हमारा संविधान प्रदत्त अधिकार है इसका उपयोग अवश्य करें। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक जगत सिंह कुलेश, प्रशासनिक अधिकारी अजय जैन, एलआईसी स्टॉफ के किशनलाल, राजेश कुमार, रूपेश मालवीय, कुंजीलाल उइके, सुखदेव महाले, अशोक कुमार बचले, दिसी शुक्ला, दीपक कुमार की उपस्थिति में मतदान की शपथ दिलवाई गई। अभियान को सफल बनाने में दिव्यांग कैम्पस एम्बेसडर अकलेश पंवार, कृष्णा पंवार, कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, छात्रावास प्रबंधक एलपी साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## इनके हाथों रही सुरक्षा की जिम्मेदारी...कार्तिकियन के, एसपी

# चप्पे-चप्पे की सुरक्षा के लिए 3 हजार 500 जवान तैनात, 7 हजार मतदान कर्मियों ने कराया चुनाव

### जिले के 291 मतदान केंद्र क्रिटिकल, 4 से 6 जवान रहेंगे तैनात, वेबकास्टिंग और सीसीटीवी से निगरानी

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल-हरदा-हरसूद संसदीय सीट के लिए 6 मई को होने वाले चुनाव के लिए शनिवार शाम 6 बजे चुनावी शोर थम गया। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासन का 72 घंटे का स्पेशल ऑपरेटिंग सिस्टम भी शुरू हो गया। मतदान दल रविवार सुबह से मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। जिले को मिले 3500 सुरक्षाकर्मी और 7000 अधिकारी-कर्मचारी चुनाव कराएंगे। जिले में 291 मतदान केंद्र क्रिटिकल श्रेणी में रखे गए हैं,जहां पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेंगी। इन केंद्रों की वेबकास्टिंग और सीसीटीवी के जरिए लगातार पूरे मतदान तक निगरानी भी की गई। बीते कई दिनों से जारी चुनावी शोर शनिवार शाम 6 बजे से पूरी तरह थम गया। इसके बाद अब न तो कोई आमसभा हो सकेगी और न ही कोई जुलूस निकाला जा सकेगा। अब प्रत्याशी बिना किसी तामझाम के साथ घर-घर जाकर केवल व्यक्तिगत संपर्क कर सकेंगे। वैसे राजनीतिक दल इसके बाद ही जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकेंगे। इधर प्रशासन ने भी चुनाव कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले की सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों के 1568 मतदान केंद्रों पर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। मतदान कराने के लिए कर्मचारियों को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मतदान के लिए लगभग 7000 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 161 सेक्टर ऑफिसर हैं। कल सुबह से सभी विधानसभा क्षेत्रों के सामग्री वितरण केंद्रों से मतदान दलों को रवाना भी कर दिया जाएगा। जिले में 291 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं।



इनमें सबसे ज्यादा 70 केंद्र भैंसदेही में हैं। इन केंद्रों पर 1 एसपीओ, 1 स्थानीय वर्दीधारी जवान और अर्ध सैनिक बल का हाफ सेक्शन तैनात रहेगा। इसमें कम से कम 4 और अधिकतम 6 सशस्त्र जवान होते हैं। क्रिटिकल मतदान केंद्रों में से 153 की वेबकास्टिंग और 157 की सीसीटीवी कैमरों से पूरे मतदान के दौरान निगरानी की जाएगी। जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में 5-5 इस तरह 25 मतदान केंद्र पिंक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

#### वाहनों में लगे जीपीएस सिस्टम

जिले भर में मतदान संबंधी कार्यों के लिए 1200 वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। इनमें से 300 का उपयोग सुरक्षा बलों को लाने-ले जाने में किया जाएगा। इन्हें छोड़ कर उन सभी वाहनों की लोकेशन की जीपीएस से निगरानी की जाएगी, जिनमें ईवीएम और वीवीपैट मशीनें रहेंगी। इसके लिए इस बार एक दिन पहले ही वाहनों का अधिग्रहण कर लिया गया है और उनमें जीपीएस लगाने का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। वाहनों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 356 रूट बनाए गए हैं। इन रूटों से ही वाहन जाएंगे। मतदान केंद्रों के लिए वाहन रवाना तो 5 स्थानों से होंगे, लेकिन सभी वाहन मतदान के बाद ईवीएम लेकर जेएच कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम ही आएंगे।

#### इन स्थानों से आया फोर्स

जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए 10 बटालियन का फोर्स मिला है। हर बटालियन में 100-100 जवान रहते हैं। इनमें सेंट्रल पैरामिलेट्री फोर्स की 4 बटालियन, छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स की 3 बटालियन, एमपी स्टेट आर्म्स फोर्स की 2 बटालियन शामिल हैं। इसके अलावा एक 13 वीएन बटालियन पहले ही जिले में मौजूद हैं। इनके अतिरिक्त जबलपुर, छिंदवाड़ा और सिहोर के जिला पुलिस बल और होमगार्ड से 1700 जवान भी मिले हैं। जिले में भी लगभग 700 जवान हैं। यह सभी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। एडीशनल एसपी रामस्नेही मिश्रा ने बताया कि इन बलों को 60 वाहनों से मतदान केंद्रों पर रवाना किया जाएगा। 162 सेक्टर पुलिस ऑफिसर रहेंगे, जो कि 5 से 10 केंद्रों की व्यवस्था देखेंगे और 8 सुपरवाइजरी ऑफिसर रहेंगे। कहीं भी किसी घटना-दुर्घटना की सूचना मिलने पर तत्काल पहुंचने के लिए 17 क्विक रिस्पांस टीमें रहेंगी और 17 थाना मोबाइल भी लगातार भ्रमण करती रहेंगी।

## आदिवासी लोकगीत सहित पोस्टरों से किया मतदान के लिए प्रेरित

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत शुक्रवार 26 अप्रैल को जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा आदिवासी गीतों के माध्यम से मतदाता जागरूकता की जानकारी दी गई। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बैतूल के कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी की छात्रा केम्पस एम्बेसेडर कु. पिंकी धुर्वे ने स्कूल स्टाफ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से ग्रामीणों को 06 मई 2019 सोमवार को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन 2019 में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

## बारिश का पानी सहेजने तत्काल उपाय जरूरी

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** नगर के शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष, महिला इकाई द्वारा एक दिवसीय जल संरक्षण एवं जल संवर्धन पर कार्यशाला हुई। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ एचडी डोंगरे, महाविद्यालय प्रचार्य जितेंद्र दवंडे, प्रो.नरेंद्र सोनी, डॉ एसआर झरबड़े, प्रो. राजेंद्र नागले, प्रो. राजू पिपरदे, डॉ कृष्णा लहरपुरे, प्रो.कमलेश देवकते मौजूद थे। इस अवसर पर जिला संगठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले में विगत दो वर्षों से हो रही अल्पवर्षा को दृष्टिगत रखते हुए वर्षा जल सहेजने के उपाय तत्काल किया जाना अति आवश्यक है। महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा- पानी को व्यर्थ बहाव रोके इसकी जागरूकता के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व जल दिवस पर इस वर्ष की थीम रखी है किसी को पीछे नहीं छोड़ना है। इस संरक्षण व संवर्धन पर प्रो.झरबड़े ने कहा प्राकृतिक संसाधन के प्रति हमारे मन में श्रद्धा होनी चाहिए। प्रो.नरेंद्र सोनी ने कहा हमारे मुख्य लक्ष्य पानी को संरक्षित कर उसे सहेजना है। इस अवसर पर प्रो.राजेंद नागले ने कहा हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना



चाहिए। हैंडपम्प के सामने सोख्ता गड्ढे का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.पिपरदे ने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन पर सामूहिक शपथ ली एवं प्रत्येक स्वयंसेवक ने पांच वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यशाला सफलता पूर्वक होने पर प्रोफेसर राजू पिपरदे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र, छात्राये विनित, अंकुश पाटणकर, राधिका, अंकिता, धर्मेंद्र, मुस्कान काबरा, रागिनी राठौर, रुचिता आमलेकर, चंद्रभागा, प्रफुल पाल, प्रियदर्शनी ठाकुर, अखिलेश पवार, गौरव डोंगरे सहित सैकड़ों छात्र मौजूद।

# स्वीप प्लान को बैतूल जिले में मिली भारी सफलता

## मतदान बढ़कर हुआ 80 प्रतिशत

राज्य चुनाव आयोग मध्यप्रदेश के सीईओ व्ही कांताराव, बैतूल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण कुमार पिथौड़े, जिला पंचायत सीईओ एवं जिला स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी एम.एल. त्यागी स्वीप प्लान में कार्यरत जिले के समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी स्वीप प्लान के सहायक नोडल अधिकारी विवेक तिवारी, पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह भदौरिया स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी महाविद्यालय जिला डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं सारी टीम द्वारा कलेक्टर तरूण कुमार पिथौड़े के मार्गदर्शन में मतदान प्रतिशत बढ़कर 80 प्रतिशत तक पहुंच जाना जिले के स्वीप प्लान में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए सुखद एवं रोमांचित कर देने वाली अनुभूति है। जिससे सारे जिले के प्रजातंत्र प्रेमी नागरिकों के लिए गौरव का क्षण निर्मित हुआ है बैतूल जिला एवं मध्यप्रदेश का मतदान प्रतिशत बढ़ने में सारे देश में अग्रणी होना हमारे लिए गर्व का क्षण है। चुनाव आयोग एवं स्वीप प्लान में लगे अधिकारियों का यह प्रयास हमें देश के लोकतंत्र के हित में अत्यंत सार्थक एवं शुभ है यह ऐसे ही सतत् आगे बढ़ता रहे और 90 प्रतिशत, 95 प्रतिशत तक पहुंचे।

**डॉ. रमाकांत जोशी**
**संपादक**

# बूथ सैनिकों ने मतदान के दिन निभाई अपनी सक्रिय भूमिका



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 6 मई 2019 को जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के बूथ सैनिक, दिव्यांग कैम्पस एम्बेसेडर श्री अकलेश पवार द्वारा ग्राम हेटी खापा के बूथ क्रमांक 27 में बखूबी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उन्होंने बूथ सैनिक के रूप में शत प्रतिशत मतदान में अपना सहयोग किया। इस मौके पर सेक्टर अधिकारी श्री झामसिंह बारस्कर ने बताया कि बूथ सेनिकों ने सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर पर चुनाव कर्मचारी, पुलिस ऑफिसर, ग्राम पंचायत सचिव श्री सुरेन्द्र पवार, बी.एल.ओ. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, श्रीमती देवना पवार आदि भी बूथ पर उपस्थित रहे।

# जिला उद्यानिकी अधिकारी को मतदान के लिए दिया आकर्षक आमंत्रण पत्र



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 6 मई 2019 के लिए मतदाता जागरूकता के अंतर्गत जेएच कॉलेज के नोडल अधिकारी स्वीप प्लान डॉ. सुखदेव डोंगरे, जेएच ई न्यूज के संपादक डॉ. रमाकांत जोशी ने जिला उद्यानिकी अधिकारी डॉ. आशा उपवंशी वासेवार एवं सहायक पेंशन अधिकारी गणेश सोनी को मतदान के लिए आकर्षक मल्टीकलर आमंत्रण पत्र देकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं अपने ईष्ट मित्रों, परिजनों, रिश्तेदारों को आमंत्रण के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं उन्हें आमंत्रण पत्र भेंट किए। जेएच कॉलेज की ओर से 500 आमंत्रण पत्र छपवाए गए और नगर एवं ग्रामीणों को प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा उक्त आमंत्रण पत्र ऑफिसों एवं घरों में जाकर बांटे गए।

सोशल मीडिया वाट्सएप एवं फेसबुक के जरिए यह आमंत्रण पत्र पूरे मध्यप्रदेश एवं देश में आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस आमंत्रण की मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में भी सराहना की गई।

# दिव्यांगों और बुजुर्गों को मतदान के लिए केंद्र पर किया सहयोग



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 6 मई 2019 को जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक ललित तायवाड़े ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल तरुण कुमार पिथौड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.एल. त्यागी के आदेशानुसार जे.एच. कॉलेज बैतूल कैम्पस एंडेसेडर एवं बूथ सैनिक के रूप में मतदान केंद्र पर रहकर मतदान दिवस के दिन 6 मई को दिव्यांगों, बुजुर्गों एवं बीमारजनों को मतदान करने में सहयोग किया।

# मतदाता जागरूकता के लिए छात्रा बूथ सैनिक और कैम्पस एंबेसेडरों ने निभाई बेहतर जिम्मेदारी








**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 6 मई 2019 में मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बूथ सैनिकों ने मतदान केंद्र पर दिव्यांग, बुजुर्ग, बीमार एवं अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए बूथ पर सहायता की। शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में छात्रा बूथ सैनिकों ने अलग-अलग मतदान केंद्रों पर जाकर गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग महिलाओं और महिलाओं को एवं बुजुर्ग जनों, दिव्यांगों को मतदान करने घर से लाकर मतदान कराया। इसके अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं ने भी बूथों पर पहुंचकर मतदान में सहायता की। रानीपुर के आमढाना मतदान केंद्र पर भी छात्रा बूथ सैनिकों ने मतदान करने में मतदाताओं की सहायता की।

## कविताओं से किया मतदान के लिए जागरूक










# मतदाता जागरूकता अभियान के बाद जल संरक्षण अभियान प्रारंभ किया

## पानी का सम्मान करें, सहेजें और बचाएं, कार्यशाला संपन्न



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा विज्ञान संकाय में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन पर कार्यशाला घोड़ाडोंगरी महाविद्यालय के प्राणिशास्त्र के प्राध्यापक डॉ.एके चौबे, विभाग अध्यक्ष डॉ.पीके मिश्रा, बायोटेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.सुखदेव डोंगरे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.बीडी नागले, डॉ. रमांकात जोशी की उपस्थिति में जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर डॉ.एके चौबे ने कहा कि जल संकट आने पर ही नहीं बल्कि हमेशा ही पानी को सम्मान दो, इसे सहेजो और बचाओ। डॉ.पीके मिश्रा ने कहा कि विगत दो वर्षों से कम वर्षा के कारण जल संकट उत्पन्न हो गया है। प्रत्येक घर में सोख्ता गड्ढा बनाना चाहिए। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने घरों के सामने पानी की टंकी व छतों पर पानी के बर्तन अवश्य रखे इस भीषण ग्रीष्म ऋतु में पशु-पक्षियों को भी पानी की हमारी तरह ही आवश्यकता होती है। डॉ.बीडी नागले ने पौधारोपण और अकलेश पंवार ने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की बात कही। कार्यशाला का संचालन डॉ.दुर्गा मीणा ने व डॉ.विनय राठौर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कल्पना बारस्कर, प्रो.प्रीति नावंगे, प्रो.निहारिका भावसार, राजकुमार चौकीकर, खुशीलाल मोरी, मुकेश करोले, नितेश सूर्यवंशी, राजेश वरकड़े, अभीजित वाडिया, राज यादव, सीता सोनारे, युवराज राजपूत, मोनिका डिगरसे सहित लगभग दो सैकड़ा छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

प्राचार्य - डॉ. खेमराज मगरदे- संपादक - डॉ. रमाकांत जोशी- 9407596777, सह संपादक - डॉ. सुखदेव डोंगरे- 9425005333 जे.एच. कॉलेज बैतूल म.प्र.

# स्वीप प्लानः मतदाता जागरूकता के कारण बैतूल लोकसभा चुनाव में 12.98 प्रतिशत ज्यादा हुआ मतदान

## वोटिंग प्रतिशित बढ़ाने में प्रदेश की 27 लोकसभा सीटों से ज्यादा रहा बैतूल का प्रतिशत

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा चुनाव के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप प्लान के प्रभारी श्री एमएल त्यागी सहित विभिन्न अधिकारियों के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। शासन प्रशासन के साथ ही जिले की शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं द्वारा चलाया गए मतदाता जागरूकता अभियान की सबसे बड़ी सफलता यह रही कि बैतूल लोकसभा सीट का वोटिंग प्रतिशत से बार 12.98 प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव से ज्यादा रहा।




इसका श्रेय मतदाता जागरूकता अभियान को पूरी तरह से जाता है। सबसे सफलता की बात तो यह है कि पूरे मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में केवल दो सीटों को छोड़ दें तो बाकी 27 लोकसभा सीटों में सबसे ज्यादा वोटिंग बैतूल लोकसभा सीट पर हुई है। जिसके कारण यहां पर बेहतर परिणाम सामने आए और वोटिंग का प्रतिशत 2014 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 12.98 प्रतिशत बढ़ा। गांव-गांव में मतदाता जागरूकता के कारण ही लोकसभा चुनाव में प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा लगभग 2700 ऐसे परिवार जो हर साल रोजीरोटी के लिए पलायन कर जाते थे उन्हें भी प्रशासन ने रोका और मतदान के प्रति जागरूक किया। कुल मिलाकर शासन-प्रशासन द्वारा चलाए गए स्वीप प्लान, मतदाता जागरूकता की ही यह सफलता है कि जिससे वोटिंग का प्रतिशत बढ़ा है। प्रतियोगिताओं से लेकर शपथ ग्रहण, मेंहदी, रंगोली, चाय पर चर्चा, पोस्टर लेखन जैसी अनेक गतिविधियां आयोजित की गई।

**बैतूल जिले का वोटिंग प्रतिशत-2019**
**78.15%**

**लोकसभा चुनाव 2019 में बढ़ा प्रतिशत**
**12.99%**

**लोकसभा चुनाव 2014 में इतना था प्रतिशत**
**65.17%**

### Generral Election 2019

| PC No. & Name | Electors (inc Service Electars) | Counted Votes | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | EVM Votes | Poostal Votes | Total Votes | Votes % | General Election 2014% |
| 1- MORENA | 1837723 | 1132768 | 4522 | 1137290 | 61.89 | 50.18 |
| 2- BHIND (SC) | 1765334 | 954959 | 5728 | 960687 | 54.42 | 45.58 |
| 3- GWALIIOR | 2000744 | 1192526 | 3570 | 1196096 | 59.78 | 52.80 |
| 4- GUNA | 1675724 | 1172627 | 5796 | 1178423 | 70.32 | 60.89 |
| 5- SAGAR | 1583129 | 10358874 | 1301 | 1037175 | 65.51 | 58.67 |
| 6- TIKAMGARH (SC) | 1647399 | 1094935 | 1777 | 1096712 | 66.57 | 50.16 |
| 7- DAMOH | 1768777 | 1163792 | 434 | 1164226 | 65.82 | 55.33 |
| 8- KHAJURAHO | 1842095 | 1256770 | 1013 | 1257783 | 68.28 | 51.36 |
| 9- SATNA | 1575064 | 1111916 | 1740 | 1113656 | 70.71 | 62.63 |
| 10- REWA | 1679534 | 1009607 | 3644 | 1013251 | 60.33 | 53.75 |

# Generral Election 2019

| PC No. & Name | Electors (inc Service Electars) | Counted Votes | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | EVM Votes | Poostal Votes | Total Votes | Votes % | General Election 2014% |
| 11- SIDHI | 1845547 | 1280946 | 1759 | 1282705 | 96.50 | 57.00 |
| 12- SHAHDOL (ST) | 1656474 | 1234773 | 3085 | 1237858 | 74.73 | 62.08 |
| 13- JABALPUR | 1819893 | 1262611 | 962 | 1263573 | 69.43 | 58.55 |
| 14- MANDLA (ST) | 1951267 | 1513959 | 3296 | 1517255 | 77.76 | 66.79 |
| 15- BALAGHAT | 1767725 | 1366885 | 5133 | 1372018 | 77.61 | 68.32 |
| 16- CHHINDWARA | 1514783 | 1246210 | 1821 | 1248031 | 82.39 | 79.00 |
| 17- HOSHANGABAD | 1706141 | 1264679 | 1190 | 1265869 | 74.19 | 65.80 |
| 18- VIDISHA | 1741604 | 1246409 | 3835 | 1250244 | 71.79 | 65.71 |
| 19- BHOPAL | 2142861 | 1406236 | 1718 | 1407954 | 65.70 | 57.75 |
| 20-RAJGARH | 1694329 | 1258060 | 2269 | 1260329 | 74.39 | 64.03 |
| 21-DEWAS (SC) | 1760503 | 1396744 | 2202 | 1398946 | 79.46 | 70.75 |
| 22- UJJAIN (SC) | 1661229 | 1250465 | 2046 | 1252511 | 75.40 | 66.63 |
| 23- MANDSOUR | 1760875 | 1368236 | 2431 | 1370667 | 77.84 | 71.41 |
| 24- RATLAM (ST) | 1851112 | 1397455 | 3054 | 1400509 | 75.66 | 63.62 |
| 25- DHAR (ST) | 1786151 | 1342545 | 1587 | 1344132 | 75.25 | 64.55 |
| 26- INDORE | 2350580 | 1626736 | 2375 | 1629108 | 69.31 | 62.26 |
| 27- KHARGONE (ST) | 1834385 | 1425298 | 2309 | 1427607 | 77.82 | 67.67 |
| 28- KHANDWA | 1909055 | 1466341 | 1797 | 1468138 | 76.90 | 71.48 |
| 29- BETUL (ST) | 1737437 | 1356580 | 1277 | 1357857 | 78.15 | 65.17 |
| State Total | 51867474 | 36836942 | 73668 | 36910610 | 71.16 | 61.61 |

## Betul Votes %

# 78.15



## मतदाता जागरूकता सबसे बड़ा हथियार बना वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में...

जे.एच. ई न्यूज, बैतूल। लोकसभा चुनाव 2019 में रिकार्डतोड़ मतदान का पूरा श्रेय जिला प्रशासन एवं उनके स्वीप प्लान को जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तरुण पिथोड़े, जिला स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ एमएल त्यागी ने मैदानी स्तर पर जो तोड़ मेहनत की। इसका परिणाम यह हुआ कि जिले का अग्रणी लीड कॉलेज जेएच कॉलेज में भी चुनावी गतिविधियां चली। जेएच कॉलेज के स्वीप प्लान नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं समस्त कॉलेज के स्टॉफ छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से लेकर मतदान केंद्र तक कड़ी मेहनत की जिसका परिणाम यह हुआ कि रिकार्डतोड़ मतदान हुआ वहीं नहीं इसके अलावा गैर शासकीय शिक्षण संस्थान, तमाम शहर की संस्थाओं ने भी मतदाता जागरूकता के लिए कंधे से कंधा मिलाया और जमकर मेहनत की। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर हुए नवाचार को बैतूल जिले में ही नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में भी सराहना मिली।

# रेडक्रॉस ने निकाली रैली, मोटू-पतलू ने दिया मतदान करने का संदेश



**बैतूल जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** रेडक्रॉस सोसायटी ने रविवार को शहर के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने रैली निकाली। रैली में मोटू-पतलू ने लोकसभा चुनाव में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। रेडक्रास के चेयरमैन डॉ. अरुण जयसिंग ने बताया यह रैली बस स्टैंड से होकर लल्ली चौक, थाना रोड होते हुए लल्ली चोक पहुंची। इस दौरान रैली में शामिल लोगों ने हाथ में तख्ती लेकर सभी को मतदान करने का महत्व बताते हुए आवश्यक रूप से मतदान करने की प्रेरणा दी। इस रैली में जिला पंचायत सीईओ एमएल त्यागी, डॉ. एनआर पाडी, डॉ. एचएल कसेरा, मनीष दीक्षित, आनंद नरवरे, राहुल कावले सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता पर हुई निबंध प्रतियोगिता में करिश्मा प्रथम, कीर्ति द्वितीय रहे



**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2019 मतदाता जागरूकता विषय पर महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान करिश्मा नागले, द्वितीय कीर्ति धाकड़े, तृतीय दिव्या नादुंरकर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता का संयोजक प्रो.राजेश शेषकर, स्वीप प्लान नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.जीपी साहू, डॉ.कमलेश अहिरवार, डॉ.विनय राठौड़ आदि मौजूद थे। प्रतियोगिता के आयोजन में कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, दिव्यांग कैंपस एम्बेसडर अकलेश पंवार सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

## महाविद्यालय परिसर में छात्रों ने ली मतदान की शपथ



**सारनी।** कोई भी युवा मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे। एक एक वोट का महत्व समझें और 6 मई को मतदान अवश्य करें। जैसी महत्वपूर्ण जानकारी शासकीय महाविद्यालय बगडोना के छात्र, छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा 15 अप्रैल को देकर मतदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही छात्र-छात्राओं ने अपने घरों के आसपास निवास करने वाले मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित करने आग्रह किया। खास बात यह है कि सोमवार को कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा का समापन हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ. प्रमिला वाधवा, डॉ. अजय कुमार चौबे, वीपी रोहितास, डॉ. शोभना जैनद्वारा प्रत्येक परीक्षार्थियों को अपने आसपास के 10-10 घरों के लोगों को मतदान करने प्रेरित किया। इस अवसरपर मुकेश पंडोले, विरेंद्र चौरे, डॉ. गेंदलाल विश्वकर्मा, विनोद अड़लक, सहदेव सूर्यवंशी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## 18 वर्ष आयु के नए वोटर्स को मतदान के लिए प्रेरित किया



**बैतूल जेएचई न्यूज़, बैतूल।** मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल तरुण कुमार पिथोड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला नोडल अधिकारी स्वीप प्लान एम.एल त्यागी जिला पंचायत बैतूल के आदेशानुसार प्राचार्य डॉ. केआर मगरदे, नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में डॉ. कमलेश अहिरवार प्राणी शास्त्र के द्वारा 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया और मतदान कैसे करें प्रक्रिया को समझाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रमाकांत जोशी, प्रो. अर्चना सोनारे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. अर्चना मेहता, प्रो. मुकुंद चंदेल, डॉ. प्रगति डोंगरे, डॉ. निहारिका भावसार, प्रो. प्रीति नावंगे, प्रो. राजकुमार चौकीकर, मुकेश करोले का सक्रिय सहयोग रहा।

## शास. महाविद्यालय मुलताई में विद्यार्थियों को शपथ दिलाकर मतदान का बताया महत्व



**मुलताई।** नगर के शासकीय महाविद्यालय मुलताई में मंगलवार को स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिये शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपने मत का सही एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग करना चाहिए। तथा ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति सभी नागरिकों को जागरूक करने के लिए समझाइश दी ताकि नगर में शत प्रतिशत मतदान हो सके। इस अवसर पर जिला स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी एमएल राउत, बीआर बारस्कर, तारा बारस्कर, मदन ठाकरे, प्रियंका गोले सहित महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

समाचार हॉक्सर पाक्षिक
सत्यमेव जयते

तमसो माँ ज्योतिर्गमय
Jh.E-news

चुनाव पत्रिका-03

स्वीप प्लान 2019 | लोकसभा निर्वाचन 2019 | निर्वाचन साक्षरता क्लब

वर्ष-8 अंक-26 बैतूल, बुधवार 24 अप्रैल 2019 

# 'लोकतंत्र के लिए दीपदान' कार्यक्रम में हजारों दीप जलाकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया

## कलेक्टर तरूण पिथोड़े एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ एमएल त्यागी ने दीप जलाकर की शुरुआत





**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को लोकतंत्र के लिए दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत समूचे जिले में विभिन्न स्थानों पर दीप जलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

जिला मुख्यालय पर स्थानीय ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण कुमार पिथोड़े एवं सीईओ जिला पंचायत व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उपस्थित हजारों महिला-पुरूषों ने आकर्षक रूप से दीप जलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर रंगोली बनाकर भी साज-सज्जा की गई थी।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ-साथ कलेक्टर श्री तरूण कुमार पिथोड़े द्वारा उपस्थित जन समुदाय को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान सामाजिक न्याय विभाग के कलापथक दल द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित गीत भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सुमन कुमार पिल्लई, महिला सशक्तिकरण अधिकारी श्री राधेश्याम वर्मा, प्राचार्य पॉलिटेक्निक श्री अरूण कुमार भदौरिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री प्रियंका सिंह, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्री विवेक तिवारी, डॉ. सुखदेव डोंगरे जेएच कॉलेज बैतूल सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

# शार्ट फिल्म संकल्प रिलीज व चुनाव पत्रिका का हुआ विमोचन

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जिला नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एमएल त्यागी द्वारा जिला पंचायत सभागृह में कोर कमेटी की बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव 2019 पर आधारित चुनाव पत्रिका के द्वितीय अंक एवं शार्ट फिल्म संकल्प का विमोचन किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे ने बताया कि पत्रिका का संपादन डॉ.रमाकांत जोशी ने किया है।

श्री त्यागी ने कहा कि पत्रिका में जिले भर में चलाई जा रही मतदाता जागरूकता हेतु गतिविधियों को अच्छे ढंग से संग्रहित किया है। श्री त्यागी ने पत्रिका की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। शार्ट फिल्म संकल्प को बैतूल रेल्वे स्टेशन पर फिल्माया गया है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी महाविद्यालय डॉ.सुखदेव डोंगरे, सहायक नोडल अधिकारी विवेक तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी एलएन सुनारिया, प्राचार्य डॉ. मलखान सिंह चौहान, प्राचार्य पॉलिटेक्निक श्री भदौरिया, महिला बाल विकास अधिकारी राधेश्याम वर्मा, उद्यानिकी उपसंचालक डॉ.आशा उपवंशी वासेवार, डॉ. श्रुति गौर, डॉ. गोपाल साहू, कमलेश भूमरकर, आईटीआई प्राचार्य बीआर तांडेकर, डॉ.लोकेश नरवरे, क्रीड़ा अधिकारी श्री देवकते आदि मौजूद थे।



# स्वीप प्लान के प्रचार प्रसार में आई गतिशीलता

**संपादकीय**
**डॉ. रमाकांत जोशी**

बैतूल। मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार बैतूल जिले में कलेक्टर तरूण कुमार पिथोड़ेएवं स्वीप प्लान के जिले के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.एल. त्यागी के मार्गदर्शन में जिला सहायक नोडल अधिकारी, जेएच कॉलेज प्रचार्य डॉ. खेमराज मगरदे एवं सहायक नोडल अधिकारी विवेक तिवारी एवं महाविद्यालयीन जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा जेएच कॉलेज एवं जिले के समस्त महाविद्यालयों में चलाये जा रहे सतत् मतदाता जागरूकता अभियान के परिणाम सामने आने लगे एवं जागरूकता के इस महा अभियान में अभुतपूर्व तेजी आ गई है। पूरे जिले में नये नये इवेंट हो रहे हैं। अभियान में सामाजिक संगठन भी भाग लीकर इसे जनोन्मुखी बनाने में अच्छा योगदान दे रहा है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्रा भी शार्ट फिल्म शपथ और संकल्प, नुक्कड़ नाटक, लोकतंत्र की दीवार, लोकतंत्र की कुटिया, रेलवे स्टोन पर जागरूकता, लोकतंत्र की मतदाता जागरूकता प्याऊ के माध्यम से नित नये आयाम इस अभियान में जोड़ रहे हैं। जिले के स्कूलों में भी जागरूकता अभियान अच्छे ढंग से संचालित हो रहा है। लोकतंत्र के इस भारत देश के महान राष्ट्रीय अवसर पर जब हमें अपने अधिकारों के प्रयोग का अवसर मिला है इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें शत प्रतिशत मतदान कर हम म.प्र. एवं जिले का गौरव बढ़ाएंगे ऐसा हमारे जिला प्रशासन स्वीप प्लान के नाडल अधिकारी एम.एल. त्यागी एवं इस अभियान में लगे हर व्यक्ति को विश्वास है इस बार मतदान का प्रतिशत निश्चित ही नया रिकार्ड स्थापित करेगा।

# दुल्हा-दुल्हन ने हमेशा साथ निभाने के साथ लिया मतदान का संकल्प



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मप्र निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर बैतूल तरूण पिथोड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल के आदेशानुसार, जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे ने पंचशील बौद्ध विहार सदर बैतूल में शीतल गुजरे व भोजराज झरबड़े के विवाह संस्कार में वर-वधु के माता-पिता की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन स्वीप प्लान अंतर्गत वर-वधु के साथ उनके रिश्तेदारों को एवं मित्रों को 6 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और शपथ दिलवाई गई। वर-वधु ने साथ निभाने के साथ हमेशा मतदान करने का संकल्प लिया। बारात में आए सभी बारातियों को यह नवाचार बहुत अ%छा लगा और उन्होंने इसकी सराहना की। इस अवसर पर गणेश गुजरे, शिवशंकर झरबड़े, प्रो.मर्सकोले, प्रो.युगल सरले, प्रो.मनोज घोरसे, भागरती डोंगरे, डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ.एसके कास्दे, प्रो.मुकुंद चंदेल, डॉ.आभा वर्मा, प्रो.भावना झोड़, प्रो.राकेश तिवारी, डॉ.साहेगराव झरबड़े, डॉ.जीपी साहू, डॉ.मीनाक्षी चौबे, मंजुषा काले, डॉ.एकता निरापुरे आदि मौजूद थे।

# अशोका बौद्ध विहार कालापाठा में मतदान का लिया संकल्प



**जेएचई न्यूज बैतूल।** अशोका बौद्ध विहार कालापाठा बैतूल में भारतीय प्रजातंत्र के महापर्व मतदान दिवस के अंतर्गत प्रो.मुकुंद चंदेल द्वारा जेएच कॉलेज बैतूल के प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ. रमाकान्त जोशी की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता और अनिवार्य मतदान की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर शैषराव भालेकर, राखी भालेकर, अमित झोड़, ज्योति झोड़, मालती चंदेल, पूनम चंदेल, प्रीति चंदेल, मीरा सूर्यवंशी, साक्षी बेले, अर्पिता खादीकर, कमला आंवलेकर, कमला आथनकर, लक्ष्मी पाटिल, गीता नागले, वैशाली पाटिल, सुनिता गायकवाड़, भाउराव पाटिल, राजेन्द्र गायकवाड़, विक्रम चंदेल, जादोराव सूर्यवंशी, दीपक आवलकर, स्वाति जावलकर, शंकरलाल जावलकर, शांति जावलकर, सुनील सुनारिया, अर्पणा सुनारिया, रवि सुनारिया, नीलू रघुवंशी, पुष्पा मालवी, लिखिराम मालवीय ने शपथ लेकर मतदान का संकल्प लिया।

# 6 मई को मतदान कर इस दिन का बनाएं त्यौहार जैसा



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के यूथ सैनिकों एवं स्टॉफ द्वारा स्वीप प्लान अंतर्गत ग्राम पीपरी पहुंचकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रदीप पंद्राम ने ग्रामीणों से 6 मई को मतदान कर इसे त्यौहार के रूप में मनाने का आग्रह किया। नोडल अधिकारी प्रो.राजेश शेषकर ने बिना किसी लालच या भेदभाव के मतदान करने की बात कही।

डॉ.विरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि हम और आप की जागरूकता ही लोकतंत्र की सच्ची पहचान है। स्वीप प्रभारी डॉ.अजय चौबे ने कहा कि कॉलेज के यूथ सैनिकों की मदद से जन-जन को जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए दृढ संकल्पित हैं। इस मौके पर पीयूष राठौर, रामभगत यादव, यूथ सैनिक विकास धुर्वे, प्रीति वरकड़े बबीता यादव, रविना बारसे, एनएसएस के स्वयंसेवकों सहित कॉलेज प्रबंधन मौजूद था।

# मेहंदी और चित्रकला से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश






**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में मेंहदी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजित की गई।

प्रतियोगिता की संयोजक डॉ.अल्का पांडे ने बताया कि मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम पूजा पंवार, द्वितीय नेहा लोखंडे, तृतीय चंद्रकला हजारे ने प्राप्त किया और निर्णायक की भूमिका में प्रो.विजेता चौबे, प्रो.अनिता सोनी और प्रो.मिनाक्षी चौबे रहे। नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम नवनीता सोनी, द्वितीय पूजा पंवार, तृतीय स्थान मोरश्वरी ओंमकार ने प्राप्त किया और प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ.मीना डोनीवाल, प्रो.बीआर खातरकर और प्रो.कमलेश अहिरवार रहे। प्रतियोगित के आयोजन में ममता राजपूत, प्रीति नावंगे, दीपक साहू, कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, दिव्यांग कैम्पस एम्बेसडर अकलेश पंवार का सराहनीय योगदान रहा।

# चुनावी पाठशाला संपन्न में स्वयंसेवकों को बताया मतदान के लिए समाज के सभी वर्ग को जोड़ें

## जेएच कॉलेज में प्राचार्य के मार्गदर्शन में चुनावी पाठशाला संपन्न



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए मप्र निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण पिथोड़े व जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेशानुसार जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में चुनावी पाठशाला सपन्न हुई।

इस मौके पर चुनावी पाठशाला में डॉ.एमके मेहता द्वारा स्वयंसेवकों को बैतूल जिले में शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए पूरे प्रयास करने की बात कही। डॉ.अर्चना मेहता ने कहा कि आप चौपाल, बाजार, दुकानों में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। डॉ.महेन्द्र पाटिल ने लड़कियों को आव्हान किया कि वे विशेष रूप से महिलाओं, गर्भवती महिलाओं को मतदान के महत्व से परिचत करवाएं। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने स्वयंसेवकों को बताया कि युवा, वृद्धजनों, प्रौढ सभी वर्गो को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराएं और मतदान के लिए प्रेरित करें।

डॉ.एलएल राउत ने स्वयंसेवकों से कहा कि वे नि:शक्त जनों से मिलें और उन्हें बताएं कि मतदान करना बहुत सरल है और उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन राजेश झाड़े व प्रो.पूजा आर्य ने व आभार प्रो.हेमंत वर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रो.अर्चना सोनारे, शैलेन्द्र वाईकर, किसन कडु का सराहनीय योगदान रहा।

# जल संरक्षण पर कार्यशाला में दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

## ग्लोबल वार्मिंग पर जेएच कॉलेज में कार्यशाला संपन्न

**जेएच ई न्यूज बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में बायोटेक्नोलॉजी विभाग में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन विषय पर पूर्व प्राचार्य प्रो.उषा द्विवेदी, बायोटेक्नॉलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.रमाकांत जोशी की उपस्थिति में और जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे की अध्यक्षता में कार्यशाला संपन्न हुई। इस मौके पर प्रो.उषा द्विवेदी ने कहा कि मौसम परिवर्तन ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो रहा है। जिसकी जिम्मेदार मनुष्य जाती है जो अपने क्षणिक स्वार्थ के लिए प्रकृति से छेड़छाड और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर भविष्य को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा पानी की अहमियत समझे और इसे व्यर्थ न बहाए और लोगों को भी जल की बचत के लिए प्रेरित करे औरछोटी-छोटी नदियों पर बोरी बंधान करें। प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे ने कहा कि ट्यूबवेल को रिचार्ज किया जाना चाहिए। उन्होने पानी के सदुपयोग की बात कही साथ ही सभी विद्यार्थियों से लोकसभा निर्वाचन 6 मई को मतदान करने का आव्हान किया। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि नदी के दोनो किनारों पर पेड़ लगाकर पुर्नजीवित करें। जिस धरती पर घने पेड़ होते हैं वहां पानी कभी कम नहीं होता है। किचन एवं नहाने कपड़े धोने के पानी को भी सोख्ता गड्ढे में जाने देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ.निहारिका भावसार ने व आभार डॉ.रमाकांत जोशी ने व्यक्त किया।



# लोकतंत्र की दीवार दे रही मतदाता जागरूकता का संदेश

## जेएच कॉलेज में बनाई गई लोकतंत्र की दीवार जिले के हर महाविद्यालय में बनाकर दिया जाएगा मतदान जागरूकता का संदेश

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल के आदेशानुसार जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे, संयोजक डॉ.जीपी साहू, प्रगति डोंगरे द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2019 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकतंत्र की दीवार बनाई गई।

इस मौके पर प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे ने कहा कि दीवार पर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता से संबंधित




गतिविधियों को लगाया जाएगा। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि जिले के सभी महाविद्यालयों में लोकतंत्र की दीवार स्थापित की जा रही है।

जेएच कॉलेज में दीवार बनाने में डॉ.कमलेश अहिरवार, डॉ. रमाकान्त जोशी, प्रो.सलील दुबे, अमित अहिरवार, ललित तायवाड़े, दिपाली पांडे, अनुराधा यादव, सोनू कुशवाह, अमित आर्य, एलपी साहू, अखलेश पंवार, मनोज बामने, ज्योति भिलाला, मो.अनवर कुरैशी, प्रकाश बंजारे, डॉ.अल्का पांडे, अमरदीप भालेकर का सराहनीय योगदान रहा।

# महावीर जयंती पर जैन समुदाय ने ली मतदान करने की ली शपथ



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** महावीर जयंती पर भगवान महावीर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस मौके पर जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के नेतृत्व में द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2019 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रो.महेन्द्र सलामे, डॉ.शिवदयाल साहू द्वारा जैन समाज के लोगों को मतदान की शपथ दिलवाई। इस मौके पर राजेश जैन ने कहा कि जिस तरह महावीर जयंती हमारी आस्था से जुड़ा धार्मिक पर्व है उसी तरह मतदान हमारा राष्ट्रीय पर्व है। इस अवसर पर विनोद जैन, मनोज जैन, सुभाष जैन, राजेश जैन, राकेश जैन, निलेश मालवीय, नितेश जैन, धीरज जैन, राजेश जैन, अमित जैन, अखलेश जैन विनीत जैन, माणिकचंद जैन आदि मौजूद थे।

# घर के लिए बुजुर्ग और राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान बेहद जरूरी

**जेएच ई न्यूज बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ.उषा तिवारी एवं प्रदीप पंद्राम के मार्गदर्शन में ग्राम बेहड़ीढ़ाना के बूथ सैनिकों के साथ मिलकर ग्राम में घर-घर जाकर बूजुर्ग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रदीप पंद्राम ने बूजुर्गों को समझाया कि जिस प्रकार परिवार के कुशल संचालन में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है उसी प्रकार हमारे देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान की होती है। इसके पश्चात डॉ.उषा तिवारी ने बूजुर्ग, धात्री महिलाओं, गर्भवती महिलाओ और विकलांगों को मतदान दिवस पर दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर पीयुष राठौर, राम भगत यादव, छात्रा एम्बेसडर पिंकी धुर्वे, बूथ सैनिक आदर्श राजपूत, मीरा इवने, दिलीप राठौर, शीतल राठौर, नम्रता धुर्वे, संतोषी उबनारे आदि मौजूद थे।



# कार्यशाला में बताया कैसे बढ़ाया जा सकता है मतदान का प्रतिशत

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल के निर्देशन में और जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार व नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में एनसीसी के 250 विद्यार्थियों को लोकसभा निर्वाचन विद्यार्थियों को लोकसभा निर्वाचन 6 मई 2019 को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कार्यशाला संपन्न हुई। इस मौके पर डॉ.कमलेश अहिरवार ने बूथ सैनिकों को



उनके कार्य से अवगत कराते हुए कहा कि एनसीसी के विद्यार्थीयों जिस गांव व नगर में रहते हैं घर-घर जाकर मतदान के लिए घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें और बूथ सैनिक किसी भी राजनैतिक पार्टी के विषय में चर्चा नहीं करेगी एवं सिर्फ निष्पक्ष होकर बिना जाति, धर्म, भाषा, भेदभाव के मतदान के लिए प्रेरित करेगी। अंत में आभार डॉ.रमाकांत जोशी ने व्यक्त किया। इस कार्यशाला के संचालन में डॉ. बीडी नागले, सुशील मोही, नितेश सूर्यवंशी, विनय राठौर, प्रो.कल्पना बारस्कर, प्रो.मीना दुर्गा, मुकेश करोले, नीरज ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

# मतदान की तारीख 6 मई सभी के कर्तव्य के पालन का दिन: डॉ.चौबे



**जेएचई न्यूज़, बैतूल।** पंडित द्वारिकादास विज्ञान महाविद्यालय आठनेर में जीव-विज्ञान तथा बायोटेक्नोलॉजी की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान बायो टेक्नोलॉजी के बाह्य परीक्षक व स्वीप प्रभारी शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी डॉ.अजय कुमार चौबे ने प्रायोगिक परीक्षा लेने के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को मतदान जागरूकता संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी जागरूकता का परिचय दे और गांव, नगर, मोहल्ले में अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करे। डॉ.अजय कुमार चौबे ने कहा कि जिस तरह प्रशासन आपको मतदान के महत्व से अवगत कराता है वह थ्यौरी है और आपके द्वारा मतदान करना प्रेक्टिकल की तरह है। आपको अपने सिलेबस में थ्यौरी और प्रेक्टिकल दोनों में अच्छा प्रदर्शन करना होता है तभी सफलता मिलती है। उसी तरह यह समझ लीजिए कि 6 मई को आपके कर्तव्य का प्रेक्टिकल है जिसमें आपको शतप्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अनिता मिश्रा ने उपस्थित छात्र - छात्राओं को शासन द्वारा बुजुर्गों, गर्भवती/धात्री महिलाओ तथा दिव्यांग जनों को मतदान केंद्र पर दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक आनंद राठौर एवं स्टाफ आईपी सोलंकी, सतीश लोखंडे, चरण निरापुरे सहित कॉलेज प्रबंधन मौजूद था।

# निबंध प्रतियोगिता में दिया मतदाता जागरूकता पर जोर

**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2019 मतदाता जागरूकता विषय पर महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।



प्रतियोगिता में प्रथम स्थान करिश्मा नागले, द्वितीय कीर्ति धाकड़े, तृतीय दिव्या नार्दुरकर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता का संयोजक प्रो.राजेश शेषकर, स्वीप प्लान नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.जीपी साहू, डॉ.कमलेश अहिरवार, डॉ.विनय राठौड़ आदि मौजूद थे। प्रतियोगिता के आयोजन में कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, दिव्यांग कैंपस एम्बेसडर अकलेश पंवार सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

# निमंत्रण पत्र देकर कहा मतदान जरूर करें



**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जेएच कॉलेज बैतूल में नवाचार अपनाते हुए विद्यार्थियों को निमंत्रण पत्र देकर मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे ने कहा कि विद्यार्थी इस निमंत्रण पत्र को अपने रिश्तेदारों, परिचितों और ईष्टमित्रों तक श्रंखलाबद्ध रूप से पहुंचाकर इस अभियान को व्यापक रूप दें।

नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे द्वारा लोकतंत्र की सफलता के लिए मतदान जरूरी बताया और सभी से मतदान की अपील की है। इस अवसर पर डॉ.मीना डोलीवाल, प्रो.मीनाक्षी चौबे, डॉ.पुष्पारानी आर्य, नीलिमा पीटर मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो.जगेन्द्र धोटे, राहुल सिंह ठाकुर, स्वाति लोखंडे, योगेश्वरी सावनेर का सराहनीय योगदान रहा।

# संकल्प पत्र का मान रखना: मतदाता जागरूकता, 4876 संकल्प पत्र भरवाए

## लोकतंत्र की कुटिया के समक्ष दिलाया संकल्प



**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में 6 मई 2019 को लोकसभा निर्वाचन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मप्र निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल एमएल त्यागी के निर्देशन में जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे एवं नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में संयोजक अनिता सोनी ने 4876 विद्यार्थियों से मतदान करने के लिए संकल्प पत्र भरवाए। डॉ. केआर मगरदे ने कहा कि विद्यार्थियों में मतदान के प्रति उत्साह दिख रहा है। उन्होंने संकल्प पत्र भरने वाले विद्यार्थियों से कहा कि यह संकल्प पत्र भर कर आपकी जिम्मेदारी पूरी नहीं होती है आपको मतदान करना है और अपने साथियों को प्रेरित करना है।

डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि संकल्प करने से कार्य सिद्ध होता है और आपको इस संकल्प का मान रखना होगा। संकल्प पत्र भरवाने में डॉ.विजेता चौबे, डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ.कमलेश अहिरवार, राजेश शेषकर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# जेएच कॉलेज में मतदाता जागरूकता प्याऊ का शुभारंभ

**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में लोकसभा निर्वाचन 2019 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बैतल तरूण कुमार पिथोडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल त्यागी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता प्याऊ का शुभारंभ पूर्व प्राचार्य सुश्री उषा द्विवेदी, प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे, नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे, संयोजक डॉ.मीना डोनीवाल, डॉ.रमाकांत जोशी, प्रो.अर्चना सोनारे, प्रो.निहारिका भावसार, डॉ.रश्मि अग्रवाल, दिव्यांग कैम्पस एम्बेसडर




अखिलेश पंवार, गुड्डु पाटिल, वैद्यराज आदि मौजूद थे। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य उषा द्विवेदी ने कहा कि जीवन के लिए पानी और राष्ट्र के लिए मतदान जरूरी है। डॉ.केआर मगरदे ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मतदान जरूर करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

संयोजिका डॉ.मीना डोनीवाल ने कहा कि ठंडा पानी पीजिए मतदान जरूर किजीए। डॉ.एसडी डोंगरे ने कहा कि सभी कॉलेजों में मतदाता प्याऊ बनाना जरूरी है उन्होने जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं से ऐसे प्याऊ की स्थापना का आव्हान किया।

## जन-जन को प्रेरित करने का कार्य कर रहें हैं

# शत प्रतिशत मतदान ही हमारी सच्ची कामयाबी होगी

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के छात्र-छात्राओं ने मतदान जागरूकता अभियान को गति देते हुए संकल्प लिया की 6 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान ही हमारी सच्ची कामयाबी होगी। छात्र प्रभु उइके ने बताया कि हम बूथ सैनिक अपने-अपने गांव में सहयोगियों के साथ इस महोत्सव में मतदान की आहूति देने के लिए जन-जन को प्रेरित करने का कार्य कर रहें हैं। इस मौके पर जिले के नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे ने छात्र-छात्राओं को देशहित में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आगे आने का आव्हान किया। स्वीप प्रभारी डॉ.अजय कुमार चौबे ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु बूथ सैनिक लगातार नवाचार कर रही है और हम अपने कसद में जरूर कामयाब होंगे। डॉ.शेषराव गायकवाड़ ने भी छात्रों से लोगों को समझाइश देने की अपील की। इस मौके पर डॉ.बीडी नागले, डॉ.कमलेश अहिरवार, प्रो. राजेश शेषकर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# कैम्पस एंबेसेडरों की बैठक सह कार्यशाला आयोजित

## बैतूल शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्वीप गतिविधियां

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत सोमवार 22 अप्रैल को जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी की अध्यक्षता में कैम्पस एंबेसेडरों की बैठक सह कार्यशाला जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षक एवं कैम्पस एंबेसेडर उपस्थित रहे।

बैठक में मतदाता जागरूकता हेतु तैयार किए वीडियो, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी द्वारा मतदाताओं से मतदान करने हेतु की गई अपील के वीडियो प्रदर्शित किए गए।

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोसमी बैतूल द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में डोर-टू-डोर संपर्क के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने संबंधी तैयार की गई फाइल प्रस्तुत की गई।

जिसमें 7000 से अधिक मतदाताओं के हस्ताक्षर एवं मोबाइल नंबर अंकित है। इस दौरान कैम्पस एंबेसेडरों ने मतदाता जागरूकता में किए गए कार्यों का अनुभव साझा किए।



जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी द्वारा 23 अप्रैल को लोकतंत्र के लिए दीपदान मेगा गतिविधि को जिला स्तर, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही 29 अप्रैल को दो पल मतदान के लिए मेगा गतिविधि जिसमें आकाशवाणी केन्द्र बैतूल द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की मतदान के लिए शपथ का सजीव प्रसारण किया जाएगा, में समस्त संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

# तिलक समारोह के बाद बोला वर, अबकी बार सपत्नी डालेंगे वोट

**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** खेड़ी सांवलीगढ निवासी सागर शिवनकर का तिलक समारोह आयोजित हुआ और सागर का विवाह अमदर निवासी मनीषा निरापुरे से 26 अप्रैल को संपन्न किया जाएगा। इस मौके पपर सागर शिवनकर ने मतदान की शपथ लेते हुए कहा कि उनका विवाह लोकसभा मतदान से पूर्व हो जाएगा। उन्होने कहा कि वे इस बार एक साथ सपत्नी 6 मई, सोमवार को मतदान करेंगे। सागर के पिता नत्थु शिवनकर ने कहा कि हमारी बहु हमारे घर में आकर पहली बार



मतदान करेगी और उसके और हमारे लिए हमेशा यादगार क्षण होगा। नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे ने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर नत्थु शिवनकर, ताराशिवनकर, पंडित शिवनकर, दौलत शिवनकर, गेंदराव अतुलकर, भाऊराव निरापुरे, मुन्ना अतुलकर, प्रहलाद शेषकर, राजू गुजरे, नरेश गाड़गे, किशना पाटिल, हेमराज पाटिल, यशवंत पाटिल, भागवती डोंगरे, अधिवक्ता अजाबराव भूमरकर आदि मौजूद थे।

# लोकतंत्र की कुटिया में आप बैठो, ठंडा पानी पीजिए और मतदान अवश्य करो

**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर बैतूल तरूण पिथौड़े एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल और नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेशानुसार स्वीप प्लान 2019 मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जेएच कालेज में लोकतंत्री की कुटिया बनाई गई जिसमें विद्यार्थियों और उनके पालकों को 6 मई, सोमवार को मतदान करने के लिए संकल्प पत्र भरवाकर शपथ दिलाई।

जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे के मार्गदर्शन में एवं नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.प्रदीप




सिंह राव ने कहा कि लोकतंत्र मजबूत करने के लिए मतदान जरूरी है। डॉ.अनिता सोनी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों को कम से कम 10 घर में पंहुचकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करे। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि लोकतंत्र की कुटिया में आप बैठो, ठंडा पानी पीजिए और मतदान अवश्य करो। प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे ने कहा कि कॉलेज में युवा छात्र है और युवा भविष्य के कर्णधार हैं इसलिए आप जागरूक बने और लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर डॉ. रमाकांत जोशी, डॉ.जीपी साहू, डॉ.ममता राजपूत, डॉ.मुकुंद चंदेल, डॉ.एचके वर्मा, छात्र सोनम पंवार, याशिका, ललिता वरकड़े, पूजा ठाकरे, ललित तायवाड़े, अखलेश पंवार, अमित अहिरवार, सोनू कुशवाह, सुरेश वरकड़े, गोविंद वरकड़े, प्रिंस राठौर, आकाश कहार, छन्नु पांसे, आनंद इवने, भिल्या बारस्कर आदि मौजूद थे।

# मतदाता की जागरूकता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है: पांडे

## कन्या महाविद्यालय में जेएच कॉलेज की छात्रा दीपाली पांडे को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**जेएच ई न्यूज बैतूल।** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को स्थानीय शासकीय कन्या महाविद्यालय में 9वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2019 को मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक केके पांडे, कलेक्टर तरूण कुमार पिथोड़े, अपर कलेक्टर शीतला पटले सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता की जागरूकता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है। लोकतंत्र को सही दिशा में संचालित करने के लिए मतदाताओं को जागरूक होना जरूरी है। मतदाता दिवस जैसे आयोजन मतदाताओं को मताधिकार की शक्ति के प्रति जागरूक




करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता अपने वोट की ताकत को समझें एवं निष्पक्ष मतदान करें। साथ ही दूसरे लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान करना हमारा कर्तव्य है और हमें अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए। मतदाता की जागरूकता से ही अच्छी सरकार बनती है। सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा उपस्थित समस्त मतदातों को मतदाता दिवस की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम को अपर कलेक्टर शीतला पटले ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार शानू देवड़िया ने जिले में मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर जेएच कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किए गए। इसके अलावा विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

# जेएच कॉलेज में निर्वाचन साक्षरता क्लब कार्यालय शुभारंभ



**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में निर्वाचन साक्षरता क्लब कार्यालय का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे द्वारा डॉ.पुष्पा रानी आर्य, प्रो.मुकुंद चंदेल, डॉ. रमाकांत जोशी, प्रो.एचके वर्मा, डॉ.धमेन्द्र कुमार, प्रो.बीआर खातरकर, नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे, प्रो.अशोक दभाड़े की उपस्थिति में किया। इस मौके पर डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि निर्वाचन में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कक्ष विकसित कर कार्यालय बनाया गया। जिसमें मतदाता जागरूकता से संबंधित सामग्री रखी गई।

निर्वाचन साक्षरता क्लब में अध्यक्ष एवं कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, महिला कैम्पस एम्बेसडर अनुसुय्या यादव, दिव्यांग कैम्पस एम्बेसडर अखिलेश पंवार, सोनू कुशवाह, अमित अहिरवार, दीक्षा साबले, अमोल नागले, भूपेन्द्र मालवीय, शुभम बड़ोदे, कुंज सरले, लकी इंगले, पियुष लोनारे, निकिता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली उकेरकर बताई वोट की ताकत

**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। संयोजक डॉ.अर्चना सोनारे ने बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ.आभा वर्मा, डॉ.भारती सेवतिया, प्रो.बबीता चौहान रहे। डॉ.दुर्गा मीना ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी यादव व माया सूर्यवंशी, द्वितीय सविता कुमरे, तृतीस रश्मि गोहिते ने प्राप्त किया। प्रो.कल्पना बारस्कर, प्रो.पूजा आर्य ने बताया कि छात्राओं ने रांगोली के माध्यम से वोट की ताकत को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत कर वोट देने की अपील की है।



# मतदान से होगा लोकतंत्र मजबूत, वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर तरूण पिथोड़े, जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल त्यागी के आदेशानुसार जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.केआर मगरदे, नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदशन में संयोजक डॉ.एकनाथ निरापुरे, प्रो. सरवरी नूर, विवेक पानकर, पूजा आर्य की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2019 स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदान का प्रतिशत बड़ाने के




लिए लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने पक्ष रखे। जिसमें प्रथम जंगल्या नागले, द्वितीय स्थान ज्योति मसतकर ने प्राप्त किया। इस मौके पर प्रो.सरवरी नूर ने नए भारत के विकास के लिए सभी 6 मई को मतदान करने का आव्हान किया। इस अवसर पर कैम्पस एम्बेसडर ललित तायवाड़े, अखिलेश पंवार, अमित अहिरवार, दीक्षा साबले, अनुराधा यादव, अमोल नागले का सराहनीय योगदान रहा।

# जेएच कालेज की शार्ट फिल्म 'शपथ' का हुआ विमोचन

**जेएच ई न्यूज़, बैतूल।** जिला पंचायत सभागृह बैतूल में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तरूण पिथोड़े के आदेशानुसार स्वीप प्लान 2019 लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बैठक आयोजित की गई। बैठक मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी द्वारा जेएच कॉलेज बैतूल द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित शार्ट फिल्म 'शपथ' का विमोचन जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे, नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, सहायक नोडल अधिकारी प्राचार्य अजाक विवेक तिवारी, प्राचार्य पोलिटेक्निक श्री भदौरिया, डॉ.जीपी साहू, डॉ.प्रदीप सिंह राव, सभी विकासखंड के जनपद पंचायत



अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य, जिले के सभी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल त्यागी ने जेएच कॉलेज प्रबंधन के इस प्रयास की सराहना की है जो कि वास्तव में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में किया गया अच्छा काम है।

डॉ.सुखदेव डोंगरे व डॉ.रमाकांत जोशी ने बताया कि फिल्म 9 मिनट की है जिसकी शुटिंग जेएच कॉलेज बैतूल में ही की गई है।

श्री भदौरिया ने कहा कि युवाओं ने अच्छा प्रयास किया है और अपनी प्रतिभा से अवगत कराया है। फिल्म में अमित अहिरवार, अमोल नागले, पियुष लोनारे, कुंज सरले, सोनू कुश्वाह, सुमित अहिरवार, शुभम बडोदे, लकी इंगले, निकिता मिश्रा, भूपेन्द्र मालवीय, अगरदीप भालेकर ने काम किया है।

# जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 में स्वीप प्लान अंतर्गत मंगलवार 23 अप्रैल को जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला स्तरीय खेलों में रस्साकशी, व्हॉलीबॉल, कबड्डी, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। समस्त विकासखण्डों से इन प्रतियोगिताओं में 350 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें महाविद्यालयों के छात्रों को भी सक्रिय सहयोग रहा।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाडियों, खेल शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया एवं विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री अमरनाथ सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एलएल सुनारिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला स्वीप नोडल अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलनाई गई। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत रस्साकशी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोड़ाडोंगरी विजेता एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आठनेर की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिचोली विजेता एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई की टीम उपविजेता रही।

महाविद्यालयीन स्तर पर बालिका वर्ग में शासकीय महाविद्यालय मुलताई विजेता एवं शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही की टीम उपविजेता रही। व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमपुर विजेता एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आठनेर की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल विजेता एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोड़ाडोंगरी की टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिचोली विजेता एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोड़ाडोंगरी की टीम उपविजेता रही।

# देश में मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता जागरूकता जरूरी



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** सोमवार को शासकीय उमावि गंज बैतूल में जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का विषय था मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता जागरूकता जरूरी। जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी महेश गुंजेले ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वाद विवाद प्रतियोगिता सहायक आयुक्त अमरनाथ सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी एलएल सोनारिया एवं शासकीय कन्या उमावि बैतूल गंज की प्राचार्य इंदु बनाते के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। अपना पक्ष रखते हुए कल्पना नागले जेएच कॉलेज ने कहा कि अगर हमें मजबूत लोकतंत्र बनाना है तो हमें जाति विहिन समाज का निर्माण करना होगा। ज्योति मसतकर ने विपक्ष में कहा उम्मीदवार प्रलोभन एवं डर दिखाकर वोटर को लुभाते हैं। सभ्यता उबनारे शासकीय मॉडल स्कूल साईपुर ने कहा कि हमें शिक्षित, नैतिकवान तथा समानता का भाव रखने वाले जनप्रतिनिधि चुनने चाहिए।

## सार्वजनिक स्थानों पर मतदान के लिए दिलाया संकल्प




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर बैतूल तरूण पिथौड़े एवं जिला पंचायत अधिकारी और जिला नोडल अधिकारी एमएल त्यागी के आदेश के परिपालन में कॉलेज प्राचार्य डॉ.खेमराज मगरदे, नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में धार्मिक स्थल, चौक चौराहों, रेल्वे स्टेशन एवं सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रो.सलील दुबे, प्रो.प्रीति नावंगे, डॉ.जीपी साहू ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों ललिता तायवाड़े, अखलेश पंवार, मनोज बामने, अमरदीप भालेकर द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए संकल्प पत्र भरवाए। प्रो.सलील दुबे द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों में मतदान के लिए शपथ दिलवाई और उपस्थित लोगों को अवगत कराया कि आपके वोट से लोकतंत्र मजबूत होगा।

प्रीति नावंगे ने कहा कि 6 मई को अपने रिश्तेदारों, परिजनों और इष्टमित्रों के साथ मतदान करें। कार्य म में सुनील जोशे, बंटी भार्गव, अक्षय वर्मा, महेन्द्र नावंगे, मुन्ना भाई आदि मौजूद थे।

## बाबा साहब का चिंतन संपूर्ण मानव जाति के लिए हितकर




**बैतूल।** डॉ.भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला में संविधान बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्य म का प्रारंभ बाबासाहेब के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पहार से शुरू किया गया। इस दौरान कार्य म डॉ.अजय ... प्रो.जीआर डोंगरे ने बाबासाहेब के जीवनदर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब का चिंतन संपूर्ण मानव जाति के लिए हितकर रहेगा। विशेषकर सामाजिक न्याय, महिलाओं के सामाजिक एवं धार्मिक अधिकार तथा समाज में प्रतिनिधित्व के लिए उनके द्वारा जो कार्य किए है वह न सिर्फ भारत के बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए अनुकरणीय है। कार्य म के मुख्य अतिथि प्रो.जे उईके ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ.अंबेडकर का संपूर्ण जीवन एवं कृतित्व सदैव मानव समाज के लिए अनुकरणीय रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की विद्यार्थी कुमारी किरण, विभा तायडे, संध्या, पूजा, राजकुमार धुर्वे, विजय कुमरे, शेरसिंह उइके, भावना आदि ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्य म में महाविद्यालय के मुख्य लिपिक जीआर झोड, लेखापाल उत्तम वाईकर, रवि मटकर, क्रीड़ा अधिकारी मनोज नागले, अतिथि विद्वान आशीष सोनी, शिक्षिका देविका देशमुख, दीपक काले, इजरी मरकाम, रासेयो की महिला इकाई दल नायक कुमारी शिखा झाड़े, पुरुष इकाई के दल नायक श्यामलाल यादव, अमित साहू, छोटेलाल बामने, विनोद इरपाचे, जंगल्या नागले, शिवानी सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्य म का सफल संचालन अजय सावरकर ने किया।

# जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत शनिवार 20 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल गंज में जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली बनाई।

स्थानीय बस स्टैंड पर बस ऑपरेटर एसोसिएशन के सदस्यों को मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु समझाईश दी गई तथा उन्हें शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी, सहायक नोडल अधिकारी श्री विवेक तिवारी, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल श्री अरूण सिंह भदौरिया, जिला



परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना कुशवाह भदौरिया, बस ऑपरेटर एसोसिएशन के पदाधिकारी, समस्त बस ऑपरेटर, कर्मचारी तथा यात्रीगण मौजूद थे। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना कुशवाह भदौरिया ने उपस्थित बस ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारी, सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों से मतदान करने एवं मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु सहयोग का आग्रह किया।

इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी श्री एमएल त्यागी ने उपस्थित नागरिकों, बस ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन 2019 को देश का महात्यौहार के रूप में मना रहा है।

अपने मत का प्रयोग कर हम सभी नागरिकों को भी लोकसभा निर्वाचन 2019 को महात्यौहार के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी भारत देश के नागरिक होने का फर्ज निभाएं एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी समाज, जाति, वर्ग, धर्म, महिला, युवा, बुजुर्ग, दिव्यांगजन निर्भय होकर, बिना किसी भेदभाव एवं बिना किसी लालच के शत्-प्रतिशत् मतदान करें। उन्होंने जिले के सभी बस स्टैंडों, बसों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया।

# भीमपुर कॉलेज में विद्यार्थियों को बताया वोट का महत्व

**भीमपुर।** शासकीय महाविद्यालय भीमपुर में महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में चुनावी पाठशाला संपन्न हुई।

इस मौके पर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने छात्र-छात्राओं को वोट की अहमियत से अवगत कराते हुए कहा कि आप सोचते है कि आपका वोट सिर्फ एक वोट है परन्तु आपका एक वोट राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। डॉ. डोंगरे ने कहा कि आप युवा हैं आप स्वयं मतदान करें और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर डॉ.कमलेश अहिरवार, डॉ. बीडी नागले, प्रो.शेषराव गायकवाड़, डॉ. भोलूसिंग मर्सकोले, प्रो. युगलकिशोर सरले, प्रो. प्रीति मालवीय, दीपक उइके सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



# महिला मतदाताओं को दिलाई शपथ, किया जागरूक



**भीमपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2019 में महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ाने केलिए लीगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालयमें महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. शेषराव गायकवाड़, प्राचार्य कृष्णा खासदेव एवं प्रोफेसर व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# संविधान के कारण लोकतंत्र मजबूत

**बैतूल।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति [illegible] संगठन के तत्वावधान में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास बैतूल में डॉ.सुखदेव डोंगरे, एसडीओ श्री [illegible] डोंगरे, राजेश दीक्षित, छात्रावास अधीक्षक सुरेन्द्र कनाठे, [illegible] मालेकर की उपस्थिति में बाबा साहेब जयंती मनाई गई। इस मौके पर सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना कर लोक कल्याण की नीति व लोकतंत्र को मजबूत किया। राजेश दीक्षित ने कहा कि आज भारत में संविधान के कारण लोकतंत्र मजबूत है। कार्य म का प्रारंभ में बुद्ध वंदना, पंचशील का सामूहिक पाठ किया गया। मंच संचालन अमरदीप



भालेकर ने व आभार छात्रावास अधीक्षक सुरेन्द्र कनाठे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में रवि नागले, अमोल नागले, राजेश सरियाम, महादेव सेलुकर, बबलु धुर्वे, अर्जुन उईके, गणेश उइके, मंगल सोने, नवीन पंडेले, शिवनाथ नागले, देवनाथ बिसोने आदि मौजूद थे।